# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 08 अगस्त 2023 | वर्ष – 67 | अंक – 274 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00



■ क्या मोदी राहुल को ...
■ अविश्वास प्रस्ताव... 04

■ चीन का फिलीपीन से पंगा, समुद्र में वॉटर...
■ इमरान की गिरफ्तारी पाकिस्तान का... 09

■ महंगे टमाटर की मार शाकाहारियों पर जुलाई...
■ बढ़त के साथ बंद हुए शेयर बाजार 11

■ अंपायर से उलझना पड़ा...
■ आईसीसी ने निकोलस... 10


# मणिपुर हिंसाः सुको ने जांच हेतु बनाई कमेटी, हाईकोर्ट की तीन पूर्व जज शामिल

## पूर्व जजों की कमेटी सीबीआई और पुलिस जांच से अलग मामलों को देखेगी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने हिंसा मामले से जुड़े मुद्दों की पड़ताल और मानवीय सुविधाओं के लिए हाईकोर्ट की तीन पूर्व जजों की कमेटी बनाई है।

ये कमेटी सीबीआई और पुलिस जांच से अलग मामलों को देखेगी। ये समिति महिलाओं से जुड़े अपराधों और अन्य मानवीय मामलों व सुविधा की निगरानी करेंगी।

**तीन सदस्यीय कमेटी में ये होंगी शामिल**–जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस पद से रिटायर जस्टिस गीता मित्तल, जस्टिस आशा मेनन और जस्टिस शालिनी पनसाकर जोशी की तीन सदस्यीय न्यायिक जांच कमेटी सुप्रीम कोर्ट ने बनाई।

सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि–हम जमीनी स्थिति को समझने की कोशिश कर रहे हैं। हम सभी शांति की बहाली चाहते हैं। कोई भी छोटी चूक बहुत गहरा असर डाल सकती है। वृंदा ग्रोवर ने कहा कि– इन मामलों के अलावा अब तक जिन मामलों में अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया उनमें भी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।



**सीबीआई जांच की निगरानी करेंगे आईपीएस अफसर**

**दो हिस्सों में बंटे कार्रवाई और कार्यवाही**–वहीं, इंदिरा जयसिंह ने कहा कि हमें दो हिस्सों में कार्रवाई और कार्यवाही को बांट लेना चाहिए। अव्वल तो जो अपराध हुए हैं उनकी उचित जांच और दूसरा भविष्य में ऐसा कुछ न हो इसके लिए एहतियाती उपाय किए जाएं। जांच के लिए कोर्ट रिटायर्ड जज की अगुआई में आयोग बनाए या फिर अपनी निगरानी में जांच कराए। सभी हरसंभव संसाधनों और स्रोतों का इस्तेमाल करें।

स्थानीय लोग, सक्षम नागरिक संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता यानी एक्टिविस्ट, पीड़ित लोगों में से कुछ को इसमें शामिल किया जा सकता है। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# पंजाब के किसानों को पीछे छोड़ेंगे नीमच के किसान : शिवराज



- 1208 करोड़ की रामपुरा मनासा वृहद सूक्ष्म दाब युक्त सिंचाई परियोजना के भूमिपूजन सहित विभिन्न शिलान्यास और लोकार्पण
- 3500 करोड़ की लागत की नीमच-जावद सिंचाई योजना जल्द शुरू होगी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नीमच जिले में गांधी सागर बांध और अन्य साधनों से हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाएंगे। यहां के किसान पंजाब के किसानों को पीछे छोड़ देंगे।

पूर्व सरकार ने गांधी सागर बांध से किसानों को पर्याप्त सिंचाई दिलवाने पर ध्यान नहीं दिया जबकि यह असंभव कार्य नहीं था। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि– उनके शब्दकोष में असंभव शब्द नहीं है। शीघ्र ही साढ़े तीन हजार करोड़ रुपए लागत की नीमच-जावद सिंचाई योजना भी प्रारंभ की जाएगी। मुख्यमंत्री आज नीमच जिले के मनासा में विकास पर्व के अंतर्गत 1208 करोड़ रुपए की रामपुरा मनासा वृहद सूक्ष्म दाब युक्त सिंचाई परियोजना के भूमि-पूजन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों के शिलान्यास और लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

1208.89 करोड की रामपुरा-मनासा माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना में गांधी सागर जलाशय के डूब क्षेत्र पर सेमली आंत्री एवं ग्राम बनडा पर दो पम्पिंग स्टेशनों का निर्माण कर, पाईप लाईन व्दारा रामपुरा, मनासा, नीमच एवं जावद तहसील ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# राहुल की सदस्यता बहाल

## कुछ ही देर बाद लोकसभा पहुंचे, आज अविश्वास प्रस्ताव पर बोलेंगे

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा में वापसी हो चुकी है। राहुल गांधी कल दोपहर 12 बजे लोकसभा में अपना संबोधन देंगे। वह मोदी सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर बोलेंगे।

बता दें कि मोदी सरनेम को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में राहुल की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने चार अगस्त को रोक लगा दी थी और सोमवार को उनकी लोकसभा सदस्यता बहाल करने के संबंध में अधिसूचना लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी कर दी गई। राहुल गांधी आज एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे लोकसभा की बैठक शुरू होने पर कार्यवाही में भाग लेने पहुंचे। संसद भवन पहुंचने के बाद राहुल गांधी ने सबसे पहले महात्मा गांधी की प्रतिमा को नमन किया और फिर लोकसभा की कार्यवाही में शामिल हुए। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में पार्टी के उप नेता प्रमोद तिवारी, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के एनके प्रेमचंद्रन और कई अन्य विपक्षी सांसदों ने संसद भवन के प्रवेश द्वार पर राहुल गांधी का स्वागत किया। विपक्षी सांसदों ने 'राहुल गांधी संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं' और 'राहुल गांधी जिंदाबाद' के नारे लगाए।



### सत्य की जीत- कांग्रेस

कांग्रेस ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होने को 'सत्य की जीत' करार देते हुए कहा कि- सरकार को अपने कुछ महीनों के शेष कार्यकाल में विपक्षी दलों को निशाना बनाने की बजाय सही मायने में शासन पर ध्यान देना चाहिए।

### विपक्षी सासंदो ने समर्थन में लगाए नारे

## सार संक्षेप

### रामशंकर कठेरिया को राहत, कोर्ट ने लगाई सजा पर रोक, सांसदी जाने का था खतरा

**आगरा, (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश में आगरा की जिला अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामशंकर कठेरिया की दो दिन पूर्व विशेष अदालत द्वारा सुनायी गयी सजा को सोमवार को निलंबित कर दिया है और उन्हे 20 हजार रुपए की जमानत राशि पर दाखिल करने के आदेश देते हुये सुनवाई की अगली तारीख 11 सितंबर मुकर्रर की है । जिला न्यायाधीश विवेक संगल ने इटावा के सांसद रामशंकर कठेरिया को राहत दे दी है। आज सुनवाई के दौरान जिला जज ने दो दिन पूर्व विशेष एमपी एमएलए अदालत द्वारा सुनाई गई सजा को निलम्बित कर दिया। सांसद रामशंकर कठेरिया को जिले की विशेष एमपी एमएलए अदालत के न्यायाधीश अर्जुन ने वर्ष 2011 के बलवा और तोड़फोड़ के मामले में पांच अगस्त को दो साल की सजा और 51 हजार का जुर्माना लगाया था। कठेरिया आगरा से दो बार सांसद रहे हैं। वे केंद्र सरकार में मंत्री और एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वर्तमान में वह इटावा के सांसद हैं। विशेष अदालत के फैसले के खिलाफ कठेरिया ने जिला जज कोर्ट में अपील दायर की।

### दिल्ली एम्स भवन में लगी आग पर पाया गया काबू

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की एक इमारत की दूसरी मंजिल पर एंडोस्कोपी कक्ष में सोमवार को आग लग गई। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और सभी लोग सुरक्षित हैं। अधिकारी ने बताया कि आग लगने के बाद सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-मणिपुर हिंसा पर काबू पाने और पीड़ितों को न्याय दिलाने देश की बड़ी अदालत ने जजों की कमेटी बनाई है।

**चुहिया- हां प्रिये**- जो काम सियासत का है वह काम अदालत को करना पड़ रहा है।

# पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने नूंह में बुलडोजर की कार्रवाई पर रोक लगाई

**चंडीगढ़, (एजेंसियां)।** पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने सोमवार को हरियाणा सरकार को नूंह जिले में चल रहे विध्वंस अभियान को रोकने का आदेश दिया। यहां पिछले सप्ताह सांप्रदायिक हिंसा हुई थी जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति जी.एस. संधावालिया की अध्यक्षता वाले उच्च न्यायालय ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया और राज्य सरकार से अगले आदेश तक बुलडोजर कार्रवाई रोकने को कहा। इस मामले पर बाद में सुनवाई की जाएगी। पिछले पांच दिनों में, स्थानीय प्रशासन ने घरों, दुकानों और अन्य संरचनाओं सहित 750 से अधिक इमारतों को ध्वस्त कर दिया है। अधिकारियों ने दावा किया कि ध्वस्त संरचनाएं सरकारी जमीन पर बनाई गई थीं और सांप्रदायिक झड़पों के दौरान संदिग्धों द्वारा इसका इस्तेमाल किया गया था। मामले में पीड़ितों की ओर से पेश वकील मोहम्मद अरशद ने आरोप लगाया कि कब्जाधारियों को बिना किसी पूर्व सूचना दिए 3 अगस्त से नूंह में विध्वंस अभियान जारी है।

**3 अगस्त से नूंह में जारी था विध्वंस अभियान**

# कांग्रेस की राज्यसभा सांसद रजनी पाटिल का निलंबन रद्द

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री और राज्यसभा सांसद रजनी पाटिल का निलंबन रद्द हो गया है। विशेषाधिकार समिति ने सोमवार (7 अगस्त) को पाटिल को राज्यसभा में बहाल करने का प्रस्ताव रखा। समिति ने रजनी पाटिल को कथित तौर पर सदन के अंदर शूट किए गए वीडियो को प्रसारित करने के लिए विशेषाधिकार के उल्लंघन का दोषी माना था। वह पिछले चार महीने से राज्य सभा से निलंबित थीं। राज्यसभा ने 10 फरवरी को राज्य सभा से कथित तौर पर वीडियो रिकॉर्डिंग करने और उसे प्रसारित करने के लिए रजनी पाटिल को शेष बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था।

# चंद्रयान-3 का चंद्रमा के ऑर्बिट में प्रवेश





## भेजीं तस्वीरें, वीडियो

**नई दिल्ली।** चंद्रयान-3 भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का भारत का तीसरा चंद्र मिशन है। इसी साल 14 जुलाई को चंद्रयान-3 श्रीहरिकोटा से सफलतापूर्वक चंद्रमा के लिए रवाना किया गया था, 5 अगस्त को अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर गया। आने वाले समय में चंद्रयान-3 के कुछ बहुत महत्तवपूर्ण जानकारियां भेजेगा, जो भारत के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

चंद्रयान-3 की चंद्रमा के ऑर्बिट में सफर एंट्री पर इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि अभी सब कुछ ठीक चल रहा है। 23 अगस्त को (चंद्रमा पर) उतरने तक कई युद्धाभ्यास होंगे। उपग्रह एकदम ठीक है। एस सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान ने रविवार की रात को चंद्रमा ऑर्बिट में कदम रखा।

इसरो ने चांद के चक्कर लगाते हुए चंद्रयान से वीडियो शेयर किया है। 45 सेकेंड के वीडियो को करोड़ों लोग देख चुके हैं। आगे बढ़ने से पहले आप भी वीडियो देखिए और गर्व महसूस कीजिए।

**चंद्रयान पर बारीक नजर बनाए हुए है इसरो**–भारत के इस तीसरे चंद्रयान 3 ने 3,84,400 किलोमीटर की लंबी दूरी करके धरती के गुरुत्वाकर्षण के दायरे से बाहर निकल आखिरकार चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर गया। हालांकि किसी भी खगोलीय पिंड पर स्पेसक्राफ्ट को लैंड करवाना काफी मुश्किल होता है।

### चंद्रयान-3 द्वारा चंद्रमा का वीडियो निर्माण बड़ी उपलब्धि : शिवराज

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि चंद्रयान-3 द्वारा चंद्रमा का बनाया गया वीडियो बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर इस उपलब्धि पर भारतीय वैज्ञानिकों और इसरो की टीम के सभी सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं।

### भीलवाड़ा भट्टी हत्याकांड

# बेटी की चिता में कूदने की कोशिश

## बिटिया के साथ हैवानियत, अंतिम संस्कार में टूटा पिता का सब्र



**भीलवाड़ा।** राजस्थान के भीलवाड़ा में बच्ची से गैंगरेप के बाद उसे भट्टी में झोंकने की झकझोर देने वाली घटना पर हंगामा थमता नहीं दिख रहा। इस दिल दहला देने वाले कांड को लेकर परिजन और ग्रामीण करीब 6 दिनों से धरने पर थे। आखिरकार सरकार और प्रशासन ने किसी तरह से उनको समझाया।

यही नहीं घटना के 6 दिन बाद जब परिजनों को बच्ची के अधजले अवशेष अंतिम संस्कार करने को मिले तो पूरा माहौल गमगीन हो गया। जिस समय बच्ची के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया चल रही थी तो पिता के सब्र का बांध जैसे टूट गया। वो भी अपनी बेटी की जलती हुई चिता में कूदने कोशिश करने लगा। इसी दौरान तबीयत बिगड़ी और वो बेहोश हो गए। तुरंत ही बच्ची के पिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची के पिता की तबीयत अब ठीक है।


अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से मोतियाबिंद ऑपरेशन

मध्य भारत का सबसे आधुनिक नया युग

आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर

डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894

जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL

Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319

An English Medium Co-educational School

ADMISSIONS OPEN

Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)

Call us: 0761-2676370, 9826587200

Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com


**उपलब्धि** | नीति आयोग की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# विकास योजनाओं के विस्तार से मध्यप्रदेश में 1.36 करोड़ लोगों को मिली गरीबी से मुक्ति

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में 2015-16 से 2019-21 के बीच 1 करोड़ 36 लाख लोग गरीबी के चक्र से बाहर आ गए हैं। प्रदेश में गरीबी की तीव्रता 47.25प्रतिशत से घटकर 43.70प्रतिशत हो गई है।देश से गरीबी का बोझ कम करने में मध्य प्रदेश ने 10 प्रतिशत का उल्लेखनीय योगदान दिया है।

मध्य प्रदेश में पांच वर्षों की अवधि में गरीबों की संख्या में 15.94प्रतिशत की गिरावट आई है। वर्ष 2015-16 में 36.57 प्रतिशत से घटकर यह 2019-21 में 20.63 प्रतिशत रह गई है। सभी राज्यों में मध्यप्रदेश में सबसे तेजी से कमी देखी गई है।

गरीबों की संख्या में कमी के मामले में सबसे उल्लेखनीय सुधार अलीराजपुर, बड़वानी,खंडवा, बालाघाट, और टीकमगढ़ में हुआ है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक-2023 पर नीति आयोग की दूसरी रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है। नीति आयोग 8 अगस्त को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में बहुआयामी गरीबी पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश में 1 करोड़ 36 लाख लोगों को गरीबी से मुक्त करने की यात्रा पर पॉलिसी ब्रीफ जारी की जायेगी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य वक्तव्य देंगे। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन के बेरी और सदस्य डॉ. वी. के. सारस्वत मध्यप्रदेश की उपलब्धियों और विकास यात्रा पर चर्चा करेंगे। राज्य नीति एवं योजना आयोग के उपाध्यक्ष प्रो. सचिन चतुर्वेदी, प्रधानमंत्री सलाहकार परिषद के सदस्य प्रोफेसर शमिका रवि, मप्र राज्य सांख्यिकी आयोग के अध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव, यूएन रेसीडेंट कोआर्डिनेटरशोम्बी शार्प विशेष वक्तव्य देंगे। नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. योगेश सूरी बहुआयामी गरीबी संकेतकों पर प्रारंभिक वक्तव्य देंगे।



### गरीबी से मुक्त होने की यात्रा पर 8 अगस्त को जारी होगी पॉलिसी ब्रीफ, मुख्यमंत्री करेंगे संबोधित

### गरीबों की संख्या में 15.94 प्रतिशत की गिरावट

**ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों में गरीबी में कमी**–मध्यप्रदेश की ग्रामीण क्षेत्र में गरीबों की आबादी में 20.58प्रतिशत की गिरावट आई है। एनएफएचएस 4 (2015-16) में यह 45.9प्रतिशत थी, जो एनएफएचएस-5 (2019-21)में कम होकर 25.32प्रतिशत तक आ गई है। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## केरल में कार विस्फोट, एक व्यक्ति की जलकर मौत

**अलप्पुझा, एजेंसी।** केरल के अलप्पुझा के निकट मावेलिककारा में सोमवार को एक 35 वर्षीय व्यक्ति की कार में अचानक विस्फोट हो गया जिससे उसकी कार के अंदर जलकर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि जब कार में विस्फोट हुआ तो मवेलिक्कारा निवासी कृष्ण प्रकाश कार से बाहर नहीं निकल पाए। उन्होंने आगे बताया कि घटना आज देर रात करीब 12.30 बजे हुई, उन्होंने बताया कि फोरेंसिक टीम वाहन और घटनास्थल की जांच कर रही है। पुलिस ने कहा, हमें मिली जानकारी के अनुसार, जैसे ही वह अपने घर के गेट में घुसे, वाहन में अचानक विस्फोट हो गया और वह कार से बाहर नहीं निकल सके।

### सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम की

## एलओसी पर दो आतंकी किए ढेर

### आतंकियों को स्वतंत्रता दिवस पर कहर बरपाने के लिए धकेला जा रहा



**जम्मू, देशबन्धु।** भारतीय सेना ने आज तड़के एलओसी से सटे पुंछ के डिग्वार सेक्टर में दो घुसपैठियों को ढेर कर दिया। कल भी कुपवाड़ा में घुसपैठ का एक प्रयास नाकाम बनाते हुए एक घुसपैठिए को मार डाला गया था और बाकी वापस भागने में कामयाब हो गए थे।

घुसपैठ के तेज होते प्रयासों के प्रति सेना का कहना था कि इन आतंकियों को स्वतंत्रता दिवस पर कहर बरपाने का टास्क देकर इस ओर धकेला जा रहा है। सेना प्रवक्ता ले कर्नल सुनील बरतवान ने बताया कि पुंछ के डिग्वार तेरवान सेक्टर में रात दो बजे के करीब एलओसी को पार करने की कोशिश को नाकाम बनाया गया है। उन्होंने बताया कि एक आतंकी का शव इस ओर पड़ा हुआ है और दूसरे को वापस भागते हुए ठोक डाला गया, जिसका शव तारबंदी के पार है। मौके पर आज सुबह जब तलाशी अभियान छेड़ा गया तो भारी गोला बारूद भी बरामद किया गया है। ऐसा ही असलाह कल भी कुपवाड़ा के टंगधार सेक्टर के अमरोही इलाके में बरामद किया गया था जब सेना ने घुसपैठियों के एक दल को वापस धकेलते हुए एक को मार डाला था।

बाकी भागने में कामयाब हो गए थे। हालांकि सूत्र कहते हैं कि हो सकता है कि कुछेक घुसने में कामयाब हो चुके हैं। पर सेना ने इसकी पुष्टि नहीं की है। सेना का कहना था कि पिछले कुछ दिनों से घुसपैठ के प्रयासों में तेजी आई है।

इसके पीछे का मकसद कश्मीर की शांति को भंग करना है। सेना प्रवक्ता कहते थे कि पाकिस्तान को कश्मीर की शांति रास नहीं आ रही है इसलिए वह आतंकियों पर इस स्वतंत्रता दिवस पर कुछ बड़ा करने का लगातार दबाव बना रहा है जिसके लिए वह अपने यहां रूके पड़े आतंकियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में धकेलने की कोशिश कर रहा है।

### जारी है ज्ञानवापी में सर्वे का काम

### मुस्लिम पक्ष के वकील का दावा

## त्रिशूल का चिन्ह नहीं, अल्लाह लिखा है

**वाराणसी।** वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद के एएसआई का सर्वे पांचवे दिन भी जारी रहा। इस बीच सर्वे को लेकर तमाम तरह के दावे सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में मुस्लिम पक्ष अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के वकील ने एक बड़ा दावा किया है. वकील ने कहा है कि सर्वे के दौरान मस्जिद में दिख रहा त्रिशूल का चिन्ह वास्तव में त्रिशूल का चिन्ह नहीं है बल्कि 'अल्लाह' लिखा हुआ है।

अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के वकील अखलाक अहमद ने इस संबंध में एक न्यूज चैनल से बातचीत की है। उन्होंने बताया कि जितने भी दावे इस समय मीडिया रिपोर्ट में मंदिर को लेकर किए जा रहा है वह कमीशन की कार्यवाही के वक्त की तस्वीरें और वीडियो हैं। एएसआई सर्वे कमीशन की कोई भी रिपोर्ट बाहर नहीं आ सकती है, क्योंकि इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट का आदेश भी है।

वकील के मुताबिक जितनी भी तस्वीरें बाहर आ रही हैं, वे पिछली बार एडवोकेट सर्वे के दौरान की हैं। उन्होंने बताया कि एएसआई को यह जांच करना है कि मस्जिद के नीचे आखिर है क्या? उन्होंने यह भी कहा कि, 'दिखाई जा रही मस्जिद के गुंबद की तस्वीरें भी पिछली बार की हैं। अभी हो रही एएसआई सर्वे की रिपोर्ट सीलबंद होकर कोर्ट में जानी है. वह बाहर आ ही नहीं सकती है.'

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मस्जिद के गुंबद के नीचे शंक्वाकार आकृति या शिखर नुमा आकृति होने के दावे पर मसाजिद कमेटी के वकील अखलाक अहमद ने बताया, 'दुनिया में जितने भी बड़े गुंबद होते हैं, वह दो हिस्सों में ही बनते हैं. अगर ऐसी बनावट नहीं होगी, तो हवा क्रॉस होने की जगह ना होने के चलते वह गुंबद गिर जाएंगे. एएसआई की रिपोर्ट में यह बताया जाएगा कि मिल रहे इस तरह के चिन्ह किस कालखंड में बनते थे? यह रिपोर्ट मुकदमे के फैसले के दौरान ही खुलेगा।'

## भाजपा सरकार से कुकी पीपुल्स एलायंस ने वापस लिया समर्थन

### स्वास्थ्य मंत्री बोले- हमारे पास पूर्ण बहुमत

### विधायकों के लिए इंफाल आना सुरक्षित नहीं!

**इंफाल, ऑनलाइन डेस्क।** कुकी पीपुल्स एलायंस ने रविवार को मणिपुर सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। केपीए मणिपुर में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा थी, दो विधायकों वाली पार्टी ने कहा कि वह एन.बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले रही है।

केपीए के अध्यक्ष टोंगमांग हाओकिप ने रविवार को एक बयान में द इंडियन एक्सप्रेस ने बताया, मौजूदा टकराव पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली मणिपुर की मौजूदा सरकार को समर्थन देना अब सार्थक नहीं है। मणिपुर सरकार को केपीए का समर्थन वापस लिया जाता है और इसे अमान्य माना जा सकता है।

केपीए के अध्यक्ष तोंगमांग ने कहा, विधायकों के लिए इंफाल आना सुरक्षित नहीं होगा... थानलोन का प्रतिनिधित्व करने वाले बीजेपी विधायक वुंगजागिन वाल्ते से वहां बुरी तरह मारपीट की गई, वह अब भी इलाज करा रहे हैं। उन्होंने बताया, अगर विधायकों की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार और केंद्र सरकार गारंटी दे और पर्याप्त कदम उठाए, तो इस चिंता से निपटा जा सकता है।

स्वास्थ्य मंत्री सपम रंजन का बयान

कुकी पीपुल्स एलायंस के बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस लेने पर मणिपुर के स्वास्थ्य मंत्री सपम रंजन ने कहा, हमें बताया गया है कि उन्होंने समर्थन वापस ले लिया है। मुझे लगता है कि केपीए के विधानसभा में दो विधायक हैं... मुझे नहीं लगता कि इसका सरकार पर किसी भी तरह से असर होगा क्योंकि हमारे पास पूर्ण संख्या है।

# प्रथम पृष्ठ का शेष

### मणिपुर हिन्सा : सुको ने....

जांच के लिए ये जरूरी है। मणिपुर सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल ने कहा कि अपराधों की जांच के लिए 6 जिलों के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को शामिल करते हुए 6 स्क्वैड का गठन किया है। हिंसा, अशांति और नफरत के दौरान महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए महिला पुलिस अधिकारियों की टीम बनाई जा रही है। याचिकाकर्ताओं की वकील वृंदा ग्रोवर ने कहा कि आईपीसी की धारा 166ए के तहत भी कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है जो कार्रवाई न करने के लिए अधिकारियों को जवाबदेह बनाती है। इस दौरान इंदिरा जयसिंह ने कहा कि निर्भया कांड के दौरान पता चला था कि पुलिस अपना काम ठीक से नहीं निभा रही थी। इसलिए 2012 के संशोधन द्वारा आईपीसी में 166ए लाया गया। 166ए कहता है कि जो पुलिस अधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करेंगे उन्हें दंडित किया जाएगा। हम इस धारा को लागू करने की मांग कर रहे हैं।

### पंजाब के किसानों को......

के कुल 215 गावों की 65 हजार 400 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। कुल सिंचाई क्षेत्र को तीस-तीस हेक्टेयर के चक में तथा प्रत्येक तीस हेक्टेयर चक को 5-5 हेक्टेयर सब चक में विभाजित कर, सिंचाई के लिए जल उपलब्ध करवाया जायेगा। किसानों की सुविधा के लिए प्रत्येक तीस हेक्टेयर के चक पर स्वचलित आउटलेट मेनेजमेंट सिस्टम स्थापित किए जायेगे, जहां से किसानों को निर्धारित दाब से निश्चित मात्रा में सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो सकेग मुख्यमंत्री ने कहा कि नीमच-जावद सिंचाई योजना प्रारंभ की जाएगी। सभी नगर पंचायतों को 3 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। प्रथम किश्त के रूप में एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे। रामपुरा मनासा में महाविद्यालय भवन निर्माण होगा। सिंचाई परियोजनाओं से छूटे हुए गाँवों को जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में लघु मध्यम सूक्ष्म उद्योग मंत्री ओम प्रकाश सकलेचा, विधायक माधव मारू और दिलीप सिंह परिहार, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। आज विकास पर्व के अंतर्गत नीमच जिले को अनेक सौगात प्राप्त हुई हैं।

### नीति आयोग की रिपोर्ट....

गरीबी की तीव्रता भी 3.75प्रतिशत (47.57प्रतिशत से 43.82प्रतिशत) तक कम हो गई है और गरीबी सूचकांक 0.218 घटकर 0.111 लगभग आधा हो गया है। शहरी गरीब आबादी में 6.62प्रतिशत की गिरावट आई है। एनएफएचएस 4 (2015-16) में यह 13.72प्रतिशतथी जो एनएफएचएस-5 (2019-21)में कम होकर 7.1प्रतिशत तक आ गई है। शहरी गरीबी की तीव्रता 2.11प्रतिशत (44.62प्रतिशत से 42.51प्रतिशत) तक कम हो गई है।

**हर क्षेत्र में विकास से गरीबी में आई कमी**-स्वच्छता में सबसे उल्लेखनीय सुधार हुआ है। स्वच्छता से वंचित लोगों में 19.81प्रतिशत प्रतिशत की कमी आई है। खाना पकाने के ईंधन से वंचित लोगों के अभाव में 16.28प्रतिशत की कमी, आवास से वंचित रहने वालों की संख्या में 15.12प्रतिशत, पोषण अभाव में रहने वालों की संख्या में 13.6प्रतिशत की कमी आई है। मातृ स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित लोगों की संख्या में 9.54प्रतिशत की कमी, पेयजल अभाव में 8.84प्रतिशत की कमी और आई है। स्कूली शिक्षा के अभाव के वर्षों में 6.06प्रतिशत की कमी देखी गई है। बैंक खाते जैसी वित्तीय सुविधा से वंचित लोगों में 5.98प्रतिशत की कमी आई है। संपत्ति के अभाव में 5.68प्रतिशत की गिरावट आई है। भरपूर बिजली मिलने से बिजली की कमी नहीं रही । इसलिए बिजली की सुविधा से वंचित रहने वालों की संख्या में 5.6प्रतिशत की गिरावट आई है। स्कूल उपस्थिति में 2.48प्रतिशत की वृद्धि एवं बाल और वयस्क मृत्यु दर में 1.26प्रतिशत की गिरावट देखी गई है।अलीराजपुर जिले में गरीबों का अनुपात सबसे अधिक 31.06 प्रतिशत कम हुआ है, जो 71.31 प्रतिशत से 40.25 प्रतिशत हो गया है। बड़वानी में 28.08 प्रतिशत कम हुआ, खंडवा में 27.38 प्रतिशत, बालाघाट में 26.47 प्रतिशत, टीकमगढ़ में 26.33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है । बहुआयामी गरीब आबादी का अनुपात झाबुआ में 68.66प्रतिशत से गिरकर वर्तमान में 49.62प्रतिशत है, जो जिले के मल्टीडायमेंशनल पावर्टी से बचने वाली 19.24प्रतिशत आबादी को दर्शाता है। भोपाल जिले में यह अनुपात 12.66प्रतिशत से घटकर 6.75प्रतिशत, इंदौर में 10.76प्रतिशत से 4.93प्रतिशत घटकर 5.83प्रतिशत और जबलपुर में 19.5प्रतिशत से 14.78प्रतिशत हो गया है।

**गरीबी की गहनता में कमी** -अलीराजपुर जिले में गरीबी की गहनता में 9.29प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है जो 57.06प्रतिशत से घटकर 47.77प्रतिशत हो गई है। बड़वानी जिले में 7.53प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है जो 61.6प्रतिशत से घटकर 49.74प्रतिशत हुई, झाबुआ में 7.05प्रतिशत घटी, धार में 49.34प्रतिशत से 7.04प्रतिशत घटकर 42.3प्रतिशत हो गई, जबलपुर में 45.39प्रतिशत से 6.71प्रतिशत गिरकर 38.68प्रतिशत और सीहोर जिले में 46.5प्रतिशत से 6.38प्रतिशत घटकर 40.12प्रतिशत देखी गई है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक अलीराजपुर जिले में 0.407 से घटकर 0.192 हो गया है।यह 0.215 की गिरावट आधे से अधिक की कमी दिखाता है। इसके बाद बड़वानी जिले में 0.353 से घटकर 0.167, झाबुआ जिले में 0.385 से घटकर 0.243, खंडवा में 0.202 से घटकर 0.067, 0.135 की कमी आई है।

# निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी

E mail:- mp.eephedkat@gmail.com Phone no. 07622-225752

कमांक 3075/ का.यं./निप्रको./ लो.स्वा.या.परि.खण्ड / 2023 कटनी, दिनांक 02.08.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना कमांक 78-83/ 23-24**

ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptender.gov.in पर जिले के विभिन्न विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग व नवीन नलजल योजना के कार्य, आर.सी.सी.ओवर हैड टैंक निर्माण, सी.सी. सम्पवेल निर्माण मोटर पंप स्थापना हाउस / सम्पवेल निर्माण, पाईप लाईन बिछाने का कार्य, घर घर कनेक्शन, अन्य कार्य एवं योजना का 90 दिन ट्रायलरन सफल संचालन संधारण के कार्य हेतु निम्नानुसार निविदा म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत फर्मो से आमंत्रित है।

| निविदा क्रमांक | सिस्टम निविदा क्र. | विकासखंड | ग्राम की संख्या | निविदा लागत लाख में | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 78/23-24 | 2023_PHED 295992 | DHEEMARKHEDA | 05 | 221 34. | 221340 | 15000 | 8 माह |
| 79/23-24 | 2023_PHED_295993 | DHEEMARKHEDA | 04 | 218.98 | 218980 | 15000 | 8 माह |
| 80/23-24 | 2023_PHED_295994 | DHEEMARKHEDA | 05 | 244.28 | 244280 | 15000 | 8 माह |
| 81/23-24 | 2023_PHED_295995 | BAHORIBAND | 03 | 218.82 | 218820 | 15000 | 8 माह |
| 82/23-24 | 2023_PHED_296166 | KATNI | 05 | 294.64 | 294640 | 15000 | 8 माह |
| 83/23-24 | 2023_PHED 296167 | KATNI | 05 | 342.19 | 342190 | 15000 | 8 माह |

ऑन लाईन निविदा क्रय एवं बिड की अंतिम तिथी - 16.08.2023 18.00 बजे

ऑन लाईन निविदा दर खोलने की तिथी - 18.08.2023 12.00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेबसाईट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई बेबसाईट पर देखे।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

G-17910/23

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, परियोजना खण्ड कटनी
फोन नं.-07622-225752



## अधीक्षक जिला जेल सिवनी म.प्र.

jscjsni@mp.gov.in/jailsuperitendentseoni@gmail.com, Teli.Ph.N. 07692-228065, Fax N. 07692-228114

क्रमाक :- / निर्वाह/2023 सिवनी, दिनांक :-

**ई-टेण्डरिंग निविदा वित्तीय वर्ष 2023 2024**

**mptenders.gov.in के माध्यम से ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

जेल मुख्यालय म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक / 2956 / निर्वाह / 23 भोपाल दिनांक 24.01.2023 के पालन में वर्ष 2023-2024 में खाद्यान्न सामग्री हेतु निविदा विज्ञप्ति का प्रकाशन जिला जेल सिवनी की ई-निविदा जेल मुख्यालय, भोपाल के आदेश के परिपालन में दिये गये निर्देशानुसार mptenders.gov.in पर परिरूद्ध बंदियों हेतु दिनांक 24.08.2023 को शाम 05.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा का कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है।

| विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|
| ऑनलाईन निविदा प्रकाशन | 04.08.2023 | कार्यालय केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर |
| प्रिबिड मीटिंग | 16.08.2023 | जेल अधीक्षक जिला जेल, सिवनी |
| निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि निविदा फार्म की कीमत रू. 1000/- प्रति फार्म एवं ठेके की लागत 5 लाख तक 500/- प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियाँ में जमा किया जावेगा। | 24.08.2023 को सांयकाल 05.30 बजे तक | mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 25.08.2023 को सांयकाल 05.30 बजे तक | वेबसाईट mptenders.gov.in पर स्वीकार की जावेगी । |
| तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) परीक्षण | 28.08.2023 को समय 1230 बजे | |
| नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण बाद वित्तीय निविदा ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि | 29.08.2023 को समय 12.30 बजे | |

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

G-17913/23

जेल अधीक्षक
जिला जेल, सिवनी (म.प्र.)



### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर -जबलपुर

रा.प्र.क्र. 0617/अ -6/2023-24

**इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीरा मसीह पति स्व. शशि कुमार मसीह एवं दिलशाद मसीह पिता स्व. शशि निवासी 05 स्टेट फारेस्ट रिचर्स ग्वारीघाट रोड पोलीपाथर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 13/10/2004 के माध्यम से मौजा पोलीपाथर नं.ब. 1641 प.ह.नं. 2412 ख.नं. 24/40 रकवा क्रमश 0.0440 हे. रकवा 530 वर्गफुट, विक्रेता में से 5/44 म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/वसीयतनामा/ बंटवारा नामा/हस्तांतरण पत्र/हक त्याग पत्र/ दानपत्र एवं नक्शा बंटाक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 16/08/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 01/08/2023 को जारी।

**जारी दिनांक** 01/08/2023

**पेशी दिनांक** 16/08/2023

र.नं. 902

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, गोरखपुर जबलपुर



### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर -जबलपुर

रा.प्र.क्र. 399/अ -6/2023-24

**इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुकेश चंद घोष निवासी 101 टैगोर नगर ग्वारीघाट रोड जबलपुर के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 16/10/79 के माध्यम से मौजा रामपुर पह.ह.नं. 22 ख.नं. 75, 80, 79 वर्तमान 75/2, 77/1 प्लाट नं. 101 रकवा 2100 वर्गफुट, विक्रेता मोदी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित जबलपुर से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/वसीयतनामा/ बंटवारा नामा/हस्तांतरण पत्र/हक त्याग पत्र/ दानपत्र/फौती एवं नक्शा बंटाकन की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 11/08/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 25/07/2023 को जारी।

**जारी दिनांक** 25/07/2023

**पेशी दिनांक** 11/08/2023

र.नं. 900

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, गोरखपुर जबलपुर



### नाम परिवर्तन

मैं गिरीश गौतम-पिता टेकचंद गौतम उम्र लगभग 33 वर्ष निवासी क्यू नं. 94 म.प्र. 1119, गौतम तिराहा पंडित द्वारका प्रसाद मिश्रा वार्ड लालमाटी जबलपुर म.प्र. 482001 यह कि मेरे समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम गिरीश कुमार गौतम पिता टेकचंद गौतम के स्थान पर गिरीश गौतम पिता-टेकचंद गौतम नाम दर्ज किया जावे एवं इसी नाम से पढ़ा लिखा एवं जाना पहचाना जावे।

नया नाम- गिरीश गौतम (वर्तमान नाम)

पुराना नाम- गिरीश कुमार गौतम (पुराना नाम)

र.नं. 903



### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर

रा.प्र.क्रं/ 1161 /अ-6/2022-23

जबलपुर, दिनांक 4.8.2023

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोतीलाल केशरवानी वगैरह पिता स्व. छक्की लाल केशरवानी निवासी गंगा सागर गढ़ा जबलपुर के द्वारा मौजा रानीपुर नं.बं. 401 प.ह.नं. .. स्थित भूमि खसरा नंबर .... में से रकवा 174/5/घ ख.नं. वर्गफुट 660 व.फु. भूमि पर छक्की लाल केशरवानी की मृत्यु दिनांक 24.1.2013 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती/वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 24.8.23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-04/08/2023

पेशी दिनांक-24/08/2023

तहसीलदार,

र.नं. 901 अधारताल, जिला जबलपुर



### न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर जिला-जबलपुर

रा.प्र.क्रं/......../अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम महेशपुर प.ह.नं. 06 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश सिंह पिता स्व. साधु सिंह निवासी 520 मदन महल के द्वारा ग्राम महेशपुर बंदोबस्त नंबर 662 प.ह.नं. 06 में स्थित भूमि खसरा नंबर 125 से 132 में से रकवा 1200 वर्गफुट/ हेक्टेयर पर राजस्व अभिलेख में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-

पेशी दिनांक-

र.नं. 907

तहसीलदार गोरखपुर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी जबलपुर



### In The Court of XXIII Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur Presiding Officer: कुंवर युवराज सिंह

**आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु**

**(RCS A/0000374/2023)**

देवा बाई यादव.....वादी

Vs

आम जनता.....प्रतिवादी

Process Id- /2023

पेशी दि.:-19/09/2023

प्रेषिती-

(1) आम जनता पता - जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी देवा बाई यादव ने आपके विरुद्ध दावा वास्ते घोषणा हेतु वादमूल्य 4000 चार हजार रुपये पर न्यायशुल्क 500 पांच सौ रुपये चस्पा के लिऐ वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी भी एंसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठीसीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 24 जुलाई 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी - प्रकाशन नोटिस

टिप्पणी प्रकाशन व उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ दावा वास्ते घोषणा हेतु वादमूल्य 4000 चार हजार रुपये पर न्याय शुल्क 500 पांच सौ रुपये चस्पा।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(कुंवर युवराज सिंह)
23वें व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खंड जबलपुर म.प्र.

र.नं. 904



### In The Court of XVI Additional District and Session judge, District Court, Jabalpur presiding Officer: अरूण प्रताप सिंह

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**

**(MJC GW/0000034/2023)**

रूची खत्री............वादी

Vs

म.प्र. शासन द्वारा कलेक्टर ....प्रतिवादी

Process Id- /2023

पेशी दि.:-11/09/2023

प्रेषिती-

(1) आम जनता पता- आम जनता

यह कि प्रार्थी रूची खत्री ने आपके विरूद्ध एम जे सी डब्ल्यू आवेदन अन्तर्गत धारा 82 अप्राप्तवयता एवं संरक्षणकर्ता अधिनियम 1956 वास्ते भूमि विक्रय करने की अनुमति बाबत के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 03 अगस्त 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी - प्रकाशन एवं उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 82 अप्राप्तवयता एवं संरक्षणकर्ता अधिनियम 1956 वास्ते भूमि विक्रय करने की अनुमति बाबत की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(अरुण प्रताप सिंह)
जिला न्यायाधीश सोलहवें
जबलपुर (म.प्र.)

र.नं.-895



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-नरसिंहपुर (म.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)

प्रकाशन क्र. 75/2023-24 दिनांक-03/08/2023

म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों में निम्न कार्यों की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित है। विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं भविष्य में होने वाले समस्त संशोधन केवल ऑन-लाइन पोर्टल http://www.mptenders.gov.in ही देखे जा सकेंगे। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:-

| सं. क्र. | निविदा सूचना क्रं./दिनांक | ई- निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कुल अमानती राशि (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | ऑन लाइन निविदा क्रय/ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 233/ 02.08.2023 | 2023_ PHED_ 295982_1 | Out sourcing of Computer Operator, and Unskilled Labour for 12 month to the PHE Division District Narsinghpur ( 1st Call) | 17.12 | 34240.00 | 2000.00 | 16.08.2023 | 365 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 2. | 234/ 02.08.2023 | 2023_ PHED_ 295986_1 | Conducting yield test for 08 Hrs. of Tubewells in various villages of Block Narsinghpur & Gotegaon under Narsinghpur Division. (75 Nos. job ) ( 1st Call) | 7.70 | 15400.00 | 2000.00 | 16.08.2023 | 90 दिवस वर्षा ऋतु सहित |

G-17912/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है। कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड - नरसिंहपुर

# देश-प्रदेश

उवाच

## संसद में फिर गूंजेगी असली मुद्दों की आवाज: प्रियंका

**नई दिल्ली।** लोकसभा सचिवालय द्वारा सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता बहाल करने के कुछ घंटों बाद, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने न्याय और सच्चाई के लिए अपने भाई की लड़ाई में देश के लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि अब संसद में गूंजेगी असली मुद्दों की आवाज।



### सार-समाचार

## राजस्थान को मिले 19 नए जिले, गहलोत ने किया उद्घाटन



**जयपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को राजस्थान में 19 नए जिलों और तीन डिविजन का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह नए जिला मुख्यालयों पर आयोजित किए गए और मुख्यमंत्री गहलोत बिड़ला ऑडिटोरियम से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समारोहों में शामिल हुए। नए जिलों के उद्घाटन से पहले सीएम गहलोत ने पूजा-अर्चना और हवन किया। राजस्व मंत्री रामलाल जाट भी वीसी के जरिए समारोह से जुड़े।

## उद्धव के घर में निकला कोबरा, बचाया गया

**मुंबई, एजेंसी।** एक अधिकारी ने बताया कि शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बांद्रा पूर्व स्थित बंगले 'मातोश्री' से एक बेहद जहरीले और गुस्सैल कोबरा को बचाया गया। इसके बाद परिवार ने राहत की सांस ली। यह जानकारी सोमवार को एक अधिकारी ने दी। पास में रहने वाले वाइल्ड लाइफ एनिमल प्रोटेक्शन एंड रेस्क्यू एसोसिएशन के कार्यकर्ता अतुल कांबले को एक कॉल आई कि एक परिसर में सांप घूम रहा है।

## लोकसभा में निजी डाटा संरक्षण विधेयक ध्वनिमत से पारित

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा ने मणिपुर मुद्दे पर विपक्षी दलों के हंगामें के बीच आम लोगों के डाटा को जरूरत के मुताबिक हासिल कर सुरक्षित व संरक्षित रूप से इस्तेमाल करने की इजाजत देने वाले 'डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक 2023' को आज ध्वनिमत से पारित कर दिया। इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वष्णव ने विधेयक पर हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह निजी डाटा की सुरक्षा वाला विधेयक है। इसके माध्यम से देश के 140 करोड़ लोगों के डाटा को सुरक्षित रखा जा सकेगा और उसका बिना इजाजत के जरूरत से ज्यादा कोई इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।

## विज्ञान व नवाचार से अर्थव्यस्था को मजबूती मिलेगी : सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ.जितेंद्र सिंह ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन विधेयक, 2023 को पारित करने के लिए रखते हुए कहा कि इससे अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के साथ साथ विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देगा। डॉ. सिंह ने विधेयक पर संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि पहले शोध के लिए जो धनराशि की जाती थी उसमें राज्यों को हिस्सा काफी कम रहता था क्योंकि धनराशि का वितरण स्पर्धा के आधार पर होता था लेकिन अब फाउंडेशन के गठन के बाद राज्यों को भी समुचित धनराशि मिल पाएगी।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे वन भवन का लोकार्पण

**2.91 लाख वर्ग फीट क्षेत्रफल में लगभग 180 करोड़ की लागत से बना है वन भवन**



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 8 अगस्त को अपरान्ह 3 बजे तुलसी नगर, लिंक रोड क्रमांक-2 में स्थित वन भवन का लोकार्पण करेंगे। वन मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। वन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री जे.एन. कंसोटिया भी उपस्थित रहेंगे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री रमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि वन भवन 2.91 लाख वर्ग फीट में 180 करोड़ 24 लाख की लागत से निर्मित हुआ है। श्री गुप्ता ने बताया कि इस वन भवन में 100 सीटर एक ऑडिटोरियम और 50 सीटर हॉल तथा 30 सीटर हॉल बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि इस भवन में कुल 3 ब्लॉक हैं। ए-ब्लॉक में 4 तल, सी-ब्लॉक में 3 तल और ई-ब्लॉक में 4 तल हैं।


# राज्यसभा में दिल्ली सेवा बिल पास, सरकार के पक्ष में 131 तो विरोध में 102 वोट पड़े

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली सेवा बिल सोमवार (7 अगस्त) को राज्यसभा में पास हो गया। बिल के पक्ष में 131 और विपक्ष में 102 वोट पड़े। सदन में आप, कांग्रेस के अलावा विपक्षी गठबंधन इंडिया के सभी घटक दलों ने बिल का जोरदार विरोध किया।

दिल्ली अध्यादेश से जुड़े बिल को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में पेश किया। जिसका बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने भी समर्थन किया। राज्यसभा में विपक्ष के सभी संशोधन प्रस्ताव गिर गए थे। बिल पर चर्चा के दौरान अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बीच तीखी नोंकझोंक देखने को मिली।

अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि इस बिल का उद्देश्य दिल्ली में भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन सुनिश्चित करना है। बिल के एक भी प्रावधान से, पहले जो व्यवस्था थी, उस व्यवस्था में एक इंच मात्र भी परिवर्तन नहीं हो रहा है।

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन नहीं**-उन्होंने कहा कि ये विधेयक सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन नहीं करता है। ये बिल हम शक्ति को केंद्र में लाने के लिए नहीं बल्कि केंद्र को दी हुई शक्ति पर दिल्ली यूटी



की सरकार अतिक्रमण करती है, इसको वैधानिक रूप से रोकने के लिए यह बिल लेकर लाए हैं। कई सदस्यों की ओर से बताया गया कि केंद्र को शक्ति हाथ में लेनी है। हमें शक्ति लेने की जरूरत नहीं क्योंकि 130 करोड़ की जनता ने हमें शक्ति दी हुई है।

अमित शाह ने कहा कि कई बार केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तो दिल्ली में बीजेपी की सरकार थी, कई बार केंद्र में बीजेपी की सरकार थी तो दिल्ली में कांग्रेस की, उस समय ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर कभी झगड़ा नहीं हुआ। उस समय इसी व्यवस्था से निर्णय होते थे और किसी मुख्यमंत्री को दिक्कत नहीं हुई।

**विपक्षी सांसदों ने किया विरोध**-सदन में चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि बीजेपी का दृष्टिकोण किसी भी तरह से नियंत्रण करने का है। ये बिल पूरी तरह से असंवैधानिक है, ये मौलिक रूप से अलोकतांत्रिक है और ये दिल्ली के लोगों की क्षेत्रीय आवाज और आकांक्षाओं पर एक प्रत्यक्ष हमला है। ये विधानसभा-आधारित लोकतंत्र के सभी मॉडलों का उल्लंघन करता है। जो इस बिल का का साथ दे रहे हैं, कल ऐसा ही प्रयोग आपके राज्य में भी हो सकता है।

**आप सांसद बोले**-आप सांसद राघव चड्ढा ने बिल का विरोध करते हुए कवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता सुनाई और कहा कि जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है। आज से पहले शायद ही कभी असंवैधानिक, गैर कानूनी कागज का टुकड़ा बिल के माध्यम से सदन में लाया गया होगा। आज बीजेपी ने अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी जी की दिल्ली को पूर्ण राज्य बनाने की 40 साल की मेहनत को मिट्टी में मिला दिया है।

### तिरंगा यात्रा और मोटरसाईकिल रैली निकालेगा मोर्चा

## भाजयुमो चलाएगा सदस्यता अभियान युवाओं को विचारधारा से जोड़ेंगे : सूर्या



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता युवा मोर्चा व्यापक सदस्यता अभियान चलाएगा। करीब 2 माह तक चलने वाले इस अभियान के तहत तिरंगा यात्रा और मोटरसाईकिल रैली निकालकर पार्टी की विचारधारा से युवाओं को जोड़ा जाएगा। यह बात आज भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने पत्रकार वार्ता मं कही। उन्होंने कहा कि 10 से 30 अगस्त तक प्रदेशभर में सदस्यता अभियान चलाकर युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जाएगा। कालेज, विश्वविद्यालय, सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों आदि क्षेत्रों में शिविर लगाए जाएंगे। पूरे प्रदेश में तिरंगा बाइक यात्रा 13 से 15 अगस्त के बीच निकाली जाएगी और हर मंडल में राष्ट्रवादी चिंतन होगा।

सूर्या ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में डोर-टू-डोर सम्पर्क कर युवाओं के बीच रिपोर्ट कार्ड व तिरंगा झंडा वितरण किए जाएंगे और उन्हें तिरंगा यात्रा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। पंचायत स्तर पर पदयात्रा के माध्यम से युवाओं तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जाएगा।

सूर्या ने कहा कि सितंबर में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवाओं का राज्य स्तर पर सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश भर में 5 सौ युवा अचीवर्स और राज्य के प्रभावशाली युवाओं को भोपाल में सम्मानित करेंगे और उनकी आकांक्षाएं संग्रहित की जाएंगी।

## भाजपा ने न्यूज वेबसाइट का मुद्दा उठाया

**नई दिल्ली।** राहुल के संसद पहुंचते ही लोकसभा में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक न्यूज वेबसाइट का मुद्दा उठाया। दुबे ने सदन में कहा, देश में पड़ोसी देश के पैसे से प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ माहौल बनाया गया। न्यूज वेबसाइट में पड़ोसी देश से पैसा आया। यह देश विरोधी है। उधर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक प्रेस कांफ्रेंस में आरोप लगाए कि, 'कांग्रेस, चीन और विवादित न्यूज वेबसाइट न्यूज क्लिक एक ही गर्भनाल से जुड़े हैं। राहुल गांधी की नकली मोहब्बत की दुकान में पड़ोसी सामान साफ देखा जा सकता है। चीन के प्रति उनका प्रेम नजर आ रहा है। वे भारत विरोधी अभियान चला रहे।'

### आदिवासी स्वाभिमान यात्रा का झाबुआ में हुआ समापन, कमलनाथ बोले-

## भाजपा सरकार आदिवासी हितैषी नहीं



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा सरकार आदिवासी हितैषी न होकर आदिवासी विरोधी है, आदिवासियों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं सरकार सरकार अत्याचारों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। कमलनाथ ने कहा प्रदेश के प्रत्येक जिले को छिंदवाड़ा मॉडल बनाने का मेरा प्रयास रहेगा क्योंकि 2018 के चुनाव में हमने जो वादे किए थे उसे हम पूर्ण किए जा रहे थे हमारी सरकार आने पर हम पूर्ण करेंगे। यह बात आज प्रदेश कांग्रेस प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने झाबुआ में आदिवासी स्वाभिमान यात्रा के समापन अवसर पर जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही।

सीधी से शुरू होकर यात्रा प्रदेश के युवक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया द्वारा निकाली गई थी। पूर्व मंत्री अजय सिंह ने कहा कि सीधी सिवनी के सिमरोल नेमावर नीमच सिंगरौली की घटनाओं से साफ जाहिर होता है की भाजपा सरकार ने प्रदेश को अपराधियों कालाबाजारियों को सौंप दिया गया है। पूर्व सांसद सुरेश पचौरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया आौर प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने भी आमसभा को संबोधित किया। इनके अलावा सभा को युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी श्रीनिवास आदिवासी विभाग प्रदेश अध्यक्ष राजू टेकम, महिला विंग आदिवासी अध्यक्ष चंदा सरवटे, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, बाला बच्चन सुरेंद्र सिंह हनी बघेल, ओमकार सिंह मरकाम, श्रीमती शोभा ओझा, विधायक ग्यारसीलाल रावत, विधायक प्रताप सिंह ग्रेवाल, मुकेश पटेल, वीर सिंह भूरिया, बालसिंह मीणा, हर्ष विजय गहलोत, पूर्व विधायक जेवियर मेडा, जिला कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक हमीद काजी, महेश पटेल, निर्मल मेहता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका ने किया और प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता साबिर फिटवेल ने आभार माना।

### कर्नाटक उच्च न्यायालय ने तलाक के मामले की टिप्पणी

## किसी के काले रंग को लेकर टिप्पणी क्रूरता के समान

**बेंगलुरु, एजेंसी।** तलाक के एक मामले की सुनवाई करते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अपने हालिया फैसले में कहा है कि काले रंग को लेकर नस्लीय टिप्पणी क्रूरता के बराबर है। पति ने फैमिली कोर्ट द्वारा तलाक न दिए जाने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कोर्ट में अपील याचिका दायर की थी। सब-डिवीजन बेंच ने कहा कि पत्नी ने लगातार पति को उसके काले रंग के लिए अपमानित किया और उसे काली त्वचा वाला व्यक्ति कहकर परेशान किया। पीठ ने कहा कि इस तथ्य को छिपाने के लिए पत्नी ने उस पर अवैध संबंध का आरोप लगाया था। पीठ ने निचली अदालत के फैसले को रद्द करने का आदेश देते हुए रेखांकित किया कि इसे निस्संदेह क्रूरूरता माना जाता है। अदालत ने शादी भी रद्द कर दी और पति को तलाक दे दिया। इस जोड़े ने 2007 में शादी की थी, लेकिन पति ने 2012 में तलाक के लिए फैमिली कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था जिसने 13 जनवरी 2017 को पति की याचिका रद्द कर दी थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि शादी के बाद



उसकी पत्नी हमेशा उसे काला आदमी कहकर ताने मारती थी और अपमानित करती थी। उसने अपनी बेटी की खातिर किसी तरह अपमान सह लिया। उसने यह भी दावा किया था कि उसकी पत्नी ने 2011 में उनकी वृद्ध मां और परिवार के सदस्यों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में उसे यातनाएं भी झेलनी पड़ीं और उसने 10 दिन थाने और कोर्ट में बिताए थे। पति ने गुहार लगाई थी कि अदालत तलाक मंजूर करे। उसने दावा किया, पत्नी अपने मायके चली गई और फिर कभी वापस नहीं लौटी। उसने मेरे नियोक्ता से भी शिकायत की थी।

मुझे बहुत कष्ट सहना पड़ा और मैं अवसाद में भी था। पत्नी ने याचिका रद्द करने की गुहार लगाई और दावा किया कि उसके पति का अफेयर था और इस अफेयर से उसका एक बच्चा भी है। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति कठोर शब्दों का इस्तेमाल करते थे और उसे बाहर जाने और देर से घर आने नहीं देते थे। पत्नी ने अपने पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आपराधिक शिकायत भी दर्ज कराई थी। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि पत्नी ने याचिकाकर्ता पर बेबुनियाद आरोप लगाए हैं। पीठ ने यह भी कहा कि पत्नी का यह दावा कि वह अपने पति के बिना वर्षों तक रहते हुए भी उसके साथ सौहार्दपूर्ण ढंग से रहने को तैयार है और शिकायत वापस नहीं लेने से पता चलता है कि उसे अपने पति के साथ रहने में कोई दिलचस्पी नहीं है। इसके बाद कोर्ट ने क्रूरता के आधार पर पति को तलाक दे दिया।

### मैतेई संगठन की प्रधानमंत्री से अपील

## आदिवासियों की मांग पर मणिपुर को बांटा न जाए

**नई दिल्ली/इंफाल, एजेंसी।** आदिवासियों के लिए अलग राज्य की मांग पर दबाव बनाने के लिए नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ आदिवासी नेताओं की बैठक से एक दिन पहले मैतेई समुदाय की शीर्ष संस्था मणिपुर अखंडता समन्वय समिति ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मणिपुर को विभाजित न करने और पेश करने की अपील की। सीओसीओएमआई ने 29 जुलाई को इंफाल में आयोजित सामूहिक रैली में अपनाए गए प्रस्तावों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय को अपना ज्ञापन सौंपा। सीओसीओएमआई की अन्य मांगों में जातीय संघर्ष को खत्म करना और विदेशी (अवैध प्रवासियों) और चिन-कुकी के नार्को-आतंकवाद का खात्मा शामिल है। पीएमओ में ज्ञापन सौंपने के बाद सीओसीओएमआई समन्वयक जीतेंद्र निंगोम्बा ने एक वीडियो संदेश में दावा किया कि कुकी-जोमी संगठनों के कुछ नेताओं सहित विदेशी तत्व, जिनके साथ सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे, सीधे तौर पर मणिपुर में शामिल हैं। संघर्ष और उन्हें या तो समाप्त कर दिया जाना चाहिए या भारत के क्षेत्र से बाहर धकेल दिया जाना चाहिए।

ज्ञापन में कहा गया है, अवैध अप्रवासियों की पहचान करने के लिए एनआरसी को 1951 को आधार वर्ष मानकर राज्य में लागू किया जाना चाहिए। यह अवैध अप्रवासियों को नागरिक होने से वंचित करने के लिए है, हालांकि यदि जरूरी हो तो वे मनगढ़ंत राजनीति करके विनाशकारी राजनीति में शामिल हुए बिना अतिथि के रूप में रह सकते हैं। इतिहास और मीडिया पर बमबारी करना और कुकी-ज़ोमी राष्ट्र (ज़ालेंगम) के रूप में जाना जाने वाला लक्ष्य हासिल करने के लिए वामपंथी उदारवादियों से समर्थन मांगना, जिसमें तीन देशों के क्षेत्र शामिल हैं।


In The Court of III Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur
presiding Officer:
**श्वेता तिवारी**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**
(MJC SUC/0000080/2023)
**श्रीमती कमला तिवारी.........आवेदक**
Vs
**आम जनता......... अनावेदक**
Process Id- /2023
पेशी दि.:-14/09/2023

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जबलपुर म.प्र.।
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती कमला तिवारी पता- निवासी 1050 बदेरिया डेरी के पास मंजू तेली की गली, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड जिला जबलपुर म.प्र. ने मृतक रेखा तिवारी निवासी- 1050 बदेरिया डेरी के पास मंजू तेली की गली, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड जिला जबलपुर म.प्र. की यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा गोपालबाग जबलपुर म.प्र. में जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/सम्पत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 14 सितम्बर 2023 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 14 सितम्बर 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 11 जुलाई 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा-
टिप्पणी -उपस्थिति हेतु नोटिस तथा प्रकाशन के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(श्वेता तिवारी)**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**जबलपुर , (म.प्र.)**
र.नं. 906



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY NO 2694403A, RANK - HAV, NAME- DHARMENDRA SINGH BHADORIA, UNIT- 23 GRENADIERS निवासी VILLAGE- MANHAD, POST- MANHAD, TEH- MEHGAON DISTT- BHIND, STATE- (MP) PIN- 477660 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम PUTTOO SINGH एवं मेरी पत्नी का नाम MANDUYEE BHADORIA दर्ज है जो कि गलत है मेरे पिताजी का सही नाम PUTTU SINGH एवं मेरी पत्नी का सही नाम MANDAVI BHADORIYA है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है मेरे पिताजी एवं मेरे पत्नी के इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।


### आरटीआई में प्रशासन ने गोपनीयता का हवाला दे पल्ला झाड़ा

## गंभीर आपराधिक धाराओं के आरोपी साधुओं को मिली है सरकारी सुरक्षा

- अयोध्या नगरी में चार हजार से ज्यादा हैं मंदिर
- मंदिरों को हड़पने का बुना जाता है तानाबाना
- हाल ही में हनुमान मंदिर के महंत पर हुआ था हमला

**ओम प्रकाश सिंह**

**अयोध्या, देशबन्धु।** पर्यटन की दृष्टि से वैश्विक बनती धार्मिक रामनगरी का एक स्याह पहलू भी है। बलात्कार, हत्या, मठ मंदिरों पर कब्जा, लूट जैसे गंभीर आरोपों से घिरे तमाम साधु संत भी सरकारी सुरक्षा से लैस हैं। कई महंतो के पास निजी सुरक्षा दस्ता भी है। कितने साधु संतों को सुरक्षा प्राप्त है। कितनों पर आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं जैसे साधारण सवालों का जवाब गोपनीयता के चलते प्रशासन ने आरटीआई में नहीं दिया। सूत्रों के अनुसार सफेदपोश व साधुओं को मिलाकर सिर्फ अयोध्या नगरनिगम सीमा में ही लगभग सात दर्जन लोगों को सरकारी सुरक्षा प्राप्त है। अयोध्या चार हजार से ज्यादा मंदिरों से भरी हुई है। सूर्य की किरण फूटने के पहले रामनगरी के आंगन मे देववाणी के स्वर गूंजने लगते हैं। इसी के साथ मठ मंदिरों को हड़पने का तानाबाना भी गुना जाने लगता है। अभी एक सप्ताह पूर्व गुप्तार घाट स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत पर जानलेवा हमला किया गया था। यह वही स्थान है जहां प्रभु राम ने सरयू में जलसमाधि लिया था। इस हमलें में अयोध्या के कई प्रतिष्ठित संतो के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस को सूचना मिली थी। मर्यादा पुरुषोत्तम राम की नगरी अयोध्या में हर घर मंदिर है या यूं कहें कि हर मंदिर एक घर है।

अयोध्या ऐसा धर्मक्षेत्र है जहां लगभग सभी जातियों के मंदिर हैं। यहां पर भगवान राम सीता, हनुमान सहित अन्य देवी देवताओं के मंदिर मौजूद हैं। तमाम मंदिरों की पहचान वैश्विक हैं। कार्तिक पूर्णिमा, सावन झूला सहित कई बड़े मेले अयोध्या में लगते हैं। मंदिरों के अनुयायी पूरे देश में हैं। इन मंदिरों में चढ़ावा भी खूब आता है। तमाम मंदिरों के पास अकूत संपत्ति भी मौजूद है। मंदिर की संपत्ति पर कब्जेदारी को लेकर अक्सर मंदिर के महंत और उनके शिष्यों में विवाद उत्पन्न हो जाता है 7 विवाद कई बार खौफनाक रूप लेकर खूनी वारदातों में बदल जाता है।

मर्यादित राम की पावन नगरी आस्था और आध्यात्म के चलते पूरी दुनिया में तो जानी ही जाती है साथ ही यहा मंदिरों में महंती और संपत्ति के विवाद को लेकर खून-खराबे का भी लंबा इतिहास रहा है। पांच दशक पूर्व अयोध्या की बेहद प्रसिद्ध छावनी के महंत राम प्रताप दास की हत्या के साथ जो एक सिलसिला शुरु हुआ उसने थमने का नाम नहीं लिया और 90 के दशक के खत्म होने तक करीब आधा दर्जन संतों की हत्या का सिलसिला इस पौराणिक नगरी के इतिहास के पन्नो में जुड़ गया। यही नहीं नब्बे दशक का दौर ऐसा भी था कि जब राम जन्मभूमि मंदिर के पुजारी लाल दास की हत्या हुई तो नए पुजारी के लिए गैर आपराधिक साधु ढूंढने में नाकों चने चबाने पड़े थे। 21 जुलाई, 2013 को अयोध्या में दो महंत जमीन के एक छोटे-से टुकड़े को लेकर भिड़ गए थे। भवनाथ दास और हरिशंकर दास नाम के इन दो महंतों ने एक-दूसरे पर समर्थकों के साथ फायरिंग शुरू कर दी थी। इस हिंसा में एक व्यक्ति की जान चली गई और दर्जन भर घायल हो गए थे। इसी दशक में अयोध्या के दबंग महंत के रूप में जाने जाने वाले महंत राम कृपाल दास की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद बीते दो दशक में भी कई संतों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने कई सवाल उठाए। दीवानी मुकदमों से शुरू होकर फौजदारी के मुकदमों में तब्दील होने का प्रवाह अभी बंद नहीं हुआ है।

### आर्थिक, राजनीतिक ग्लैमर की चाह

आर्थिक, राजनीतिक ग्लैमर ने रामनगरी के बहुत से साधुओं को ग्रसित कर रखा है। कंठी माला और असलहा कारतूसों का साथ धर्मनगरी में बिखरा पड़ा है। भगवत भजन के ऐसे साधकों पर सरकार भी मेहरबान रहती है। पुलिस के रिकॉर्ड में आपराधिक धाराओं में दर्ज सरकारी सुरक्षा प्राप्त साधु सरकारी कार्यक्रमों में मंचासीन भी होते हैं। सरकारी सुरक्षा के अलावा सैकड़ों संत महात्माओं ने आत्म रक्षार्थ लाइसेंसी असलहे रखे हैं, निजी सुरक्षा गार्ड भी पाले गए हैं। मठ मंदिरों की संपत्ति और उस पर कब्जेदारी को लेकर राम की नगरी अयोध्या कई बार दागदार हुई है। देश में भगवा राजनीति के उदय के बाद यहां के कई साधु राजनीतिक ग्लैमर के मोहपाश में जकड़े हैं। तुलसी की कंठी माला के साथ कारतूसों पर हाथ फेरते जगद् गुरुओं को देखना आम आदमी के लिए कौतूहल ही है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
**लोककर्म विभाग // प्रथम निविदा सूचना आमंत्रण //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PRO-290 07/08/2023 | पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड में मतलूब कबाड़ी के निवास से यासीन हाजी तक फर्शीकरण का कार्य। | 03 माह रू. 3.09 लाख | 2000/- 3098/- | 18/08/2023 |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट http://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, संभाग क्र. 14, नगर निगम जबलपुर**

जबलपुर, मंगलवार 08 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# क्या मोदी राहुल को जवाब दे पायेंगे?

गुजरात की निचली अदालत एवं वहां की हाईकोर्ट द्वारा एक अवमानना के मामले में सुनाई गई दो साल की सजा पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद लोकसभा में राहुल गांधी की सोमवार को वापसी अनेक मायनों में महत्वपूर्ण है। यह एक सांसद की देश की सर्वोच्च विधायिका में लौटना मात्र नहीं है वरन यह जनसामान्य की आवाज़ के संसद में फिर से गूंजने का आश्वासन है। अपने खिलाफ सत्ता समर्थित सारे षड्यंत्रों को परास्त कर राहुल गांधी के जरिये यह निरंकुशता के खिलाफ़ लोकतंत्र की वापसी भी है, जिसके अनेक तात्कालिक व उससे कहीं बढ़कर दूरगामी नतीजे़ निकलेंगे।

2019 के मार्च महीने में कर्नाटक की एक चुनावी सभा में दिये एक भाषण के आधार पर करीब साढ़े तीन माह पहले राहुल को गुजरात की कोर्ट में दो साल की सज़ा सुनाई गई थी। जिस आतुरता से उनकी लोकसभा की सदस्यता छिनी गयी और उसी फुर्ती से उनका सरकारी आवास भी खाली कराया गया था, वह हास्यास्पद होने के साथ ही सत्ता पक्ष के भय का प्रदर्शन भी था। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले शुक्रवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए राहुल की सज़ा पर न केवल रोक लगा दी वरन गुजरात की अदालतों व वहां की उच्च न्यायालय की न्यायिक प्रक्रिया पर भी गम्भीर सवाल उठाये। दो साल की सजा इस अपराध में अधिकतम है और हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहीं भी यह नहीं बताया कि आखिर अधिकतम अवधि की सजा का औचित्य क्या है। लोग जानते हैं कि संसद की सदस्यता जाने के लिये पूरे दो वर्ष के कारावास की सजा आवश्यक है।

बहरहाल, करीब 136 दिन संसद से बाहर रहकर राहुल जिस प्रकार से भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जैसे आक्रामक हुए उससे दोनों (मोदी व पार्टी) का और भी नुकसान होने लग गया था। तिस पर राहुल इन दिनों जनता के बीच घूमते रहे। कभी वे मणिपुर के हिंसा पीड़ित लोगों को गले लगाते रहे तो कभी वे सुबह उठकर आजादपुर सब्जी मंडी पहुंच जाते थे। छात्रों, युवाओं आदि के साथ उनकी नज़दीकियां बढ़ती चली गयीं। इतना ही नहीं, पिछले वर्ष की सितम्बर से निकली उनकी चार हजार किलोमीटर की (कन्याकुमारी से कश्मीर) पैदल यात्रा ने न केवल उन्हें नयी छवि प्रदान की बल्कि उनके भाषणों के जरिये मोदी की प्रशासकीय अक्षमता, निरंकुशता और क्रोनी कैपिटलिज्म को बढ़ावा देने वाली नीतियों का भी पर्दाफाश होता चला गया। इसी साल 30 जनवरी को जब उनकी यात्रा श्रीनगर में तिरंगा फहराने के साथ पूरी हुई तो कांग्रेस में न केवल नये प्राण पड़ चुके थे बल्कि देश के तमाम बड़े विपक्षी दल जो लोकतंत्र में भरोसा रखते हैं, उन्होंने भी कांग्रेस के नेतृत्व को स्वीकार कर विपक्षी गठबन्धन बना लिया। इस साल जून में पटना में 15 दलों के साथ प्रारम्भ हुई एकता की कोशिशें 18-19 जुलाई को बेंगलुरु पहुंचते-पहुंचते 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनावों के मद्देनज़र भाजपा के लिये सही मायनों में एक मजबूत गठबन्धन 'इंडिया' के रूप में चुनौती बनकर खड़ी हो गयी।

यहां तक भी शायद मोदी और भाजपा के प्रमुख नेता इस खतरे से इस विचार के साथ निपटने के प्रति निश्चिंत रहे होंगे कि चुनाव में अपने चिर-परिचित एजेंडे यानी सामाजिक ध्रुवीकरण व सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के बल पर गठबन्धन को परास्त कर लिया जायेगा, परन्तु अब जब संसद में राहुल लौट चुके हैं, मोदी और भाजपा पर नये हमले होने लाजिमी हैं। फिर, वे ऐसे वक्त में लौटे हैं जब मोदी के खिलाफ़ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार व बुधवार को चर्चा होनी है। निश्चित ही ओम बिरला के लिये उनकी सदस्यता बहाली का बहुत कठिन फैसला रहा होगा पर अब सत्ता पक्ष के लिये उनके वार झेलने में निश्चित ही दिक्कत आयेगी क्योंकि राहुल एक विजेता तथा नैतिक रूप से पहले से सशक्त नेता के रूप में संसद में पुनर्प्रवेश कर रहे हैं जबकि भाजपा व सरकार पराजित एवं अपराध भाव से ग्रस्त कुनबे के रूप में दिखेगी। तय है कि राहुल गांधी अविश्वास प्रस्ताव के प्रमुख वक्ता होंगे जिस दौरान वे पुराने मसले अर्थात मोदी एवं उनके कारोबारी मित्र गौतम अदानी के परस्पर संबंधों के साथ मणिपुर व नूंह (मेवात) की हिंसा और जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में मोदी व योगी (उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ) के नाम पर हुए गोली चालन (जिसमें तीन मुस्लिमों व एक मीणा सम्प्रदाय के पुलिस इंस्पेक्टर की मौत हो गयी थी) जैसे ताज़े मामले भी उठायेंगे। जाहिर है कि मोदी के पास इनके कोई जवाब नहीं होंगे। सवाल है कि क्या मोदी पहले से मजबूत होकर लौटे राहुल का सामना लोकसभा में कर पायेंगे या हमेशा की तरह सदन को किसी मंत्री के हवाले छोड़कर निकल लेंगे या फिर शोर-गुल कराकर लोकसभा को बार-बार स्थगित कराएंगे? संसद का सत्र शुक्रवार तक ही चलना है।

इधर सदन से बाहर की बात करें तो इंडिया सतत मजबूत हो रहा है जिसे राहुल की इस कानूनी जीत से बड़ा बल तो मिलेगा ही, कांग्रेस के प्रति जनविश्वास में और भी इज़ाफ़ा होगा जो भाजपा के लिये असली मुसीबत है। कश्मीर के नेता गुलाम नबी आज़ाद के साथ कांग्रेस छोड़कर जाने वाले कई नेता आज लौट आये हैं। मध्यप्रदेश में भी ऐसा ही सियासी मंज़र देखने को मिल रहा है। बेशक, राहुल गांधी की संसद में वापसी को केवल कानूनी जीत के रूप में नहीं देखना चाहिये। यह वापसी भारतीय लोकतंत्र में मील का पत्थर साबित होगी।

# अविश्वास प्रस्ताव : इस हार में भी जीत है!

सुप्रीम कोर्ट के मानहानि के मामले में सजा पर रोक लगाने के बाद, राहुल गांधी की लोकसभा में वापसी के लिए, अविश्वास प्रस्ताव पर बहस से उपयुक्त दूसरा मौका नहीं हो सकता था। कहने की जरूरत नहीं है कि राहुल गांधी, अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में यानी विपक्ष की ओर से स्टार-वक्ता होंगे और पिछले सत्र में हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद, अडानी-मोदी गठजोड़ पर केंद्रित राहुल गांधी के चर्चित लोकसभा भाषण को याद रखें तो, राहुल गांधी के इस बार के भाषण का भी चर्चित होना तय है। यह अनुमान लगाना भी मुश्किल नहीं है कि लोकसभा में अन्य अनेक प्रभावशाली वक्ताओं की भी मौजूदगी के बावजूद, कम से कम मीडिया द्वारा अविश्वास प्रस्ताव की बहस को, ''राहुल बनाम मोदी'' टीवी बहस में घटाने पूरी कोशिश की जाएगी। कुल मिलाकर इससे अविश्वास प्रस्ताव की इस बहस में जोरदार तड़का लग जाने की उम्मीद की जा सकती है।

इसके बावजूद, इस बहस का मोदी सरकार के बने रहने के लिहाज से क्या नतीजा होगा, यह तो स्वत: स्पष्ट ही है। उलटे, बीजू जनता दल के अविश्वास प्रस्ताव पर बहस में मोदी सरकार को अपना समर्थन देने के ऐलान से यह साफ है कि मोदी राज के प्रबंधकों ने इसका भी पूरा इंतजाम कर लिया होगा कि अगर, इंडिया के मंच पर विपक्ष का उल्लेखनीय रूप से बड़ा हिस्सा अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में एकजुट दिखाई दे, तो दूसरी ओर मोदी सरकार के लिए समर्थन, एनडीए की 2019 के चुनाव में आई संख्या से भी कुछ न कुछ बढ़कर ही दिखाई दे। इसके सहारे और अन्यथा भी, संघ-भाजपा और मुख्यधारा के मीडिया के गठजोड़ द्वारा अविश्वास प्रस्ताव के गिरने को, मोदी राज के लिए जनता के अनुमोदन बल्कि उसकी जीत के रूप में प्रचारित करने की हर संभव-असंभव कोशिश की जाएगी। फिर यह अविश्वास प्रस्ताव क्यों?

इस क्यों के उत्तर के दो महत्वपूर्ण पहलू हैं। पहले का संबंध यह अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने की तत्कालीन पृष्ठभूमि से है। सभी जानते हैं कि संसद के मानसून सत्र की शुरूआत, मणिपुर के बहुत ही चिंताजनक घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में, विपक्ष द्वारा एकजुट होकर इसकी मांग किए जाने के साथ हुई थी कि सब काम छोड़कर संसद द्वारा इस गंभीर समस्या पर चर्चा की जाए और प्रधानमंत्री के वक्तव्य के आधार पर चर्चा की जाए। प्रधानमंत्री के वक्तव्य के आधार पर चर्चा का आग्रह इसलिए और भी प्रबल था कि ढाई महीने से जारी हिंसा तथा भयावह दरिंदगी और हालात पूरी तरह से शासन के काबू से बाहर बने रहने के बावजूद, प्रधानमंत्री ने इस मामले में पूरी तरह से मौन साधे रहा था। और यह तब था जबकि मणिपुर में यह सब तथाकथित ''डबल इंजन'' के राज में हो रहा था, जिसके लिए प्रधानमंत्री की सीधे राजनीतिक ही नहीं, प्रशासनिक जवाबदेही भी बनती थी।

बेशक, तब तक ढाई महीने से मणिपुर में जारी अराजकता तथा इथनिक झड़पों के बीच, लगभग शुरूआत में ही हुई दो कुकी आदिवासी महिलाओं के साथ, हमलावर मैतेई भीड़ की दरिंदगी का वीडियो वाइरल हो गया और देश भर को ही नहीं दुनिया भर को इसकी झलक दिखाई दी कि इंटरनैट पर प्रतिबंध तथा मीडिया पर नियंत्रण की दीवार के पीछे मणिपुर में क्या कुछ हुआ था और हो रहा था और यह झलक संसद का सत्र शुरू होने से ऐन पहले सामने आ गया। अब प्रधानमंत्री को भी मणिपुर पर अपना मौनव्रत तोड़ना पड़ा। लेकिन, ढाई महीने बाद भी प्रधानमंत्री मोदी ने मुंह खोला भी तो क्या बोला?



राजेंद्र शर्मा

> इसी सब की पृष्ठभूमि में जब यह साफ हो गया है कि प्रधानमंत्री मोदी, मणिपुर के मुद्दे पर संसद में सामान्य रूप से कुछ नहीं बोलेंगे, तब विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव के संसदीय अस्त्र का सहारा लेना पड़ा। जाहिर है कि प्रधानमंत्री को अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के अपने जवाब में तो, इस पूरे मामले में जिम्मेदारी के सवाल पर बोलना ही बोलना था।

उक्त वाइरल दरिंदगी को प्रधानमंत्री ने देश को शर्मिंदा करने वाला तो कहा, पर डबल इंजन सरकार के सुप्रीमो की हैसियत से अपनी तथा अपने राज की विफलता के लिए शर्मिंदगी के किसी एहसास का लेशमात्र भी उनके बोलने में नहीं था। उलटे, प्रधानमंत्री मोदी ने फौरन मणिपुर की दरिंदगी को, छांटकर विपक्ष शासित राजस्थान तथा छत्तीसगढ़ में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की समान रूप से क्रूर किंतु सामान्य अपराध की घटनाओं के साथ, जोड़कर बराबरी पर रख दिया, ताकि मणिपुर की बर्बादी के लिए किसी भी जिम्मेदारी से खुद को और अपने डबल इंजन राज को बचा सकें। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री ने न सिर्फ मणिपुर के पूरे घटना विकास पर अपना मौन फिर भी बनाए रखा बल्कि उन्होंने मणिपुर की जनता से शांति की अपील करना और सभी समुदायों को तथा विशेष रूप से अल्पसंख्यकों को उनकी हिफाजत का भरोसा दिलाना तक मंजूर नहीं किया।

और प्रधानमंत्री ने यह बयान भी संसद के अंदर नहीं दिया, जहां इस पर कम से कम चर्चा की गुंजाइश होती। प्रधानमंत्री ने यह बयान दिया, संसद का सत्र शुरू होने से ऐन पहले, पर संसद से बाहर, उसके दरवाजे पर।

इसी सब की पृष्ठभूमि में जब यह साफ हो गया है कि प्रधानमंत्री मोदी, मणिपुर के मुद्दे पर संसद में सामान्य रूप से कुछ नहीं बोलेंगे, तब विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव के संसदीय अस्त्र का सहारा लेना पड़ा। जाहिर है कि प्रधानमंत्री को अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के अपने जवाब में तो, इस पूरे मामले में जिम्मेदारी के सवाल पर बोलना ही बोलना था।

दूसरे शब्दों में, जब मणिपुर जैसी गंभीर चुनौती के संदर्भ में वर्तमान सरकार से सवालों के जवाब हासिल करने के दूसरे सामान्य जनतांत्रिक रास्ते बंद कर दिए गए, तब सरकार से जवाब मांगने के अंतिम संसदीय अस्त्र, अविश्वास प्रस्ताव का विपक्ष को सहारा लेना पड़ा। इन सूरते हाल में संसद के सम्मुख सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अविश्वास प्रस्ताव का सहारा लेना, विपक्ष का सिर्फ अधिकार ही नहीं था, बल्कि उसकी जिम्मेदारी भी थी।

स्वाभाविक रूप से यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या यह सिर्फ प्रधानमंत्री के ईगो का मामला है कि वह संसद में अविश्वास प्रस्ताव या राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के सिवा, मणिपुर के हालात जैसे किसी अत्यधिक गंभीर मसले पर भी, जिस पर उनके राज पर सवाल उठ सकते हों, बोलेंगे ही नहीं? या यह मणिपुर की वर्तमान समस्या को बहुत ज्यादा महत्व न देने का मामला है? बेशक, सच्चाई एक हद तक इन दोनों ही अनुमानों में है, फिर भी सबसे बढ़कर यह वर्तमान निजाम के संसदीय व्यवस्था के सार को ही अस्वीकार करने का मामला है। संसदीय व्यवस्था का सार क्या है? क्या संसदीय व्यवस्था का सार सिर्फ चुनाव है? तब निर्वाचित के निरंकुश शासन और संसदीय जनतंत्र में फर्क ही क्या रह जाएगा? संसदीय जनतंत्र का सार है, कार्यपालिका की संसद के माध्यम से, जनता के सामने जवाबदेही। प्रधानमंत्री बेशक, संसदीय बहुमत के समर्थन के बल पर कार्यपालिका के शीर्ष पर होता है, लेकिन यह बहुमत भी संसद के समक्ष उसकी जवाबदेही का स्थानापन्न नहीं हो सकता है। संभवत: इसीलिए, यह कहा जाता है कि संसद विपक्ष की होती है क्योंकि उसके जरिए ही विपक्ष, उसकी करनियों-अकरनियों के लिए, कार्यपालिका की और जाहिर है कि इसमें कार्यपालिका के प्रमुख के रूप में प्रधानमंत्री भी आ जाते हैं, जवाबदेही सुनिश्चित करता है। यह जवाबदेही संसदीय जनतंत्र का रोजाना का तकाजा है, जो पांच साल या ऐसी ही किसी अवधि पर होने वाले चुनावों में, किसी तरह जनता का ''आशीर्वाद'' हासिल कर लेने से पूरा नहीं हो सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी और जाहिर है कि उनके भक्तगण भी, जिस सुर उन्हें चुनाव में बहुमत मिला होने को कुछ भी करने या नहीं करने के लिए वैधता के सर्वोच्च तथा सर्वव्यापी तर्क के रूप में पेश करते नहीं थकते हैं, उससे जाहिर है कि वे प्रधानमंत्री के पद को पांच साल के निरंकुश राज के पट्टे की तरह देखते हैं और संसद के प्रति कार्यपालिका की रोज-रोज की जवाबदेही की व्यवस्था को, एक अनुपयोगी बोझ ही मानते हैं। हैरानी की बात नहीं है कि वर्ष दर वर्ष और सत्र दर सत्र, संसद की बैठकों की संख्या मोदी के राज के नौ वर्षों में कम से कम ही होती चली गई है। वास्तव में यह रुझान, गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के बारह साल के कार्यकाल में भी दर्ज किया गया था।

इसी का हिस्सा है कि मोदी के राज में संसद का चलना सुनिश्चित करने की, सत्तापक्ष की कोई कोशिश ही नहीं होती है, फिर इसके लिए विपक्ष की किसी मांग को एकोमोडेट करने का तो सवाल ही कहां उठता है। अब तो खैर संसद के साथ पराएपन के इस सलूक को उस मुकाम पर पहुंचा दिया गया है, जहां न सिर्फ संसद में बिना किसी बहस के शोर-शराबे के बीच विधायी काम निपटाने की खानापूरी करना ही सत्तापक्ष को ज्यादा सुविधाजनक नजर आता है बल्कि अब तो संसद को ठप्प करने का जिम्मा भी ज्यादा से ज्यादा सत्ता पक्ष ही संभाल रहा है। फर्क सिर्फ इतना है कि जहां बजट सत्र के उत्तरार्द्ध में सत्तापक्ष ने ''राहुल गांधी की माफी'' की मांग के सहारे संसद को ठप्प किया था, वर्तमान सत्र में यही काम उसने अपनी इस जिद से किया है कि मणिपुर भले ही जलता रहे, प्रधानमंत्री संसद में उसके संबंध में सवालों का जवाब नहीं देंगे। ऐसे में विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से, सिर्फ मणिपुर के मामले में सरकार से जवाब मांगा जाना ही सुनिश्चित नहीं किया है, आम तौर पर संसद के सामने सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने के हमारी संवैधानिक व्यवस्था के सार को भी एसर्ट किया है। कहने की जरूरत नहीं है कि मौजूदा निजाम में संवैधानिक व्यवस्था के इस सार को उभारे जाने की भारी जरूरत है।

दूसरे, अविश्वास प्रस्ताव में गिनती का नतीजा भले ही मोदीशाही के पक्ष में रहना पहले ही तय हो, पर कुल-मिलाकर यह कसरत सत्तापक्ष को भारी ही पड़ने जा रही है। फिर दुहरा दें कि यह राहुल बनाम मोदी बहस में भारी पड़ने न पड़ने का ही मामला नहीं होगा। इससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण यह है नौ साल में पहली बार, इतने बड़े पैमाने पर एकजुट विपक्ष, मोदीशाही के मुकाबला करने के लिए मैदान में उतरेगा। इस लड़ाई से एक-एक मोर्चे पर कामयाबी से विपक्ष जो आत्मविश्वास अर्जित करेगा, वह इस साल के आखिर में होने वाले महत्वपूर्ण विधानसभाई चुनावों के लिए और फिर 2024 के पूर्वार्द्ध में जनादेश के लिए देशव्यापी युद्ध के लिए, विपक्ष के लिए जरूरी प्रैक्टिस का रास्ता बनाएगा। अविश्वास-प्रस्ताव की तयशुदा हार भी, 2024 में मोदीशाही की संभावित हार को ही नजदीक लाएगी।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# मधुमेह की चपेट में बच्चे

■ **प्रशांत कुमार दुबे**

मध्यप्रदेश में विदिशा जिले के निजी विद्यालय की कक्षा 5 में पढ़ने वाली 9 बरस की रिंकी (परिवर्तित नाम) टाइप-1 डायबिटीज़ से पीड़ित है। वह आज से 3-4 बरस पहले डायबिटीज़ की चपेट में आई। कैसे, यह कोई नहीं जानता। अब रिंकी और उसके परिवार का हर सदस्य बस इतना जानता है कि रिंकी को दिन में 3-4 बार खून में ग्लूकोज का स्तर जांचना है और जरुरत के मुताबिक़ दो-तीन बार इन्सुलिन लेना है। परहेज से तो अब उसका चोली-दामन का साथ हो गया है।

हालांकि रिंकी यह नहीं जानती कि कैसे इस बीमारी ने उसे जकड़ा। इसी तरह उसके मज़दूर पिता और गृहिणी मां को केवल इतना पता है कि उसे शक्कर की बीमारी हो गई है? कैसे हो गई, कब हो गई, उन्हें भी कुछ नहीं पता। आमतौर पर डायबिटीज़ को अमीरों या ख़राब जीवनशैली की बीमारी माना जाता रहा है, लेकिन अब यह बीमारी मजदूर वर्गों तक भी आसानी से पहुंच रही है। रिंकी के पिता बताते हैं कि वे एक बार रिंकी को अस्पताल ले गए थे और वहां पर बताया गया था कि उनकी बेटी को शक्कर की बीमारी है। वे कहते हैं कि हम दोनों को तो यह बीमारी नहीं है और हमारे परिवार का इतिहास हमें पता नहीं। रिंकी के 5 भाई-बहनों में भी अभी केवल रिंकी इस बीमारी की चपेट में है।

भारत इस समय बच्चों में डायबिटीज़ बीमारी के चिंताजनक दौर से गुजर रहा है। 'इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन' (आईडीएफ) के 'डायबिटीज एटलस 2021' के आंकड़ों के अनुसार, भारत में 'टाइप-1 डायबिटीज मेलिटस' (टीआईडीएम) से पीड़ित बच्चों और किशोरों की संख्या दुनिया में सबसे ज्यादा है, जिसमें 24 लाख से अधिक बच्चे और किशोर (आयु वर्ग 0-19 वर्ष) तो केवल दक्षिण-पूर्व एशिया में ही हैं। टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित दुनिया का हर पांचवा बच्चा या किशोर भारतीय है। भारत में हर दिन 65 बच्चे या किशोर टाइप-1 डायबिटीज की चपेट में आ रहे हैं। ये कुछ आंकड़े हैं, जो बताते हैं कि भारत में टाइप-1 डायबिटीज कितनी बड़ी समस्या बनती जा रही है। टीआईडी सूचकांक ने अनुमान लगाया है कि अकेले भारत में 8.75 लाख बच्चे और किशोर टीआईडी से पीड़ित हैं और मध्यप्रदेश में रिंकी की तरह ही करीब 32,000 बच्चे डायबिटीज के शिकार हैं।

टाइप-1 डायबिटीज़, बच्चों में सबसे आम है, जो सभी जातीय समूहों के बच्चों में दो तिहाई नए मामलों के लिए जिम्मेदार है। यह 18 वर्ष की आयु तक 350 बच्चों में से एक को होती रही है; लेकिन अब इस घटना के प्रमाण बढ़े हैं, खासकर 5 साल से कम उम्र के बच्चों में। हालांकि टाइप-1 डायबिटीज़ किसी भी उम्र में हो सकती है, लेकिन आम तौर पर 4 साल से 6 साल की उम्र के बीच या 10 साल से 14 साल के बीच इसकी आशंका ज्यादा होती है। रिंकी भी जब इस बीमारी से ग्रसित हुई तब उसकी उम्र 4-5 साल के आसपास रही होगी।

यह विचित्र है कि मध्यप्रदेश में बच्चों में डायबिटीज़ के मामले आदिवासी क्षेत्रों से ही सामने आ रहे हैं। हालांकि मध्यप्रदेश विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों (पीवीटीजी), बैगा, भारिया और सहरिया की धरती है जो कि अभी भी पारम्परिक खाद्यान्न और जीवन जीने के लिए पारम्परिक तौर-तरीकों का ही उपयोग करते हैं। वैसे तो मध्यप्रदेश में आदिवासी समुदाय और उनके बच्चों में डायबिटीज़ पर कोई विशिष्ट अध्ययन नहीं हुआ है, लेकिन आदिवासी स्वास्थ्य पर 'अटल बिहारी नीति विश्लेषण एवं सुशासन संस्थान' की रिपोर्ट बताती है कि पिछले दो दशकों में यह प्रमाण ज्यादा मात्रा में मिलना शुरू हुए हैं।

जिस परिस्थिति से रिंकी गुजरती रही है वह है उसके स्तर की जानकारी का अभाव। मानक देखभाल की अनुपस्थिति या व्यवधान उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है और घातक भी हो सकता है। टीआईडीएम के साथ रहने वाले बच्चों और किशोरों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो अपर्याप्त देखभाल और चिकित्सा सुविधाओं के कारण और भी बदतर हो जाती हैं। रिंकी कहती है कि स्कूल में सब बच्चे, सब कुछ, बहुत कुछ खाते हैं, लेकिन वह सब कुछ नहीं खा सकती। रिंकी को तो बहुत दिन यही समझने में लग गये हैं कि उसे ऐसा क्या हो गया है, जो उसे दूसरों से अलग कर देता है?

रिंकी जैसे बच्चों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए ही 'राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग' ने मार्च 2023 में ही राज्यों को एक पत्र लिखकर कहा कि चूंकि बच्चे दिन का एक तिहाई हिस्सा स्कूल में बिताते हैं, इसलिए यह सुनिश्चित करना स्कूलों का कर्तव्य है कि टीआईडीएम वाले बच्चों को उचित देखभाल और आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएं। आयोग ने कहा कि राज्य सरकारें यह सुनिश्चित करें कि टाइप-1 डायबिटीज़ वाले बच्चे को स्कूल में चिकित्सक की सलाह पर रक्त शर्करा की जांच करने, इंसुलिन का इंजेक्शन लगाने, मध्यान्ह भोजन या नाश्ता करने या अन्य देखभाल करने की आवश्यकता हो सकती है और कक्षा शिक्षक द्वारा ऐसा करने की अनुमति दी जानी चाहिए। आयोग ने यह भी लिखा कि बच्चा चिकित्सक की सलाह के अनुसार खेलों में भाग ले सकता है।

> मध्यप्रदेश में बच्चों में डायबिटीज़ के मामले आदिवासी क्षेत्रों से ही सामने आ रहे हैं। हालांकि मध्यप्रदेश विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों (पीवीटीजी), बैगा, भारिया और सहरिया की धरती है जो कि अभी भी पारम्परिक खाद्यान्न और जीवन जीने के लिए पारम्परिक तौर-तरीकों का ही उपयोग करते हैं। वैसे तो मध्यप्रदेश में आदिवासी समुदाय और उनके बच्चों में डायबिटीज़ पर कोई विशिष्ट अध्ययन नहीं हुआ है।

मध्यप्रदेश में रिंकी अभी तक तो इन सभी सुविधाओं से वंचित है, क्योंकि अभी तक राज्य सरकार ने इस मामले में कोई भी ठोस पहल नहीं की है। आयोग के पत्र का राज्य सरकार ने अपनी ओर से जवाब बनाकर अवश्य भेज दिया है, जिसमें जिलेवार संख्या बताई गई है। एनसीडी प्रोग्राम की प्रभारी डिप्टी डायरेक्टर डॉ.नमिता नीलकंठ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक तो इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग को कोई भी आधिकारिक पत्र नहीं लिखा है। ऐसे में रिंकी जिस स्कूल में पढ़ती हैं वहां उसको और उस जैसे बच्चों को ये सुविधायें मिलने में अभी और वक्त लगेगा। हालांकि उत्तरप्रदेश सरकार ने हाल ही में इस तरह के आदेश कर दिए हैं।

मध्यप्रदेश सरकार को बच्चों की डायबिटीज़ के मामले में पृथक नीतिगत पहल करने की आवश्यकता है। मध्यप्रदेश की मौजूदा स्वास्थ्य नीति, जो कि अभी भी प्रारूप ही है, में भी डायबिटीज़ अभी कोई ख़ास स्थान नहीं ले पाई है। केवल एक जगह इसका संदर्भ मिलता है। ऐसे में बच्चों की डायबिटीज़ पर सरकार की दृष्टि कब पड़ेगी, यह देखना काबिल-ए-गौर है। यह चुनावी साल है और ऐसे में मध्यप्रदेश में शिवराज सरकार चाहे तो बच्चों के स्वास्थ्य के नज़रिए से महत्वपूर्ण इस विषय पर संज्ञान ले सकती है। नहीं तो रिंकी और उसकी तरह हजारों बच्चे, जो कि पहले से ही डायबिटीज़ से पीड़ित हैं, सरकारी अवहेलना से भी पीड़ित नज़र आयेंगे।

(उन्होंने यह लेख 'रीच फेलोशिप' के तहत लिखा है।)

(लेखक भोपाल स्थित 'आवाज' संस्था से जुड़े हैं।)

## पावन प्रसंग

# जहां चाह वहां राह निकल आती है

परमात्मा ने सभी को एक से शारीरिक अंग-प्रत्यंग दिए हैं। यदि मनुष्य इनका उचित रूप से प्रयोग करे, तो कोई कारण नहीं कि जीवन क्षेत्र में अभीष्ट सफलता प्राप्त न हो सके। मनुष्य जिस प्रकार की इच्छा और आकांक्षा करता है, वैसी ही परिस्थितियां उसके निकट एकत्रित होने लगती हैं। आकांक्षा एक प्रकार की चुंबकीय शक्ति है, जिसके आकर्षण से अनुकूल परिस्थितियां खिंची चली आती हैं। जहां गड्ढा होता है, वहां चारों ओर से वर्षा का जल सिमट आता है और वह गड्ढा भर जाता है। किंतु जहां ऊंचा टीला होता, वहां भारी वर्षा होने पर भी पानी नहीं ठहरता। आकांक्षा एक प्रकार का गड्ढा है जहां सब ओर से अनुकूल स्थितियां खिंच-खिंचकर एकत्रित होने लगती है, जहां इच्छा नहीं, वहां कितने ही अनुकूल साधन मौजूद हों, पर कोई महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त नहीं होती।

संसार के इतिहास को उलटिए महापुरुष गरीबों के घर में पैदा हुए व्यक्ति ही मिलेंगे। देखा गया है कि गरीबों के घर के लड़के बड़ी-बड़ी उन्नतियां कर जाते हैं। अमीरों के लड़के ऐशोआराम की सामग्री सुगमतापूर्वक मिल जाने के कारण उनकी रूचि सुख भोगने में ही रह जाती है। किसी दिशा में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करने की तीव्र अभिलाषा प्राय: उनमें नहीं होती। अभिलाषा के बिना पौरुष जाग्रत नहीं होता और पुरुषार्थ के बिना कोई महत्वपूर्ण सफलता कठिन है। गरीबों के लड़के अभावग्रस्त स्थिति में पैदा होते हैं, अपनी हीनता और दूसरों की उन्नति देखकर अंत:करण में एक आघात लगता है। इस आघात के कारण उनमें एक हलचल, बेचैनी उत्पन्न होती। उस बेचैनी को शांत करने के लिए वे उन्नत अवस्था में पहुंचने की आकांक्षा करते हैं। यह आकांक्षा ही उस, मार्ग पर ले दौड़ती है, जिस पर चलते हुए महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त हुआ करती हैं।

गरीबी या अमीरी के साथ उन्नति की असफलता या संबंध जोड़ने का नहीं है। हमारा अभिप्राय केवल यह बताने का है कि जहां जिस वातावरण में इच्छा की, आकांक्षा की कमी रहेगी, वहां विभूतियां प्राप्त न हो सकेगी। जहां इच्छा होगी, अभिरुचि होगी; वहां पैसो का, साधनों का, सहयोग का अभाव भले ही हो, पर धीरे-धीरे अनुकूल वातावरण उत्पन्न हो जाएगा और गौरवास्पद सिद्धि मिलकर रहेगी। यदि संपन्न घर के व्यक्ति को किसी बात की उत्कट अभिलाषा हो, तब तो सोना और सुगंध का संयोग ही समझिए। गरीबों को उन्नति के लिए जिन साधनों को जुटाने में पर्याप्त परिश्रम करना पड़ता है, वे तो अमीरों को अनायास ही प्राप्त हुए होते हैं। इसलिए उनके लिए तो आगे बढ़ने में और भी अधिक आसानी होनी चाहिए।

मन में जो इच्छा प्रधानरूप से काम करती है, उसे पूरा करने के लिए शरीर की समस्त शक्तियां काम करने लगती हैं। निर्णय शक्ति, निरीक्षण शक्ति, अन्वेषण शक्ति, आकर्षण शक्ति, चिंतन शक्ति, कल्पना शक्ति आदि मस्तिष्क की अनेक शक्तियां उसी दिशा में अपना प्रयत्न आरंभ कर देती है. ये शक्तियां जहां सुप्तावस्था में पड़ी होती हैं या विभिन्न दिशाओं में बिखरी रहती हैं, तब मनुष्य की स्थिति अस्त-व्यस्त एवं नगण्य होती हैं, परंतु जब वे शक्तियां एक ही दिशा में कार्य करना आरंभ कर देती हैं तो एक जीवित चुंबकत्व तैयार हो जाता है। जैसे चुंबक पत्थर को कूड़े-कचरे में भी फिराया जाए तो धातुओं के जो टुकड़े इधर-उधर बिखर रहे होंगे, वे सब उससे चिपक जाएंगे। इस प्रकार विशिष्ट आकांक्षाएं मन में धारण किए हुए व्यक्ति अपनी आकर्षण शक्ति से उन सब तत्वों को ढूंढता और प्राप्त करता रहता है, जो लघु कणों के रूप में जहां-तहां बिखरे पड़े होते हैं। जब किसी बात की तीव्र इच्छा होती है पूर्ण करने के लिए साधनों की तलाश आरंभ होती है। अत: कोई न कोई उपाय निकल ही पड़ते हैं। आवश्यकता आविष्कार की जजनी है। जहां चाह होती है वहां राह निकल आती है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# शिक्षा को रोजगारपरक बनाने की आवश्यकता

सेन्टर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनामी की जनवरी 2023 में जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में दिसम्बर 2021 तक बेरोजगारों की संख्या 5.3 करोड़ है, जिसमें 3.5 करोड़ लगातार काम खेज रहे हैं। भारत में रोजगार मिलने की दर बहुत कम है। ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। जून, 2023 में यह 8.45 फीसदी के पार हो गई जबकि मई, 2023 में यह 7.68 फीसदी पर था। रोजगार सभी की जरूरत है। अधिकांश शिक्षित होकर रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। इनमें कुछ तो नौकरी को प्राप्त कर लेते हैं परंतु अधिकांश इससे वंचित ही रह जाते हैं। जीवन में भोजन, कपड़ा व मकान सभी की जरूरत है। जिसका गुजारा रोजगार के बिना मुमकिन नहीं है। रोजगार से सिर्फ धन ही नहीं कमाया जाता है बल्कि प्रगति करने के मौके भी मिलते हैं। रोजगार हमें ज्ञान के साथ-साथ अपने क्षेत्र में कामयाब कैसे हो सकते हैं? यह भी सिखाता है।

वर्तमान समय में शिक्षा के बाद उसी क्षेत्र में नौकरी करने वालों की संख्या न के बराबर होती है। अक्सर मनुष्य को अपने क्षेत्र से अलग क्षेत्रों में कार्य करना पड़ता है। वर्तमान समय में शिक्षा को रोजगार से जोड़ा जाता है। जो व्यक्ति जितना अधिक शिक्षित या अनुभवी होता है नौकरी में उसका महत्व उतना ही अधिक होता है। लेकिन शहरों की अपेक्षा देश के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर आज भी बहुत खराब है। गांवों में न तो ढंग का स्कूल है और न ही उसमें बुनियादी सुविधाएं। यदि कुछ स्कूलों में होती भी है तो शिक्षक नियमित रूप से नहीं आते हैं। यदि सब कुछ सही होता है तो जागरूकता और शिक्षा के महत्व से अनजान अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजते हैं। जबकि कुछ अभिभावक इन समस्याओं के कारण अपने बच्चों को शहरों के स्कूलों में पढ़ाने के लिए मजबूर हो जाते हैं, लेकिन जो अभिभावक आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होते हैं, उनके बच्चों को उन्हीं स्कूलों में पढ़ने की मज़बूरी होती है। इसका सबसे अधिक नुकसान किशोरियों को होता है जो पढ़ना तो चाहती हैं लेकिन शिक्षा की जर्जर व्यवस्था की उनके सपनों को तोड़ देता है।

पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा के संसाधनों व जागरूकता की कमी पर अपने विचार रखते हुए खीमानन्द इंटर कॉलेज, सेलालेख के प्रधानाचार्य मोहनचन्द्र मेलकानी बताते हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों में परिवार उच्च शिक्षा के महत्व से अछूते हैं। उनका ध्यान बच्चों की उच्च शिक्षा पर न होकर घर की आर्थिक स्थिति सुधारने में अधिक होता है। अत: इंटर की शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा के स्थान पर प्राइवेट नौकरी के लिए बच्चों को बाहर निकलने का दबाव बनाया जाता है जिससे उनका पूरा ध्यान पैसा कमाने पर केन्द्रित हो जाता है और वह उच्च शिक्षा से वंचित होकर होटलों, दुकानों, फैक्ट्रियों व कंपनियों में मामूली सी तनख्वाह पर काम करने लग जाते हैं। दूसरी तरफ उच्च व तकनीकी शिक्षा इतनी महंगी भी हो गई है कि ग्रामीण समुदाय इस शिक्षा को अपने बच्चों को दिला पाने में सक्षम भी नहीं है।

ज़्यादातर युवा केवल डिग्री लेने के उद्देश्य से एडमिशन लेते हैं। किस विषय को लेने से रोज़गार प्राप्त करने में आसानी होगी, यह न तो छात्र जानते हैं और न ही उनके अभिभावक को पता होता है। ऐसे समय में उनका कोई मार्गदर्शन करने वाला भी नहीं होता है। जागरूकता की कमी के चलते भी पर्वतीय समुदाय के युवा रोजगार से वंचित रहते हैं। जबकि अभ्यर्थी की जिस विषय में रूचि हो, उन्हें इसकी विस्तृत जानकारी लेनी चाहिए। प्रो सिंह कहते हैं कि सरकार द्वारा युवा वर्ग को प्रशिक्षित करने के लिए कई सकारात्मक योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका सफल परिणाम भी देखने को मिला है। आईटीआई के प्लेसमेंट्स में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। अधिकतर ग्रामीण प्रतिभाएं विशेषकर मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चे आगे नहीं बढ़ पाते हैं। इस पर शासन, प्रशासन व राजनीतिक दलों को गंभीरता से सोचना होगा। साथ ही व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। डिजिटल मंच रोजगार शिक्षा को दिये जाने का सशक्त माध्यम है। जिसका लाभ उठाने की ज़रूरत है।

**गिरीश बिष्ट, रुद्रपुर उत्तराखंड**

# संत रविदास ने समाज में भाईचारा के लिये समरसता का संदेश दिया है



## डॉ. जितेन्द्र जामदार ने चंडालभाटा में जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** संत शिरोमणि रविदास जी के मंदिर निर्माण के लिये निकाली गई समरसता यात्रा को संबोधित करते हुये जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. जामदार ने कहा कि यह यात्रा बालाघाट जिले से प्रारंभ होकर सिवनी, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर होते हुये जबलपुर जिले में आई है। समरसता यात्रा को लेकर लोगों में अपार उत्साह है, इस यात्रा में जनता बढ़-चढ़कर शामिल हो रहे है। संत रविदास के चरण पादुका के दर्शन कर श्रद्धालु आनंदित हो रहे हैं।

उपाध्यक्ष डॉ.जामदार सोमवार को चंडालभाटा में संत शिरोमणि रविदास मंदिर निर्माण हेतु निकाली गई, वे समरसता यात्रा के जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक शरद जैन, महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद महाराज, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रभात साहू, परमपूज्य छिपेश्वर महाराज, संत शंकर शिरोमणि गोपीनाथ जी, स्वामी कालिकानंद महाराज, स्वामी हरिदास महाराज, समरसता यात्रा के संभागीय प्रभारी प्रवीण मेश्राम, शंकर श्रीवास्तव, पुष्पराज पांडे, शिवा चौधरी, आशीष दुबे, आकाश मलिक, पंकज भैया, संकल्प श्रीवास्तव, पीटू भाई, सूरजा घसिया, जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक रवि बर्मन, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी सहित विशाल जन समुदाय उपस्थित था।

संत शिरोमणि रविदास जी के मंदिर निर्माण के लिये निकाली गई समरसता यात्रा सोमवार को अधारताल से प्रारंभ हुई। महामंलेश्वर अखिलेश्वरानंद महाराज, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र जामदार, समरसता यात्रा के संभागीय प्रभारी प्रवीण मेश्राम और परम पूज्य छीपेश्वर महाराज जी ने संत रविदास जी के चरण-पादुका का पूजन कर समरसता यात्रा को लेकर रवाना हुये। समरसता यात्रा का रद्दी चौकी, गोहलपुर, दमोहनाका, माढ़ोताल, छोटा फुहारा, बड़ा फुहारा, गढ़ाफाटक और रानीताल में भव्य स्वागत किया गया। समरसता यात्रा का श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं, पुष्प वर्षा कर जय-जयकार किया। इस अवसर पर महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। लोक गीत गाये गये और लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। डॉ. जामदार ने बताया कि मंडला जिले के गोवर्धन यादव और अनिल झारिया ने समरसता यात्रा की उपयात्रा लेकर जबलपुर में पहुंचे हैं। मंडला जिले से लाई गई मिट्टी और जल को लेकर यह समरसता यात्रा सागर जिले तक जायेगी।

# दुकान विहीन पंचायतों में भी शीघ्र खोली जायें उचित मूल्य की दुकानें

## खाद्य विभाग के अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर के निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने सोमवार को खाद्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुये जिले में शेष रह गई उचित मूल्य दुकान विहीन ग्राम पंचायतों में भी दुकानें खोलने की कार्यवाही शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि जिले में ऐसी कोई पंचायत नहीं रहनी चाहिए जहां उचित मूल्य दुकान न हों।

कलेक्टर ने बैठक में व्हीसी के माध्यम से जुड़े अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों से कहा कि जो कुछ उचित मूल्य दुकान विहीन ग्राम पंचायतें शेष रह गई हैं वहां यदि आवेदन प्राप्त नहीं हुये हैं तो आवेदन बुलाने की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ करें और जहां प्राधिकार पत्र जारी होने के बाद भी दुकानें नहीं खुली हैं वहां व्यक्तिगत रूचि लेकर दुकानें खुलवायें।

कलेक्टर ने बैठक में विक्रेता विहीन उचित दुकानों में विक्रेताओं की नियुक्ति की दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने विक्रेता विहीन दुकानों के आबंटन में महिला स्व-सहायता समूहों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि जिले में केवल 12 पंचायतें ही शेष रह गई हैं जहां उचित मूल्य दुकानें नहीं हैं। इन पंचायतों में से भी अधिकांश के लिये दुकान आबंटन के लिए आवेदन प्राप्त हो गये हैं।

इसी प्रकार जिले में विक्रेता विहीन दुकानों में से 157 दुकानों में महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से विक्रेता की नियुक्ति के प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से 130 दुकानों में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा एफडी जमा कर दी गई है, और 126 दुकानों के संचालन के लिए प्राधिकार पत्र जारी कर दिये गये हैं तथा 115 दुकानों का संचालन भी प्रारंभ कर दिया गया है।




# आदित्य हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में गायनिक यूनिट की प्रथम वर्षगांठ मनाई

**जबलपुर,देशबन्धु।** आदित्य हॉस्पिटल में स्त्री रोग विभाग की पहली वर्षगांठ पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे चिकित्सकों द्वारा स्त्री रोग एवं शिशु रोग पर अपने व्याख्यान दिए गए कार्यक्रम में विगत 1 वर्षों तक जिन मरीजों का इलाज हुआ उन्हें भी आमंत्रित किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ मानिक पांसे (जोक्स की अध्यक्ष) द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में डॉ पल्लवी बघेल द्वारा हाई रिस्क प्रेग्नेंसी एवं देखभाल, डॉ दीपशिखा साहू द्वारा दर्द रहित नार्मल डिलेवरी एवं बिना टांका चीरा के बच्चेदानी के ऑपरेशन डॉ हरिशंकर चंदेल द्वारा प्रेग्नेंसी में हृदय रोग के बारे में जानकारी दी गई शिशु रोग विभाग के डॉ समर सिंह डॉ सुनीता राय, डॉ निवेदिता सहरा एवं डॉ नेन्सी साहू ने शिशु रोग एवंदेखभाल विषय पर अपनी जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. विश्वास शर्मा, डॉ तरूण नागपाल, सचिव डॉ दीप्ति गुप्ता, विशेष रूप से उपस्थित रहे एवं अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया कार्यक्रम का उददेश्य लोगों तक स्त्री रोग एवं शिशु रोग पर लोगों में जागरूकता लाना है।

# विश्व इंग्लो इंडियन दिवस मनाया



**जबलपुर,देशबन्धु।** गत दिवस इटारसी में भोपाल एआईए शाखा द्वारा विश्व एंग्लो इंडियन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भोपाल एआईए आईए शाखा के अध्यक्ष श्री लेस्वी लोबो ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत में अध्यक्ष बैरी ओब्रायन द्वारा दिए गए संदेश को सभी सदस्यों के सुनने के लिए आडियो स्पीकर लगाया गया, उन सभी सदस्यों ने पीएनसी के संदेश, प्रेरणा विचारों और विशेष रूप से भारत में एंग्लो इंडियन महिलाओं के इतिहास और भूमिका की सराहना की। इटारसी के पादरी सेकरह हार्ट चर्च रेव. फादर विलियम्स के उपस्थिति में बच्चों एवं एसोसिएशन के उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा केक काटा गया तंबोला का खेल डी डेंजिल एम्स द्वारा आयोजित किया, जिसका समुदाय के सीनियर सीटीजन और बच्चों द्वारा समान रूप से आनंद लिया गया, रेव. फादर विलियम्स ने अपने संदेश में कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इस तरह के छोटे या बड़े सामाजिक कार्यक्रम समुदाय के सदस्यों के बीच एकजुटता, जागरूकता पैदा करते हैं। इस अवसर पर 11 स्कूल जाने वाले बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गये जिसे एक गैर सरकारी एवं लोबो परिवार संगठन द्वारा शिक्षा योजना के तहत उपहार में दिया गया। धन्यवाद श्रीमती जेनीवी परेरा (सचिव) द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम को संभव बनाने वाले सदस्यों में श्रीमति बर्नाडेट इंगिल मिस लियोनिता पॉल, श्रीमती मारिया डी रोस, डेरिल बर्डस्टर्जन और एआईएआईए भोपाल शाखा के सभी सदस्य शामिल थे। समारोह के अंत में सभी सदस्यों के लिए भोपाल एसोसिएशन द्वारा लंच रखा गया।




# हम फाउण्डेशन ने किया पौधारोपण

**जबलपुर, देशबन्धु।** मिशन हरियाली अंतर्गत हम फाउण्डेशन जबलपुर महानगर के पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. निशिकांत चौधरी की विशेष उपस्थिति में शाखा के नवनियुक्त प्रदेश वित्त महामंत्री अयोध्या प्रसाद सतनामी, शाखा अध्यक्ष कुलदीप सिंह लोधी तथा सचिव राजीव पटेल के नेतृत्व में बरगी शाखा के सौजन्य से तिलवारा स्थित जोतपुर ग्राम में वृहत स्तर पर नीम, जामुन, आम, पीपल आदि वृक्षों का रोपण किया। इस अवसर पर संगठन के डॉ. अनूप तिवारी, डॉ मुकुल तिवारी, डॉ संजय गौतम, मुनमुन भटटाचार्य अशोक सकरड़े, मदन ठाकरे, एड जयेश सिंग राठौर, राकेश त्रिवेदी राजीव शर्मा, डी पी राय, शिवदत्त मिश्रा, संतोष दुबे, विजय बावकर, सीपी राजपूत, डॉ मीना पांडे, एड. रंजीता नरेलिया, विजय पटेल, दिब्बू महाराज सहित शाखा के सदस्य पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# प्रदेश के सबसे ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना गांधी स्मारक में होगी

**हर घर में 2 साल के अंदर पहुंचेगा नर्मदा जल**

**250 करोड़ रूपये की राशि से बन रही हैं सड़के**

**सौर ऊर्जा संयत्र से ननिज के बचेंगे करोड़ों रूपये**



## महापौर ने कार्यकाल के 1 वर्ष होने पर पत्रकारों से की चर्चा

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर के हर घर में दो साल में नर्मदा का जल पहुंचने लगेगा। सड़क, सफाई के क्षेत्र में लगातार काम किया जा रहा है, और सौर ऊर्जा के माध्यम से आने वाले दिनों में बिजली बिल में खर्च की जाने वाली 40 से 50 करोड़ की राशि की बचत नगर निगम की होने लगेगी। प्रदेश में सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज गांधी स्मारक 1 माह में बन जायेगा। सिविक सेंटर गार्डन मे भारत माता का मंदिर भी बनने जा रहा है जिसकी जरूरी प्रक्रिया पूरी हो गई है। इस आशय का ऐलान सोमवार 7 अगस्त को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने महापौर कार्याकाल के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया। वे पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

महापौर ने बताया कि मदन महल का अंडर ब्रिज पुराने समय का नाला है। तत्कालीन जनप्रतिनिधिक ठाकुर पूरन सिंह और उस दौरान के पार्षद संजय यादव के प्रयासों के बाद इसे सड़क के रूप में उपयोग हेतु विकसित किया गया। विधायक लखन घनघोरिया ने बताया कि सीवर लाईन नेताओं के लिये फीवर बन गई है।

विधायक विनय सक्सेना ने कहा कि यूपीए के शासन काल में नगर निगम को भी भोपाल और इंदौर की तरह करीब दो हजार करोड़ की राशि मिली थी, लेकिन उस दौरान की नगर सरकार और राज्य सरकार की गलत नीतियों के कारण जबलपुर का विकास नहीं हो पाया। बेहतर तरह से कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाता तो जबलपुर में नीचे खुले रूप में नाला एवं सड़कें और उपर से फ्लाई ओव्हर बन सकता था, डबले डेकर भी कहते हैं। विधायक संजय यादव ने भाजपा पर निधाना साधा।

# जिले में सघन मिशन इंद्रधनुष प्रारंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान 5.0 के प्रथम चरण का शुभारंभ सोमवार को विधायक अजय विश्नोई ने विकासखण्ड पाटन के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बोरिया में बच्चों को दवा पिलाकर किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश का वाचन सरपंच द्वारा किया गया एवं यू-विन पोर्टल से निकला टीकाकरण सर्टिफिकेट भी हितग्राही को दिया गया।

जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. संजय मिश्रा, जिला टीकाकरण अधिकारी डा. विनोद गुप्ता, बीएमओ पाटन डॉ आदर्श विश्नोई, डब्ल्यूएचओ के डॉ जलज खरे, बीसीएम शिव कांत उपाध्याय भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान विधायक विश्नोई ने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बोरिया का अवलोकन भी किया तथा भर्ती प्रसूताओं एवं बच्चों को फल वितरित किये।

# राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने के लिए मध्यप्रदेश के 41 वूशु खिलाड़ी पटना पहुंचे

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश वूशु संघ के अध्यक्ष एन.के.त्रिपाठी द्वारा दी जानकारी अनुसार 6 से 12 अगस्त 2023 तक 22 वीं जूनियर राष्ट्रीय वूशु प्रतियोगिता का आयोजन पाटलिपुत्रा कॉम्प्लेक्स पटना में भारतीय वूशु संघ के द्वारा किया जा रहा है। जिसमे संपूर्ण भारत से लगभग 1300 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस स्पर्धा में दिल्ली,आंध्र प्रदेश, गोवा, गुजरात, हरयाणा, कर्नाटक,केरल,मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर,मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, राजस्थान ,सिक्किम, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश,पश्चिम बंगाल, अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह, चंडीगढ़,दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव, जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख,लक्षद्वीप आर्मी बॉयज आदि टीमे भाग लेंगी। प्रदेश के कुल 41 खिलाड़ी एंव टीम कोच एवं सेक्रेटरी सारिका गुप्ता विश्वामित्र अवॉर्डी इस स्पर्धा में भाग ले रहें हैं। इस स्पर्धा में देश के 100 आफिसल भाग ले रहे हैं ।जिसमे मध्य प्रदेश के तीन राष्ट्रीय जज अनामी शरण एवम नीतेश बर्मन एवम विनोद प्रतियोगिता में शामिल हैं। लियाकत मंसूरी, शैलेंद्र शर्मा, टीम मेनेजर हैं ।




# प्रेमचंद की कहानियों ने बाँधा समाँ

**जबलपुर, देशबन्धु।** संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर में हिंदी साहित्य सभा द्वारा हिंदी साहित्य के श्रेष्ठ साहित्यकार प्रेमचंद को उनकी कहानियों के माध्यम से उनकी जयंती पर स्मरण किया गया। 31 जुलाई से 07 अगस्त 2023 तक साहित्य सभा के द्वारा सप्ताह भर प्रेमचंद से जुड़ी जानकारियों को साझा किया गया तथा उनकी प्रमुख कहानियों का वाचन किया गया। प्रेमचंद सप्ताह के समापन अवसर पर मयंक प्रसाद द्विवेदी एवं प्रियंका सिंह द्वारा प्रेमचंद का जीवन वृत्त प्रस्तुत किया गया। गंगा चौकसे, प्रफुल्ल कुमार और लक्ष्मी कुमारी द्वारा प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानियों पंच परमेश्वर, ईदगाह और कफ़न पर विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रामेन्द्र प्रसाद ओझा ने अपने संदेश में प्रेमचंद को एक कालजयी साहित्यकार बताते हुए उनकी रचनाओं को आज भी प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. अंजली डिसूजा ( उप प्राचार्य अकादमिक), डॉ. कैरोलिन सैनी एवं डॉ. रीना थॉमस की मुख्य भूमिका रही । कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन मानसी राय एवं धन्यवाद ज्ञापन रीतेश लोधी के द्वारा किया गया।



# आलोक गुप्ता बने सहकारिता प्रकोष्ठ के सदस्य



**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की सहमति एवं प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ के समन्वयक चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी, की अनुशंसा एवं अनुमोदन से आलोक गुप्ता को प्रदेश कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पर नियुक्त किया गया है।

# विद्युत महिला मंडल द्वारा पौधारोपण



**जबलपुर,देशबन्धु।** म.प्र. विद्युत महिला मंडल द्वारा संचालित बालक मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें म.प्र. विद्युत महिला मंडल की अध्यक्ष डॉ. अंजना तिवारी सहित अन्य ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर बालक मंदिर के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये डॉ. अंजना तिवारी ने पर्यावरण संतुलन बनाने में पौधारोपण के महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिये पौधारोपण सर्वक्षेष्ठ और सबसे आसान विकल्प है। उन्होने सभी विद्यार्थियों का आव्हान किया की पौधारोपण के साथ साथ पौधों और वृक्षों की देखभाल करना चाहिए ताकि हम सबको जीने के लिये एक बेहतर वातावरण मिल सके।

कार्यक्रम में शाला प्रबंध समिति सदस्य श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, सुजाता सिंह, प्रतिभा पाणी, नीता दीक्षित, कविता निगम, प्रतिभा पटेल, शाला प्राचार्या शशिकिरण श्रीवास्तव, शाला नायक आदित्य यादव, प्रांजल कुशवाहा, शाला नायिका संध्या रजक, आरिफा अंसारी व विद्यार्थी परिषद के सदस्यों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम में के.जी. क्लास के नन्हे बच्चों द्वारा हरे परिधान में वृक्षों के महत्व का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की समस्त शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान

**जबलपुर, देशबन्धु।** देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर मेरी माटी मेरा देश अभियान संपूर्ण देश में एक साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य पंच प्राण की भावनाओं के साथ अमृत काल की ओर बढ़ने के लिये पूरी तरह तैयार है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य, एक नई युग की शुरूआत को चिन्हित करने के लिये स्वीतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों और शहीदों को याद करना है। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर या किसी उपयुक्ता स्थान पर शिलाफलक (स्मारक) स्थापित करना है।

# पमरे महिला कल्याण संगठन के जागृति बाल केन्द्र की उल्लेखनीय सफलता



## छात्र को मिला शासकीय इंजीनियरिंग कालेज में प्रवेश

**जबलपुर, देशबन्धु।** महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा संध्या गुप्ता के नेतृत्व में पश्चिम मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, रेल कर्मचारियों के परिवारों के प्रति सामाजिक सरोकारों को निभा रहा है, साथ ही जागृति बाल गृह द्वारा बेसहारा, निराश्रित, गुमशुदा, निस्सहाय और अनाथ ब'चों के कल्याण के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है. जिसमें 06 से 18 वर्ष तक के बालक रहते है।

संस्था में बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए आवास, भरण-पोषण, शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था है। इन सभी बालकों को अ'छी शिक्षा हेतु स्कूलों में दाखिला दिलाया गया है। जागृति बाल केन्द्र के बालकों ने इस वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। संगठन की अध्यक्षा श्रीमती संध्या गुप्ता के निर्देशन में संगठन की सभी महिलाओं ने अपना उल्लेखनीय योगदान देकर बाल केन्द्र के बालकों को पूरे वर्ष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। इन प्रयासों के फलस्वरूप 12 वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित सभी 6 छात्र प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण हुए तथा अधिकतम अंक 80 प्रतिशत रहे। इसी प्रकार कक्षा 10वीं के छात्र भी प्रथम श्रेणी में उर्त्तीण हुए।

उल्लेखनीय सफलता में कक्षा 12वीं के दो छात्र जेईई (मेन्स) की परीक्षा में सम्मिलित हुए एवं एक छात्र ने जेईई (मेन्स) में उत्तीर्ण होकर जेईई (एडवांस) परीक्षा में सम्मिलित हुआ और इस छात्र को शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर में प्रवेश मिल गया है। इसके अतिरिक्त एक छात्र को शासकीय पॉलिटेक्निक में बीफार्मा में एवं दो छात्रों को होटल मैनेजमेंट में प्रवेश मिला हैं। इसके साथ ही कक्षा 12वीं के छात्रों ने अग्निवीर परीक्षा में लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की।

# चौरसिया प्रतिभा सम्मान हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित

**जबलपुर, देशबन्धु।** परम्परानुसार चौरसिया समाज जबलपुर (पंजीयत) द्वारा सतत 35 वें वर्ष में मनाये जाने वाले चौरसिया दिवस समारोह के अवसर पर इस वर्ष भी दिनांक 27 अगस्त 2023 रविवार को स्थानीय मानस भवन,राइट टाउन में दिन 12 बजे से सांय 7 बजे तक समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं के साथ ही निस्वार्थ विभूतियों को भी इस गरिमामयी समारोह में सम्मानित किया जावेगा।

समारोह के संयोजक हरीश महेश्वर प्रसाद चौरसिया, समाज के अध्यक्ष प्रमोद कैलाश चौरसिया के द्वारा सभी समाजजनों से अनुरोध किया है कि जिनके बच्चे नर्सरी से 5 वीं तक 70 प्रतिशत, कक्षा 6 वीं से 8 वीं तक 65 प्रतिशत, 9 वीं से ऊपर महाविद्यालय स्तर तक 60त्न प्राप्तांक से अधिक व नीट/जे ई ई,पी.एस.सी. अथवा किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलतापूर्वक चयनित के साथ साथ कला, संगीत, खेलकूद या अन्य विधा में विशिष्ट स्थान एवं उपलब्धि हासिल की हो वे तो भी सम्बंधित प्रमाण पत्र अथवा अंक सूची की छायाप्रति जिसके पीछे अभिभावक का नाम,पता व मोबाइल नं. उल्लेखित कर अनिवार्य रूप से रविवार 20 अगस्त तक योगेश चौरसिया, न्यू चौरसिया होटल,बस स्टेंड, तीन पत्ती/प्रिया पान सेंटर, साठिया कुआँ मैदान/ मुकेश विनय,पान दुकान, कमानिया/ आकाश चौरसिया मोबाइल शॉप,छोटी लाइन, गोरखपुर/शिव पूजन सामग्री, अहिंसा चौक, विजयनगर/ बबलू (राजू आर0सी0), गुरंदी पानमार्केट/ सत्यनारायण प्रह्लाद चौरसिया, हनुमान मंदिर के पास, रांझी/ दुर्गेश,मारुति मार्बल के पास, छोटी बजरिया, गढ़ा/ जगदीश एड.,बताशा दुकान, खोवामंडी/ कमलेश,नीलकंठ ट्रेडर्स,गेट नं.1,रानीताल/ एड.रामू, चौरसिया पान मसाला, बीजासेन मंदिर, फूटाताल/पंकज गेंदालाल चौरसिया,व्यास मोहल्ला,प्रताप वार्ड,पनागर व आकाश, ब्रजवासी पूजन, निवाडगंज/ अजय, पीयूष सौंदर्य कलेक्शन, छोटीदेवन, दीक्षितपुरा/ महेश विष्णु, पान शाप, अनगढ़ महावीर के साथ भी संदीप भगवानदास, गुरंदी पान मंडी, जबलपुर में जमा कर सहयोगी बनें।

समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम में उन प्रतिभागियों की प्रस्तुति का प्रावधान होगा जिन्होंने समिति को अपना नाम 15 अगस्त 2023 तक लिखवाकर टोकन प्राप्त कर लिया हो। सभी समाजजनों को वरिष्ठजनों के निर्देशन में पदाधिकारियों व युवाओं की टीम घर घर जाकर आमंत्रण पत्र देकर समारोह में आमंत्रित कर रही है।

पुलिस प्रशासन और महिला बाल विकास विभाग का आयोजन

# अभिमन्यु चक्र, अपराधों को मिलेगा मुंह-तोड़ जवाब







**जबलपुर, देशबन्धु।** महिलाओं के साथ लगातार बढ़ते अपराधों की रोकथाम और जागरुकता के लिए अलसुबह धावकों ने दौड़ लगाई। मैराथन का उद्देश्य सिर्फ महिलाओं को सशक्तता के लिए प्रेरित करना नहीं, बल्कि मुख्य रूप पुरुषों में अलख जगाना था। पुलिस प्रशासन के तत्वावधान में सोमवार को जागरुकता अभियान अभिमन्यु के अंतर्गत मैराथन आयोजित हुई। इसमें दौड़ के साथ शपथ, सेल्फी प्रतियोगिता और पोस्टर कॉम्पीटिशन आयोजित किए गए।

**कई मार्गों से गुजरे धावक** – मैराथन पुलिस कंट्रोल रूम से शुरू होकर बड़ी ओमती, करमचंद चौक, सुपर मार्केट से होते हुए लार्डगंज परिसर में समाप्त हुई। इस मौके पर एसपी तुषारकांत विद्यार्थी, एडिशनल एसपी प्रियंका शुक्ला, एडि. एसपी संजय अग्रवाल, एडि. एसपी प्रदीप कुमार शेण्डे, एडि. एसपी सोनाली दुबे, सीएसपी अंकिता खातरकर, सीएसपी अपूर्वा किलेदार, सीएसपी एसपी तुषार सिंह, डीएसपी मधुकर चौकीकर, रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य, टीआई प्रीति तिवारी आदि मौजूद रहीं।

**लैंगिंक भेदभाव नहीं करेंगे** – कार्यक्रम के दौरान एसपी ऑफिस रोड, भंवरताल गार्डन, सिविक सेंटर एवं विभिन्न स्कूल एवं कॉलेजों में सेल्फी विद अभिमन्यु फ्लेक्स की एक्टिविटीज हुईं। इस बीच आमजनों को लैंगिंक भेदभाव ना करने और अपराधों के लिए आवाज बुलंद करने की शपथ दिलवाई।

– जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत 15 अगस्त तक प्रतिदिन वाद-विवाद प्रतियोगिता, नुक्कड नाटक, मैराथन, सेल्फी प्रतियोगिताएं एवं अन्य जागरुकता कार्यक्रम होंगे।



# मानस में है जीवन का दर्शन

**जबलपुर, देशबन्धु।** तुलसी राम चरित मानस का जिस घर में गायन होता है, वहां कष्ट निवारण होता है। विप्रकुल परिषद् तुलसी मानस प्रचार समिति के तत्वावधान में तुलसी मानस गान प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में आकर्षक परिधानों में पुरुष, महिला एवं बाल मंडलियों ने भक्तिभाव से भारतीय वाद्ययंत्रों के साथ मानस का गायन किया। प्रतियोगिता में 10 से 80 वर्ष तक के प्रतिभागियों की 24 मंडलियां शामिल हुईं। अतिथि भूमिका नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, आचार्य भगवत दुबे, संयोजक दुर्गा चौबे, राजेश पाठक, केएल चौपड़ा, दिव्या चौबे, डॉ. पुनीत शुक्ला, दिलीप दुबे, चंद्रप्रकाश वैश्य, आशा रिछारिया ने निभाई। कार्यक्रम में डॉ. निशा खम्परिया, डॉ. मृदुला चौरसिया, संगीता भारद्वाज, दीनदयाल तिवारी, डॉ. अरुणा पांडे का सहयोग रहा।



# जीती इंट्रा क्लस्टर प्रतियोगिता, आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 ने

**जबलपुर, देशबन्धु।** आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर-1 के स्टूडेंट्स ने वाराणसी में हुई सेंट्रल कमाण्ड इन्ट्रा क्लस्टर वाद-विवाद प्रतियोगिता में ट्रॉफी जीती। स्कूल विद्यार्थियों ने हिन्दी, अंग्रेजी में वाद-विवाद के पक्ष और विपक्ष में तर्क दिए। प्रतियोगिता में रितिका, अनीषा यादव, अनिकेत कुमार यादव, अन्वेषा जोशी, अंजू जैसलीन, अखिलेश साहू ने परचम लहराया। उपलिब्ध के लिए छात्रों को स्कूल चेयरमैन वीएसएम, ब्रिगेडियर राजीव चावला, प्राचार्य नसीमा ए ने सम्मानित किया।



# परिधानों में छाई महेश्वरी, चंदेरी की चमक

शासकीय होमसाइंस कॉलेज में आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** विभिन्न प्रांतों की साड़ियां पहनकर नेशनल हैंडलूम दिवस मनाया गया। इसमें एमपी महेश्वरी, चंदेरी, यूपी की बनारसी, गुजरात की पाटोला, उड़ीसा की बोमकाई, आंध्रा की पोचमपल्ली और गोवा की कुनबी साड़ी में भारतीय संस्कृति नजर आई। हथकरघा दिवस के मौके पर शासकीय होमसाइंस कॉलेज के टेक्सटाइल विभाग में आयोजन हुआ। कार्यक्रम में हैंडलूम साड़ी ऑफ एमपी विषय पर क्विज, सैकंड एक्टिविटी में डिटिजल पोस्टर कॉम्पीटिशन हुआ।

**बालूचरी, तांत और पैठनी साड़ी** – कार्यक्रम में छात्राओं ने हथकरघे के महत्व को समझाने के लिए साड़ी डिसप्ले किया। साड़ी शूट के दौरान जामदानी, पैठनी, पेठ, कुनबी पैटर्न की साड़ियां खास रहीं। इस मौके पर जनभागीदारी अध्यक्ष सीमा सिंह, प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, डॉ. भावना शर्मा, डॉ. रीना भैरम, डॉ. रचना अग्रवाल मौजूद रहीं।

## मिरर और लेस से किया अंब्रेला डेकोरेशन

**जबलपुर, देशबन्धु।** अंब्रेला डेकोरेशन में लेडीज ने हुनर दिखाया। अम्ब्रेला डेकोरेशन के लिए लेडीज ने फ्रिल, लेसेस, मिरर और स्पार्कल का इस्तेमाल किया। कल्चुरि महिला मंडल के मानसून सेलिब्रेशन में सिटी लेडीज ने ऐसी ही एंटरटेनिंग एक्टिविटी में हिस्सा लिया। मानसून पर आधारित तरह-तरह के गेम्स खेले गए, जिसमें विनर्स को सम्मानित किया गया। इस मौके पर रेखा चौकसे, बीना चौकसे, गीता शिवहरे, विजयलक्ष्मी जायसवाल, अनीता चौकसे, रजनी शिवहरे, भावना चौकसे, सविता शिवहरे, प्रमिला राय, उमा भारती जायसवाल, अर्पणा चौकसे मौजूद रहीं।

# लंदन कॉलिंग थीम पर यारी सेलिब्रेशन

सिंधी दिलशान क्लब की थीम पार्टी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेड ड्रेसकोड में लेडीज ने रैम्प पर जलवा बिखेरा। खूबसूरत ड्रेसेज और अट्रैक्टिव एसेसरीज ने उनका लुक बढ़ाया। दोस्ती के नाम पार्टी रही, क्योंकि थीम बेस्ड सेलिब्रेशन में यारी का रंग चढ़ा। सिंधी दिलशान लेडीज क्लब का फ्रेंडशिप डे सेलिब्रेशन लंदन कॉलिंग थीम पर सेलिब्रेट हुआ। कार्यक्रम में एंटरटेनिंग एक्टिविटीज के साथ गेम्स और म्यूजिक परफॉर्मेंस खास रहीं।

**रैम्प वॉक का ग्लैमर** –कार्यक्रम में रैम्प वॉक राउंड स्पेशल रहा, जिसमें लंदन क्वीन, बेस्ट थीम वियर, फिटनेस आइकॉन, मिशेन फैशन स्टा, स्टार ऑफ द इव, बेस्ट स्माइल जैसे टाइटल के लिए प्राइज दिए गए। इस मौके पर अध्यक्ष शिखा खटवानी, मालविका भनोट, करिश्मा शर्मा, डायरेक्टर नीलम जैसवानी, जिया वाधवानी, हनी अडनानी प्रियंका वाधवानी, दीपिका कुमार मौजूद रहीं।






# श्री गुप्तेश्वर महादेव का तांत्रिक भूतेश्वर श्रृंगार

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के उपलिंग ,स्वयंभू सिद्धपीठ भगवान श्री गुप्तेश्वर महादेव जी को संध्या आरती में तांत्रिक भूतेश्वर श्रृंगार किया गया। श्री गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी मुकुंद दास जी महाराज के सानिध्य में भूतेश्वर स्वरूप में श्रृंगारित किया गया। महादेव यंत्र मंत्र तंत्र सभी विधाओं के अधिष्ठाता देवता हैं। तंत्रिका तंत्र में भगवान भूतेश्वर महादेव को प्राप्त कर सिध्दि प्राप्त की जाती है। आज पूजन अर्चन आरती में गुप्तेश्वर ट्रस्टी रमेश मिश्रा, बसंत मिश्रा, डा.सन्तोष रजनीश गुलाटी, पंकज पाण्डेय, शैलेन्द्र राठौर, डा.मरकाम, कमलेश अग्रवाल, राजेंद्र त्रिपाठी, अनिल चानवानी, सुधीर बुधरानी, कमलेश , पं.सुनील तिवारी, पं. छबिलाल, संजय नेमा, पूरन नामदेव, सत्यम गौतम, संगीता सिंह परिहार, दीदी वन्दना आनन्द, मुन्ना पांडे, एकलव्य ठाकुर, सार्थक परिहार , सत्यम मिश्रा, रघुवीर भंडारी, लोकेश गुप्ता, विवेक, दीपक, अतुल, अश्विन, पं.अनुज, आशीष, रौनक, ईशान मीन सिंह, मोहित, अनुराग, दुर्गेश वेंकटेश, कौस्तुम, डा. राम उपाध्याय, कनक शिखा सुरभी जयसवाल, राखी जी, अशोक शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।



# पारदेश्वर महादेव का महारूद्राभिषेक

**जबलपुर, देशबन्धु।** नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह दास जी महाराज ने गीता धाम में पारदेश्वर महादेव का पुरूषोत्तम श्रावण मास महोत्सव के अवसर पर आयोजित पारदेश्वर महादेव शंभो की षोणषोपचार पूजन, 108 शिवनामार्चन, रूद्राभिषेक किया श्रावण महोत्सव रूद्राभिषेक पूजन अर्चन आरती आचार्य रामफल शास्त्री ,कामता शास्त्री ,एस बी मिश्रा, चन्द्रप्रकाश महाराज ,रामजी ,लालमणि मिश्रा संदीप ,धर्मेंद्र तिवारी, सुनील प्रवीन चतुर्वेदी ,अमित शास्त्री सहित नरसिंह मंदिर गीता धाम भक्त मंडल व श्रृध्दालु जन उपस्थित रहे। श्रावण पुरूषोत्तम मास के अवसर पर विशेष अनुष्ठान में श्री सनातन धर्म महासभा, नरसिंह मंदिर गीता धाम भक्त परिवार ने पूजन अर्चन किया।



## बड़े शंकर जी गंजीपुरा

**जबलपुर, देशबन्धु।** सावन के पांचवें सोमवार को जबलपुर के सिद्ध बड़े शंकर जी गंजीपुरा के दिव्य श्रृंगार दर्शन, भगवान शिव का मोतियों से श्रृंगार किया गया है।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 08 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण कृष्ण पक्ष की सप्तमी। नक्षत्र-अश्विनी।**

मेष - परिवार और बालकों की तरफ से आप खुशी और संतोष प्राप्त कर सकेंगे। आज आप मित्रों और सगे- सम्बंधियों से घिरे रहेंगे। काम या व्यवसाय के लिए बाहर जाने की संभावना है और आगामी यात्रा लाभदायक रहेगी।

वृषभ - आज का दिन व्यापारी वर्ग के लिए अच्छा प्रतीत हो रहा है। वे नई योजनाएँ बना सकेंगे। नए व्यवसाय में भी उन्हें आर्थिक लाभ होने की संभावना है। आपको लंबी यात्रा करनी पड़ सकती है।

मिथुन - गणेशजी की सलाह है कि आपको स्वभाव की उग्रता को अंकुश में रखनी चाहिए। गलत विचार और बदनामी से दूर रहना चाहिए। **क. 450-178**

कर्क - आज आप समाज में और व्यवसाय में लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मौज-मस्ती, वस्त्राभूषण तथा वाहन की खरीदारी कर सकेंगे। आज आप मनोरंजन, रुचिकर प्रवृत्तियों तथा विपरीत लिंगीय व्यक्ति को मिलकर सुख का अनुभव करेंगे।

सिंह - गणेशजी कहते हैं कि आपको मन में उदासीनता और भय का अनुभव होगा। परंतु घर में सुख- शांति बनी रहेगी। परिश्रम करने में आप पीछे नहीं रहेंगे, परंतु उच्च पदाधिकारियों के साथ अधिक विवाद या चर्चा में न पड़ें।

कन्या - आज के दिन आपके मन में चिंता और भय सताती रहेगी। आपको स्वास्थ्य और संतान की विशेष चिंता रहेगी। पेट की शिकायत होगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल नहीं है। अचानक खर्च हो सकता है।

तुला - आज आप अत्यधिक भावनाशील होने के कारण आपका मन बेचैनी का अनुभव करेगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा अथवा उनके साथ सम्बंध बिगड़ने की संभावना है। प्रवास के लिए समय अनुकूल नजर नहीं आ रहा है।

वृश्चिक - गणेशजी बताते हैं कि आपका आज का दिन आनंद और खुशी के पलों में व्यतीत होगा। आप नया कार्य शुरू कर सकेंगे। सहोदरों के साथ आपके सम्बंध अच्छे रहेंगे। भाग्य में वृद्धि हो सकती है। मित्रों और स्वजनों से मिलेंगे।

धनु - गणेशजी कहते हैं कि आपका दिन मिश्रफल देनेवाला बना रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद या मनमुटाव होने की संभावना है। आज आपका मनोबल दृढ़ होने के कारण निर्णय लेने में तकलीफ होगी।

मकर - गणेशजी की कृपादृष्टि आप पर होने से निर्धारित कार्य पूरे होंगे। आफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। पारिवारिक जीवन में आनंद छाया रहेगा। आप तन-मन से स्वस्थ रहेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों से मिलकर आनंद का अनुभव करेंगे।

कुंभ - आपको आज किसी का जमानती न बनने और किसी के साथ पैसे की लेन-देन न करने की गणेशजी सलाह देते हैं। खर्च बढ़ सकता है। तन-मन में अस्वस्थता अनुभव होगा। स्वजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

मीन - आज आप किसी समारोह में भाग ले सकेंगे। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आपको खुशी होगी। किसी रमणीय स्थान में जाने की संभावना है। कोई अच्छा समाचार मिल सकता है। पत्नी और संतान से भी लाभ हो सकता है। **मा. 699-113**

2,4,6,7,29,44,68,14,37,72,87,56

# उच्च पद प्रभार प्रक्रिया को स्वैच्छिक किया जाए

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि इस समय शासन द्वारा पदोन्नति के बदले वैकल्पिक तौर पर उच्च पद प्रभार देने की प्रक्रिया सभी विभागों में जारी है। वैसे तो उच्च पद प्रभार की प्रक्रिया में अनेकों विसंगतियां देखने को मिल रही है। वहीं दूसरी तरफ उच्च पद प्रभार की सूची विभाग द्वारा एम शिक्षा मित्र पर व्यक्तिगत आदेश जारी किए जा रहे हैं। व्यक्तिगत आदेश प्रसारित किए जाने के कारण पूर्णतः पारदर्शिता प्रदर्शित नहीं हो रही है। जिससे सभी कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।

संघ ने आगे बताया कि एक तरफ पारदर्शिता प्रदर्शित नहीं हो रही है वहीं दूसरी तरफ कर्मचारियों को एक तरफा कार्य मुक्त किया जा रहा है जो अनुचित है। न्याय संगत नहीं है। वहीं दूसरी तरफ उच्च पद प्रभार प्रक्रिया स्वैच्छिक क्यों नही है यह बहुत बड़ा सवाल है। क्योंकि जो नियमित कर्मचारी है उनमें ज्यादातर कर्मचारी सेवानिवृत्ति के करीब हैं किसी को 1 साल तो किसी को 2 साल बाकी हैं ऐसे कर्मचारी उच्च पद प्रभार गृहण कर दूर नहीं जाना चाहते हैं। परंतु शासन/विभागीय कार्यवाही द्वारा उन्हे एक तरफा कार्यमुक्त किया जा रहा है जो न्यायसंगत नहीं है क्योंकि इस वजह से कुछ कर्मचारियों को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने मजबूर होना पड़ रहा है। विभिन्न विभागों में कई महिला कर्मचारियों को परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उच्च पद प्रभार प्रक्रिया पूर्णतः स्वैच्छिक होना चाहिए।

संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, हेमन्त ठाकरे, दिनेष गौंड़, उमेश सिंह ठाकुर, राकेष श्रीवास, सुनील झारिया, रऊफ खान, एनोस विक्टर, धनराज पिल्ले, गुडविन चार्ल्स, ओमप्रकाश झारिया, राजेष सहारिया, गोपीषाह, रामकुमार कतिया, विजय झारिया, भास्कर गुप्ता, सुधीर अवधिया, मनीष मिश्रा, राजकुमार यादव, फिलिप अन्थोनी, सुधीर पावेल, विनोद सिंह, क्रिस्टोफर नरोन्हा, राजेन्द्र सिंह, रामदयाल उईके, अफरोज खान, देवेन्द्र पटेल, मनीष झारिया, रवि जैन, नेत राम, नीरज मरावी, वीरेन्द्र श्रीवास, सुनील स्टीफन, विनय रामजे, प्रदीप पटेल, रामकुमार कतिया, सरीफ अहमद अंसारी, आषीष कोरी, मनीष मिश्रा, संतोष चैरसिया, एस.बी.रजक, सुखराम विष्वकर्मा आदि ने शासन से मांग की है कि उच्च पद प्रभार प्रक्रिया को पूर्णतः स्वैच्छिक किया जाए।

# ननिज संविदा पर कार्यरत, कर्मी, अधिकारियों को नियमित किया जायेः महापौर और नेता प्रतिपक्ष को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर, देशबन्धु।** अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स ने बताया कि शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के द्वारा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में संविदा पर नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों के संबंध में दिशा निर्देश जारी किये गये।

उपरोक्त दिशा निर्देशों का पालन शीघ्र अतिशीघ्र किया जावे इस तारतम्य में नगर निगम महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल को माँग पत्र सौंपा।



इस अवसर पर अजय सोनकर, राम दुबे, योगेश चौधरी, राकेश समुन्द्रे, कपिल दुबे, ऐबू डेविड, कालूराम सोलंकी, बी. सत्यनारायण, प्रशांत राव, व्यंकट, यंगटैया, विजय, अमित बाल्मीक, आदम, जसवंत करोसिया, नारायण, चन्द्रशेखरकांत, अजय बिहूनिया, राजेश गिरानिया, महेश सुमन, मनीष समथ, देवीशरण, महेन्द्र मार्को, बलराम कलसा, मुकेश, शेखलाल आर्मो भानसिंह तेकाम आदि उपस्थित रहे।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री तिलकधर शर्मा**- दुर्गा कॉलोनी संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री तिलकधर शर्मा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शारदा गुप्ता**- दीक्षित कॉलोनी आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री नर्मदा प्रसाद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती शारदा गुप्ता (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मनमोहन विश्वकर्मा**- संजय नगर अधारताल निवासी श्री मनमोहन विश्वकर्मा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुंदर लाल डुमार**- हनुमान होटल सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री सुंदर लाल डुमार (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लालचंद गुप्ता**- कटरा अधारताल निवासी श्री लालचंद गुप्ता (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आशीष पटेल**- पुरानी बस्ती माढ़ोताल निवासी श्री इंद्र कुमार पटेल के पुत्र श्री आशीष पटेल (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गनेश प्रसाद रैकवार**- चुंगी चौकी लालमाटी निवासी श्री गनेश प्रसाद रैकवार (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती वैजयंती बाई खटीक**- सराफा खटीक मोहल्ला निवासी श्री प्रीतम लाल खटीक की धर्मपत्नी श्रीमती वैजयंती बाई खटीक (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

# नकली रेमडेसिवर कांड के आरोपी मोखा ने जिला अदालत परिसर में अधिवक्ता को पीटा

## वकीलों ने ओमती थाने में कराई शिकायत





**जबलपुर, देशबन्धु।** कोरोना काल में नकली रेमडेसीविर इंजेक्शन बेचने के मामले में सुर्खियों में आये सिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर सरबजीत सिंह मोखा एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार इन्होंने न्यायालय परिसर में एक अधिवक्ता महेन्द्र श्रीवास के साथ मारपीट कर दी। यह वही अधिकवक्ता हैं जिनके पिताजी की मौत कोरोना काल में सिटी अस्पताल में लापरवाहियों के चलते हुई थी। जिसके बाद अधिवक्ता ने मोखा के खिलाफ याचिका दायर की थी।

मोखा द्वारा की गई मारपीट के बाद वकीलों में आक्रोश है। जिसके बाद अधिवक्ता महेंद्र श्रीवास अपने साथियों के साथ ओमती थाने पहुंचे और सरबजीत सिंह मोखा उनके बेटे सहित एक अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के बाद ओमती थाना पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। घटना के संबंध में जिला अदालत में कार्य कर रहे अधिवक्ता महेंद्र श्रीवास का कहना है कि सोमवार दोपहर को जब वह अपनी सीट पर बैठकर काम कर रहे थे उसी दौरान सिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर सरबजीत सिंह मोखा अपने बेटे हरकरण सिंह और अन्य साथियों के साथ पहुंचे और महेंद्र श्रीवास का गला दबाते हुए उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दी। महेंद्र श्रीवास का आरोप है कि सरबजीत सिंह के बेटे हरकरण सिंह ने अपनी कटार निकाल कर उन्हें मारने की कोशिश की।

वकील का कहना है कि इस पूरे विवाद की वजह मेरे द्वारा सरबजीत सिंह मोखा के खिलाफ नकली रेमडेशिविर इंजेक्शन को लेकर मेरे द्वारा शिकायत करना है। महेंद्र श्रीवास का कहना है कि कोरोना संक्रमण के दौरान उन्होंने नकली रेमडेशिविर सीविर मामले में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी उसी का वो बदला ले रहे हैं।

महेंद्र ने पुलिस को बताया कि सरबजीत सिंह मोखा का बेटा हरकरण सिंह उसे कई दिनों से धमकी भी दे रहा है कि वह समझौता कर ले, पर जब बात नहीं बनी तो उन्होंने जिला अदालत परिसर में घुसकर मारपीट की। महेंद्र ने इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत अपने अध्यक्ष सचिव सहित ओमती थाना पुलिस में की है। पुलिस ने वकील की शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मोखा भी पहुंचे थाने, मारपीट की लिखाई रिपोर्ट

अधिवक्ताओं से सोमवार दोपहर सिटी अस्पताल संचालक सरबजीत सिंह मोखा भी मामले के बाद ओमती थाने तक पहुंचा। वकीलों की शिकायत पर ओमती थाना प्रभारी द्वारा सरबजीत सिंह मोखा पर अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया। परंतु शाम होते ही ओमती थाने में जब सरबजीत सिंह मोखा अपने पुत्र के साथ पहुंचे और उन्होंने भी अपना पक्ष थाना प्रभारी के सामने रखा। जिसके बाद सरबजीत सिंह मोखा व उनके पुत्र की शिकायत को थाना प्रभारी द्वारा लिया गया। मामले को लेकर थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायत सामने आई है और पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जांच प्रारंभ कर दी गई है आगे जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके बाद वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।



## शहर में बढ़ते अपराधों के खिलाफ एसपी कार्यालय में कांग्रेस का प्रदर्शन

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहर में बढ़ते अपराधों को लेकर एवं रेल लाइन के किनारे शहर की पॉश कालोनियों में हो रही डकैतियों और आपराधिक वारदातों के चलते जनता भयभीत है, असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। पुलिस प्रशासन की नाकामी के खिलाफ शहर कांग्रेस एवं शहर नागरिक नेतृत्व में एसपी ऑफ़िस का घेराव किया। शहर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि उद्योगपति पुष्पा वेरी, प्रतिष्ठित व्यापारी रामअवतार गुप्ता, निखिल अग्रवाल, दलबीर सिंह टुटेजा के यहां हुई डकैतियों के कारण जनता में रोष है, और जिला पुलिस प्रशासन की नाकामी के खिलाफ राजनीतिक, सामाजिक लोगों ने एसपी ऑफिस का घेराव कर मांग की है कि जल्द से जल्द निराकरण नहीं होता है तो जबलपुर बंद कराया जाएगा।

इसमें शहर के जागरूक नागरिकों व विभिन्न संगठनों के लोग शामिल हुए। इस दौरान तिलक राज यादव,डॉक्टर आलोक चंसोरिया, आलोक मिश्रा, अभिषेक चिंटू चौकसे, रमेश चौधरी, बाबू शंकर सोनकर, वीरेंद्र चौबे, दिनेश यादव नरेश सराफ, विष्णु शंकर पटेल, राशिद सोहेल सिद्धकी, सुरेंद्र शर्मा, कदीर सोनी, पप्पू राठौर राहुल रजक ,सतानंद मिश्रा, अचल सिंह गौर, गोविंद यादव, दिनेश यादव, काशीनाथ, रविंद्र दुबे (छोटू), द्वारका मिश्रा, केवल कृष्ण आहूजा, अभिषेक चौकसे, सौरभ नाटी शर्मा, प्रशांत मिश्रा, नरेंद्र पांधे, नवीन शुक्ला, विवेक अवस्थी, इशरत अली, मुकेश राठौर, संदीप जैन (गप्पू) जीपी पांडे, सोनू दुबे, संजू ठाकुर, विजय जायसवाल, राजकुमार सोनकर, हरीश अहिरवार, राजेश सोनकर, अनिल शर्मा, निर्मल जैन, केके मिश्रा, राजेश श्रीवास, जग्गू विश्वकर्मा, आशु वत्स, चेतन सूरी, प्रिंस सरदार, पप्पू यादव, मनीष चंसोरिया, सोनू दुबे, अरुण दुबे, सोहन उइके, रवि सोनकर, राकेश श्रीवास्तव, सुरेश गोंटिया, वकील अहमद अंसारी, संजय राठौर, अख्तर अंसारी, अतुल बाजपेई, लक्ष्मी बेन, तेज़कुमार भगत, सुरेंद्र पटैल, झूलेलाल जैन, हिमांशु मिश्रा, सुशील जसेले, सरबजीत सिंह रील, शरद शर्मा, दिलीप रजक, बाबू नायडू, राकेश बावरिया, नरसिंह कनौजिया, राजेश चौबे, गुड्डू तिवारी, राजेंद्र पिल्ले, उमेश यादव, प्रकाश सोनी, सचिन यादव, संतोष पंडा, राहुल रजक, सौरभ गौतम, अर्जुन बेन, गुड्डा अवस्थी, मुकेश सनोतिया, अयोध्या तिवारी, रामदास यादव, विजय जैन चुन्ना, रविंद्र गौतम, अकबर खान, सतीश विनोदिया, जगत मनी चतुर्वेदी, अशोक बर्मन, सतीश तिवारी, शिवकुमार गुड्डू चौबे, नेम सिंह, रितेश गुप्ता, कपिल मिश्रा, देवदास बघेल, आलोक भट्ट, समीर दिक्षित, नारायण गुप्ता, लालजी जायसवाल, संजय बघेल, विजय कांडा, अखिलेश शर्मा, तारिक अली, पूनम चंद्र मिश्रा, तारिक रजा, पप्पू वसीम आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एसबीआई कॉलोनी में खिलाया जा रहा था क्रिकेट सट्टा, 3 सटोरिए गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** एसबीआई कॉलोनी स्थित सिंगल स्टोरी मकान में चल रहे क्रिकेट सट्टे पर पुलिस ने दबिश दी है। पुलिस ने सचिन जैन व उसके साथी अंकित उर्फ अमित नामदेव को गिरफ्तार कर पांच मोबाइल फोन व नगदी रुपए बरामद किए है। पुलिस ने अनिमेष नामदेव को भी हिरासत में लिया है, जिसने सचिन व अंकित को आईडी दी थी।



इस संबंध में सीएसपी प्रभात शुक्ला ने बताया कि एसबीआई कॉलोनी निवासी अनिमेष नामदेव उर्फ छोटू उम्र 34 वर्ष ने सचिन जैन को आईडी दी, जिसपर सचिन ने अपने साथी अंकित उर्फ अमित नामदेव के साथ मिलकर क्रि केट सट्टा खिलाना शुरु कर दिया। दोनों युवकों द्वारा एसबीआई कॉलोनी सिंगल स्टोरी स्थित मकान में सट्टा खिलाए जाने की खबर मिलते ही पुलिस की टीम ने दबिश देकर दोनों को पकड़ा। दोनों युवकों द्वारा भारत-वेस्टइंडीज के बीच चल रहे मैच पर ग्राहकों से दांव ले रहे थे। पुलिस ने पूछताछ में दोनों युवकों ने बताया कि वे अनिमेष नामदेव से आईडी लेकर क्रिकेट सट्टा खिला रहे है। क्रिकेट सट्टे से मिलने वाली रकम का 50 प्रतिशत अनिमेष की रहती है। पुलिस ने अनिमेष नामदेव को भी गिरफ्तार कर लिया, पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, रजिस्टर जिसमें लाखों रुपए का हिसाब मिला है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की है। क्रिकेट सटोरियों को पकडने में एसआई संजय गुर्जर, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र, आरक्षक रामकिशोर, सायबल सेल के प्रधान आरक्षक अमित पटैल, आरक्षक दुर्गेश दुबे, अभिषेक एवं क्राईम ब्रांच के एएसआई वीरेंद्र प्रताप सिंह, अशोक मिश्रा, प्रधान आरक्षक राकेश बहादुर सिंह, सादिक अली, नीरज तिवारी, मानस उपाध्याय, अमित श्रीवास्तव, हरिशंकर गुप्ता, संतोष दिक्षित की सराहनीय भूमिका रही।

## रेलवे अस्पताल से चोरी हुए लाखों के इंजेक्शन

### अस्पताल प्रबंधन ने आरपीएफ में दर्ज कराई शिकायत

**जबलपुर, देशबन्धु।** इंदिरा मार्केट स्थित केंद्रीय रेलवे अस्पताल के स्टोर रूम में रखे विभिन्न बीमारियों में उपयोग होने कीमती इंजेक्शन चोरी होने की खबर है।

जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने आरपीएफ थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। अस्पताल में इंजेक्शन चोरी होने की यह घटना ने अस्पताल की सुरक्षा पर सवालिया निशान लगा दिया है। 5 अगस्त के पूर्व हुई इस घटना की शिकायत अस्पताल प्रबंधन द्वारा आरपीएफ में की गई है। इसके बाद आरपीएफ द्वारा चोरी की घटना से तमाम बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए इसकी जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय रेलवे अस्पताल के स्टोर रूम में करीब 5.30 लाख का इंजेक्शन चोरी होने की खबर से कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक 5 अगस्त को जब स्टोर रूम में रखें इंजेक्शनों का मिलान किया गया, तो उसमें से भारी तादाद में इंजेक्शन कम पाए गए। इधर आरपीएफ द्वारा अस्पताल प्रबंधन की शिकायत के बाद घटना की पड़ताल करते हुए चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। साथ ही अस्पताल में लगे व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिये हैं।

## आजाद व्यायाम शाला निवासी वृद्ध की ट्रेन से कटकर मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** घमापुर थाना में बीती शाम पंकज मिश्रा उम्र 26 वर्ष निवासी आजाद व्यायाम शाला खेरमाई मंदिर ने सूचना दी, कि शाम लगभग 4 बजे उसके पिता के मोबाइल नम्बर से उसके मोबाइल पर कॉल आया कि तुम्हारे पिता सतपुला ब्रिज के नीचे रेल्वे पटरी पर ट्रेन से कट गये हैं। तो वह तुरंत पहुंचा तो देखा सतपुला ब्रिज के नीचे उसके पिता प्रदीप मिश्रा उम्र 61 वर्ष पटरी पर क्षत विक्षत हालत में मृत पड़े थे। ट्रेन से कटने से उसके पिता की मृत्यु हो गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिये भिजवाते हुये मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।





## हम फाउण्डेशन की मातृशक्ति ने मनाया सावन महोत्सव

**जबलपुर,देशबन्धु।** नृत्य एवं गीतों के साथ ही क्विज का आयोजन कर द्वारा महिलाओं ने आभूषण पहन सावन महोत्सव का आयोजन किया जोन संयोजक महिला सहभागिता डॉ मुकुल तिवारी के मुख्यातिथ्य एवं प्रांत संयोजक मुनमुन भटटाचार्य के विशेष आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में संस्कृति शाखा अध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त डॉ चंद्रादेवी स्वर्णकार ने अतिथियों का स्वागत किया इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी की लीलावती पाल, डॉ मीना पांडे सहित प्रीति सक्सेना एवं शाखा सदस्य पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## फरार आरोपी पर एसपी ने किया 1000 का ईनाम घोषित

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा थाना के अपराध क्रमांक 286/2023 धारा 324, 326 भादवि के प्रकरण में विशाल डुमार निवासी भड़पुरा थाना भेड़ाघाट का फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस ने संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी है पर वह पकड़ में नहीं आया है। फरार आरोपी विशाल डुमार पिता शंकर लाल डुमार उम्र 21 वर्ष निवासी भड़पुरा थाना भेड़ाघाट को गिरफ्तार करने वाले या गिरफ्तारी के लिये सूचना देने वाले या गिरफ्तारी मे सहयोग प्रदान करने वाले को 1000 के नगद पुरूस्कार से पुरूस्कृत करने की घोषणा पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी ने की है।

## पुलिस की कॉम्बिंग गश्त के दौरान पकड़े गए 608 अपराधी

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए व अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक तुषारकांत विद्यार्थी ने रात्रिकालीन कॉम्बिंग गश्त कराई। जिले भर की पुलिस ने गश्त के दौरान विभिन्न थाना में 608 वारंटी, 19 अवैध कारोबारियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में देशी व विदेशी शराब बरामद की।



एसपी टीके विद्यार्थी ने बताया कि कॉम्बिग गस्त में वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये प्रत्येक थाने में 2 से 3 टीमें बनाई गई हैं। एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे एवं अन्य टीम के प्रभारी एसआई/एएसआई स्तर के अधिकारी थे। टीमों द्वारा दबिश देते हुए कॉम्बिंग गश्त के दौरान मारपीट, चोरी, अवैध हथियार, अवैध शराब आदि प्रकरणों में फरार चल रहे 106 गैर म्यादी एवं 239 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा गया। 263 जमानती वारंट तामील किए गए। वहीं अवैध शराब के कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुय 19 आरोपियों को 38 लीटर कच्ची एवं 268 पाव देशी व विदेशी शराब के साथ पकड़ा गया है। काम्बिंग गश्त में एएसपी प्रियंका शुक्ला, संजय कुमार अग्रवाल, सूर्यकांत शर्मा, सोनाली दुबे, समर वर्मा तथा समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों/एसडीओपी के मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा हमराह स्टाफ के कॉम्बिग गस्त की गयी।

## रादुविवि की शिक्षक भर्ती प्रक्रिया अंतिम निर्णय के अधीन

### हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश के जरिए रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में संशोधित विज्ञापन के आधार पर शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को विचाराधीन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है। इसके साथ ही एमएस भट्टी की एकलपीठ ने राज्य शासन, उच्च शिक्षा विभाग व रादुवि प्रशासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये हैं।





याचिकाकर्ता रादुवि की संस्कृति विभाग की अतिथि विद्वान डॉ. सरिता यादव की ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि रादुविवि ने अगस्त 2021 में बैकलाग के 78 पदों के लिए शिक्षक भर्ती विज्ञापन निकाला था। चूंकि उस विज्ञापन में महिला आरक्षण व दिव्यांग आरक्षण का उल्लेख नदारद था, अत: आपत्ति दर्ज कराई गई। इसके बाद रादुवि ने मार्च 2023 में संशोधित विज्ञापन जारी कर दिया। लेकिन इसे पूर्व से चल रही प्रक्रिया में महज उन्हीं पदों के लिए सीमित किया गया, जिनके साक्षात्कार शेष रह गए हैं। दिव्यांगजन आरक्षण के लिए विभाग और पद चिन्हित करते हुए जारी किए गए संशोधित विज्ञापन में रोस्टर बदल दिया गया, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता निखिल तिवारी व अतुल शुक्ला ने पक्ष रखा।

## पटवारी परीक्षा में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने पर सुनवाई बढ़ी

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में पटवारी परीक्षा में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण को चुनौती देने के मामले में सुनवाई 11 अगस्त तक बढ़ गई। जस्टिस शील नागू व जस्टिस अमरनाथ केसरवानी की युगलपीठ ने राज्य सरकार को अगली सुनवाई तक जवाब पेश करने के निर्देश दिए।

जबलपुर निवासी शिवम शुक्ला ने याचिका दायर कर पटवारी ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि पिछले तीन वर्षों में हाईकोर्ट ने कई प्रकरणों में शासन को अंतरिम निर्देश दिए हैं कि ओबीसी को 27 नहीं वरन 14 प्रतिशत आरक्षण ही दिया जाए। इसके बावजूद सरकार ने जनवरी में विज्ञापन जारी कर पटवारी समेत अन्य पदों पर होने वाली नियुक्तियों में ओबीसी को 27 प्रतिशत का आरक्षण दिया है। न्यायालय को बताया गया कि पटवारी परीक्षा के बाद चयन सूची जारी कर दी गई है, लेकिन नियुक्ति नहीं दी गई है। मांग की गई कि इसमें ओबीसी को 14 फीसदी पदों पर ही नियुक्तियां दी जाएं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह व अंशुल तिवारी ने पक्ष रखा।

## खरीदी हुई जमीन निकली दूसरे के नाम पर, धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला में एक ही जमीन का सौदा कर व तय हुई रकम लेने के बाद धोखा देकर जमीन दूसरे को बेचने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बरेला थाना में उमेश सोनकुले उम्र 53 वर्ष निवासी गीत बिहार कॉलोनी होटल आकाश गंगा के पीछे पोलीपाथर गौरीघाट ने शिकायत की, कि 29 सितंबर 2005 को राजीव एस दास पिता बी.डी दास उम्र 42 वर्ष निवासी 363 ब्यौहारबाग जबलपुर से मौजा पिंडरई न.ब. बंदोबस्त 184 प.हु.न. 50 पूराना 47 राजस्व निरीक्षक मंडल खमरिया (बरेला) की कृषि भूमि खसरा नं. 692 कुल रकवा 4.010 हैक्टयर भूमि 3 लाख 87 हजार रूपये में खरीदी थी। जब वह जमीन का नामांतरण कराने पहुंचा तब जानकारी लगी कि उक्त कृषि भूमि राजीव एस दास द्वारा बेईमानी से कपटपूर्वक छल करके दूसरे को बैच दी गयी है, वर्तमान में उक्त कृषि भूमि जुम्मन पहलवान के नाम पर दर्ज है। राजीव एस दास द्वारा उसे आर्थिक क्षति पहुंचा कर उसकी रजिस्ट्रीशुदा कृषि भूमि को छल कपट कर बेईमानी की नियत से दूसरे व्यक्ति को बेचते हुये उसके साथ धोखाधडी की गयी है।

पुलिस ने जांच पर पाया गया कि उमेश सोनकुले ने 29/9/2005 को राजीव एस दास से कृषि भूमि मौजा पिंडरई प.ह.न. 50 पूराना 47 राजस्व निरीक्षक मंडल खमरिया (बरेला) की कृषि भूमि खसरा नम्बर 692 कुल रकवा 4.010 हेक्टयर भूमि 3 लाख 87 हजार रूपये में खरीदी थी जिसकी राजिस्ट्री 29/09/2005 को निर्भय सिंह राय एवं समीउल्ला खान के समक्ष उप पंजीयक राजिस्ट्री कार्यालय कलेक्ट्रेट जबलपुर में हुई थी। उमेश सोनकुले रजिस्ट्री कराने के बाद नामांतरण बिना कराये अपनी डियूटी मर्चेंट नेवी में इंजीनियर होने से कल्याण महाराष्ट्र चले गये थे फिर वहाँ से विदेश चले गये थे। वर्ष 2012 में यह जानकारी लगने पर कि उक्त क्रय की गई जमीन का दूसरे के नाम पर रजिस्ट्री एवं नामांतरण हो गया है। जुम्मन जायसवाल से पूछताछ की गयी तो उसने उक्त भूमि उषा पटेल से क्रय करना बताया, उषा पटेल से उक्त भूमि के संबंध में पूछताछ की गई जो अमिता अवस्थी के मुक्तयारआम अतुल पटैल से खरीदना बताई जो मुक्तयारआम अतुल पटेल से पूछताछ की गई जिसने बताया कि अमिता अवस्थी को राजीव एस दास ने 18/11/1997 में रजिस्ट्राई एग्रीमेंट किया था। पुलिस आरोपी पर धोखाधड़ी प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## जातिगत जनगणना की मांग 7 अगस्त मंडल ओबीसी दिवस मनाया गया



**जबलपुर,देशबन्धु।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 7 अगस्त 1990 में मंडल आयोग देश में लागू किया था। मंडल अयोग की सिफारिशों से देश की आधी से ज्यादा आबादी के हक और अधिकार लागू किये गये। ताकि पिछड़े वर्गों के साथ वर्षों से हो रहे अन्याय का रोका जा सके। किन्तु आज तक न तो मंडल आयोग की सिफारिशें लागू की गई और न ही देश में जातिगत जनगणना कराई गई।

पिछड़ें वर्गों के हक व अधिकारों को पिछड़े वर्ग के जनसंख्या में अनुपात में दिये गये पिछड़े वर्गों के लिए जनसंख्या के अनुपात में न तो केन्द्र सरकार ने अभी तक उचित प्रावधान किये और न ही मध्यप्रदेश की सरकार ने जातिगत जनगणना के आंकड़ें न होने का बहाना बनाकर पिछड़े वर्गों के हक अधिकारों को जान बूझकर केन्द्र की सरकार और राज्य की सरकार लागू नही कर रही है पिछड़ा वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा जबलपुर में 5 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन वंदेमातरम चौक सिविक सेन्टर में प्रदर्शन कर मंडल ओबीसी दिवस मनाकर भारत के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की है।

# कांग्रेस पार्टी के सभी दावेदारों ने विधानसभा सिहोरा 2023 जिताने का लिया संकल्प

## केन्द्रीय पर्यवेक्षक ने की रायशुमारी

**सिहोरा, देशबन्धु।** सोमवार को होटल यशराज खितौला में बिहारी पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के संयोजन में सिहोरा विधानसभा स्तरीय कांग्रेस पार्टी की कार्यकर्ताओं के साथ आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर रायशुमारी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के केंद्रीय पर्यवेक्षक कुलदीप सिंह राठौर जबलपुर जिले के प्रभारी सुनील जैन जबलपुर जिले के सह प्रभारी विभास जैन जिला के कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष डा नीलेश जैन जिला संगठन मंत्री राजकिशोर पटेल और लगभग 2000 कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विधानसभा सिहोरा के सभी दावेदारों से एवं कांग्रेस पार्टी के विधानसभा सिहोरा के कार्यकर्ताओं से चर्चा रायशुमारी की गई।

जिसमें सभी दावेदारों ने एक स्वर से संकल्प लिया कि टिकट किसी भी को मिले हम सभी दावेदार एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मिलकर सिहोरा विधानसभा से कांग्रेस पार्टी को जिताने के लिए पूरी लगन और निष्ठा से कार्य करेंगे ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है साथी वार्ड नंबर 9 की पूर्व पार्षद श्रीमती लीला बाई 36 महिलाओं के साथ कांग्रेस पार्टी शामिल हो गई आज के कार्यक्रम में सुश्री कौशल्या गोटिया जी पूर्व राज्य मंत्री




मध्य प्रदेश शासन,पूर्व विधायक नित्यनिरंजन खंपरीया,पूर्व विधायक नन्हेंलाल धुर्वे,डॉक्टर संजीव वरकडे,सुश्री रुक्मणी गोटिया, मुन्ना सिंह मरावी,श्रीमती जमुना मरावी,सुश्री एकता ठाकुर, श्रीमती प्रीति ठाकुर, श्रीमती दुर्गा धुर्वे,अशोक गोटिया,ब्लॉक सिहोरा के प्रभारी लोकेश मिश्रा,वरिष्ठ कांग्रेसजन केशव मिश्रा, सुबोध पांडे,एडवोकेट राजकुमार तिवारी,अशोक खरे, श्याम शुक्ला,पार्षद राजेश चौबे, पार्षद आलोक पांडे, पार्षद रमेश पटेल,पार्षद अरशद खान,पार्षद ममता गोटिया,रघुनाथ पटेल, सुशील पांडे चंद्रभान चंद्रभान उर्मालिया कुंडम ब्लॉक अध्यक्ष भवानी सिंह साहू गोसलपुर, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद पटेल,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष बाबा कुरेशी, अमोल चौरसिया,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण पाठक,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव, प्रकाश कुररिया,घनश्याम बड़गईयाँ, दिलीप जैन सहित विधानसभा सिहोरा सिहोरा ब्लॉक गोसलपुर ब्लॉक कुंडम ब्लॉक से लगभग 2000 कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पांचवें सावन सोमवार को किया पार्थिव शिवलिंग निर्माण

## सिहोरा विधायक नंदिनी मरावी हुई कार्यक्रम में शामिल

### ब्राह्मण समाज सिहोरा का आयोजन

**सिहोरा, देशबन्धु।** श्रावण मास के पांचवें सोमवार को भी सिद्ध पीठ स्थल शिवमंदिर बाबाताल में ब्राह्मण समाज सिहोरा के तत्वावधान में भक्तों ने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर उनका पूजन अर्चन किया ।

सुबह से ही आस्था के केन्द्र शिवमंदिर में भक्तों का तांता लग गया था कोई भोलेनाथ को जल अर्पित कर रहा था तो कोई पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर हर हर महादेव के जयकारे लगा रहा था पूरा बाबाताल प्रांगण दोपहर होते होते शिव भक्तों से भर गया था। सभी ने लगभग 45 कोपरों में शिवलिंग निर्माण कर मंदिर में विराजमान भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया ।समाज द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन की सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की है। समाज के साथ अनेक भक्तों ने शिवलिंग का



पूर्ण श्रद्धा भक्ति भाव के साथ नदी में विसर्जन किया। इसके पूर्व निर्मित पार्थिव शिवलिंग का विधिवत पूजन कराया। आयोजन को सफल बनाने में ब्राह्मण समाज के संरक्षक अश्वनी कुमार पाठक, नंदकुमार परौहा, जय प्रकाश दुबे, अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री प्रवीण कुररिया, सूरज पाठक, सुरेन्द्र तिवारी, नरेन्द्र त्रिपाठी, शैलेन्द्र दुबे, पदमाकर तिवारी, जुगल किशोर तिवारी, सुरेन्द्र त्रिपाठी, इंद्रकुमार पांडे,गोपाल पाठक, अंकित तिवारी, अभिषेक परौहा, राजेश मिश्रा, संजू दुबे, देवेन्द्रधर बडगैंया, राजेश पटेल, प्रमोद बर्मन आदि भक्तों का सराहनीय योगदान रहा।

## सार-समाचार

### शराब पीने पैसे नहीं देने पर 21 वर्षीय युवक के साथ मारपीट

**पाटन देशबन्धु।** नगर में चल रही शराब-खोरी के कारण आय दिन पर मारपीट के मामले सामने आ रहे हैं। पाटन थाने से मिली जानकारी के अनुसार रात लगभग 8.30 के आस-पास सरकारी अस्पताल के सामने,नगर की मुख्य सड़क से अभिषेक पिता रामेश्वर शर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी हरदुआ, अस्थाई पता वार्ड नं 14 सिविल लाइंस अपने घर जा रहा था तभी अतीत उर्फ चिक्कू भाईजान सिविल लाइंस निवासी रास्ता रोककर शराब पीने पैसा मांगने लगा उसने पैसा देने से मना किया तो आरोपी गंदी-गंदी गालियां देने लगा,उसने गालियां देने से मना किया तो आरोपी ने लात घुसो एवं लाठी-डंडे से उसके साथ मारपीट कर दी जिससे उसके हाथ पैर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटे आई। पीड़ित की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों के काटे चालान

#### वसूला 2700 रुपए जुर्माना

**पाटन देशबन्धु।** जिले के पुलिस कप्तान के निर्देश पर बिना हेलमेट बाईक चलाने वाले चालकों के विरुद्ध चलानी कार्यवाही के निर्देश के परिपालन में पाटन थाने के उपनिरीक्षक संतोष सिंह ठाकुर के द्वारा हम राह स्टाप के साथ नुनसर चौकी के सामने पाटन-जबलपुर सड़क पर वाहन चैकिंग शुरू की गई। जिसमें मोटर साइकिल सवारों की चैकिंग के दौरान 9 बाईक सवारों जो बिना हेलमेट के वाहन चलाते पाए गए जिनके विरूद चलानी कार्यवाही करते हुए पाटन पुलिस के द्वारा 2700 रुपए का जुर्माना वसूला गया। वही पुलिस चैकिंग के दौरान मुख्य सड़क के दोनों ओर मोटर साइकिल सवारों की लंबी-लंबी कतार देखने को मिली वही चैकिंग पॉइंट से जब पुलिस की वाहन चैकिंग समाप्त हुई तब घंटो से खड़े टू व्हीलर वाहन चालको ने राहत की सास ली और सभी चालक अपने-अपने गंतव्य स्थानों पर रवाना हुए।

### `जनता का हाल जानने निकली बाबा महाकाल की सवारी

**बरेला, देशबन्धु।** अधिमास श्रावण सोमवार के अवसर पर भूतनाथ धाम से बाबा महाकाल की नगर मैं प्रथम बार शाही सवारी निकाली गई। बड़े शंकर जी स्थित भूतनाथ धाम से बाबा महाकाल की सवारी प्रारंभ होकर नगर नहर किनारे स्थित भैरव बाबा मंदिर से होते हुए किसानी मोहल्ला ,पुरानी चक्की, बाजार मोहल्ला, बस स्टैंड होते हुए संपूर्ण नगर का भ्रमण करते हुए वार्ड नंबर 3 स्थित भूतनाथ धाम में संपन्न हुई. बाबा महाकाल का. जगह जगह पूजा अर्चन किया गया ।इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तों में अभूतपूर्व उत्साह रहा।

### मारपीट के आरोपियों को कठोर कारावास

**सतना, देशबन्धु।** मारपीट करने के एक मामले में अदालत ने आरोपियों को सजा सुनाई है। अमरपाटन न्यायालय के न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने शासन विरुद्ध अभय पांडेय प्रकरण में आरोपी अभय पांडेय पिता अशोक पांडेय (23) निवासी आदर्श नगर सतना, मोंटी उर्फ विनय पाठक पिता बल्लू पाठक (23) निवासी ग्राम चोरहटा थाना अमरपाटन जिला सतना को आइपीसी की धारा 323/34 में 3- 3 माह के कठोर कारावास और 400-400 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। मामले में मध्य प्रदेश राज्य की ओर से अभियोजन अधिकारी सतीश कुमार वर्मा ने समग्र आधारों पर अभियोजन का संचालन करते हुए फरियादी को न्याय दिलाया। फरियादिया ने थाना अमरपाटन में रिपोर्ट लिखाई थी कि वह शासकीय महाविद्यालय अमरपाटन में बीकॉम की छात्रा है। 2 अप्रैल 2018 को वह पैदल अपनी सहेलियों के साथ कॉलेज जा रही थी, तभी अभय पांडेय और मोंटी पाठक ने मोटरसाइकिल से आकर उसका रास्ता रोक लिया। गाली गलौच कर मारपीट करने लगे। मारपीट से फरियादिया को चोटें आई थी। संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने अपराध की प्रकृति और अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए दोनों आरोपियों को दंडित किया है।

### थाना अमहिया पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सतना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक महोदय विवेक सिंह के कुशल नेतृत्व मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधी0 रीवा श्रीमती शिवाली चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना प्रभारी अमहिया उनि अरविंद राठौर द्वारा अपने हमराह स्टाफ के साथ जरिए मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये अवैध हथियार लहरा रहे आरोपी भरत स्वीपर पिता राजेश स्वीपर उम्र- 21 साल निवासी रानीगंज को गिरफतार कर उसके कब्जे से लोहे का बका जप्त कर उसके विरूद्ध थाना अमहिया में 329/2023 धारा- 25 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# बारिश से खराब हुई फसल व क्षतिग्रस्त मकानों का मुआवजा देने कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**पाटन देशबन्धु।** जिले के पाटन ब्लाक में विगत दिनों हुई मूसलाधार बारिश की वजह से नष्ट हुई फसलों एवं क्षतिग्रस्त हुए नगर एवं ग्रामीण इलाकों के मकानों का सर्वे कार्य जल्द से जल्द कराकर मुआवजा राशि की मांग को लेकर आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन के द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई जिसमें अतिवर्षा एवं बाढ़ के कारण किसानों की फसलों और कच्चे मकानों को बहुत नुकसान हुआ है।

लेकिन प्रशासन का कोई भी नुमाइंदा किसानों के खेत तथा बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हुए मकानों को देखने या सर्वे कार्य करने आज तक नहीं पहुंचा। जिसके कारण ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। अनुविभागीय अधिकारी पाटन से जल्द से जल्द सर्वे कार्य पूर्ण कर पीड़ितों को मुआवजा राशि का वितरण किया जाय इसके अलावा किसानों के बिजली बिल माफ किया जाय व खराब पड़े ट्रांसफार्मर भी बदले जाय, वर्तमान समस्या को देखते हुए बैंक ऋण वसूली बन्द की जाय, बाढ़ में जो मबेसी बह गये है उनका मुआवजा दिया जाय ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी,शिवराम पटेल,देवी सिंह,पार्षद शेख अमजद, बल्देव सिंह बजरंग-गढ़ सहित कांग्रेस के वरिष्ठजन,मंडलम अध्यक्ष,सेक्टर अध्यक्ष व युवा साथी उपस्थित रहे।

# पाटन के हज यात्रियों का जिप. सदस्य ठा. मनोहर सिंह ने किया स्वागत



**पाटन देशबन्धु।** मुस्लिम समाज की सबसे पवित्र हज यात्रा शुरू हो चुकी है इस बार हज यात्रा पर पाटन नगर से 3 लोग जा रहे हैं जिनके नाम मुस्ताक खान,आमिद खान,अयान खान है। पार्षद शेख अमजद ने बताया कि हमारे नगर के हज यात्रियों ने अजुमन मस्जिद जामा से हज उमरा के लिए रवाना होने से पहले नमाज़ अदा की उसके बाद सैकड़ों की तादात में मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्रित होकर जामा मस्जिद से ढोल नगाड़ों के साथ जलूस निकाला गया जो बाजार होते हुए सरकारी अस्पताल से सिविल कोर्ट चौराहे पहुंचा इस दौरान जगह जगह हाजियों का फूल माला पहनाकर नगर वासियों ने भव्य स्वागत किया गया वही मस्जिद पहुंचकर नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह एवं नगर के पार्षदों ने भी हज यात्रियों का स्वागत किया इसके अलावा जालूस के सिविल कोर्ट चौराहे पहुंचने पर वार्ड न 10 से जिला पंचायत सदस्य ठाकुर मनोहर सिंह ने हज यात्रा पर जाने वाले मुस्ताक खान एवं आमिद खान को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया एवं हज पर जाने की मुबारकबाद दी इस दौरान मुस्लिम समुदाय से हाजी जान मु,जाहिद शेख, अफरोज खान, जमील खान, शेख इकबाल, आसमां बी सहित सैकड़ों की तादात में मुस्लिम समुदाय के लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




## सावन के पांचवे सोमवार को शिवभक्ति में लीन दिखे लोग

**गोसलपुर, देशबन्धु।** सावन के पांचवे सोमवार पर लोग शिव भक्ति में लीन देखे गए इस अवसर पर शिव मंदिरों में रुद्राभिषेक हवन पूजन कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। शक्ति धाम में भगवान शिव दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ रही इसी क्रम में रामसागर तालाब तट पर स्थित शिव घाट मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही सावन तथा अधि मास अधिक मास के मौके पर लोगों ने अपने अपने घरों में भगवान शंकर का अभिषेक किया तथा निर्मित शिवलिंग का विसर्जन श्रीराम सागर जलाशय में बाजे गाजे के साथ दिया गया।

## कांवड़ यात्रा का कमानिया गेट पर हुआ भव्य स्वागत

**पनागर, देशबन्धु।** ग्वारीघाट से, ग्राम मोहरी स्थित शिव धाम मंदिर तक लगभग 50 किलोमीटर तक पर पदयात्रा कावड़ यात्रा का पनागर नगर के हृदय स्थल कमानिया गेट पर आदर्श व्यापारी संघ के तत्वावधान में स्वागत वंदन अभिनंदन एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर आदर्श व्यापारी संघ के अध्यक्ष पदम मोदी संरक्षक छुट्टन लाल सराफ पनागर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पंडित सुशील तिवारी नगर पालिका नगर के अध्यक्ष प्रदीप पटेल भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर जैन राजेंद्र पटेल गोरे लाल यादव जम्मू यादव महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मनीषा मोदी श्रीमती दुर्गा ठाकुर संतोष सैनी सर्वेश मिश्रा सुशील बुधरानी हरीश कुकरेजा महेश कुकरेजा मुन्ना गुप्ता आदि आदर्श व्यापारी संघ के सदस्य उपस्थित रहे।





## जबड़े के ट्यूमर की सर्जरी कर निकाले 2 दर्जन दांत

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जबड़े में होने वाले एक ट्यूमर की सफल सर्जरी की गई है। जरजोला रोड स्थित गोस्वामी डेंटल क्लिनिक में इस दुर्लभ सर्जरी को दंपत्ति डॉक्टर योगेश गोस्वामी व ऋचा गोस्वामी ने पूरा किया। डॉक्टर गोस्वामी ने बताया कि इसे कंपाउंड ओडंटोमा ट्यूमर कहा जाता है। यह जबड़े में होने वाला एक बहुत ही दुर्लभ ट्यूमर है। इस ।इसमें जबड़े के अंदर दांत की तरह दिखने वाले छोटे बड़े बहुत सारे दांत बन जाते हैं। जिस मरीज का ऑपरेशन किया गया उसके जबड़े से करीब 24 दांत निकाले गए। जिसमें 4 मिलीमीटर से लेकर 15 मिलीमीटर तक के दांत शामिल थे। यह जटिल सर्जरी दोनों डॉक्टरों ने मिलकर करीब 3 घंटे में लोकल एनएसथीसिया के सहारे की मरीज अब पुर्णतः स्वस्थ है।

## मारपीट के आरोपी को 6 माह का कारावास

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** न्यायालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रोहित कुमार के न्यायालय द्वारा गालियां देने मारपीट करने वाले आरोपी पूरनलाल पुत्र हेमराज कहार उम्र 32 वर्ष निवासी तिंदनी रोड धनारे कालोनी जिला नरसिंहपुर को भादवि की धारा 323 में दोषसिद्ध पाये जाने पर 6 माह का सश्रम कारावास एवं 100 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जिला मीडिया सेल प्रभारी ने बताया कि पीड़ित रजनी ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 8.12.2017 को शाम



करीब 4:30 बजे पीड़ित रजनी विश्वकर्मा का लड़का करन, उत्तर कहार, आकाश श्रीवास्तव पीड़ित के घर के पीछे क्रिकेट खेल रहे थे। उसी समय मोहल्ले का पूरन कहार लडकों के पास गया और बोला कि मैं भी क्रिकेट खेलूंगा, तब पीड़ित के लडके करन और अन्य लडकों ने अभियुक्त को क्रिकेट खेलने से मना किया तो अभियुक्त पूरन, पीड़ित के लडके करन के साथ मारपीट करने लगा। पीड़ित एवं उसकी सास कमलाबाई ने बीच बचाव किया तो पूरन, पीड़ित रजनी को गाली देने लगा। गाली देने से मना किया तो पूरन ने पीड़ित को लोहे की पाईप से मारा। पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाने में अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना की समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर, अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी एडीपीओ घनश्यानम प्रजापति द्वारा की गई। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी को सजा सुनाई।

# दो बहनों के साथ जंगल में 7 आरोपियों ने किया कुकृत्य, पांच आरोपी गिरफ्तार

## घर से पत्ती बीनने जंगल गई थी दो मासूम

**रीवा देशबन्धु।** जिले के हनुमना थाना अंतर्गत जंगल में पत्ती लेने गई दो चचेरी बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपियों ने बीती देर रात इसका वीडियों जारी किया तो पुलिस ने संज्ञान में लिया और दुष्कर्म का शिकार हुई किशोरियों का पता कर सात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की और पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है दो की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि 25 दिन पूर्व दो चचेरी बहनें जंगल में भाजी (सब्जी की पत्तियां) लेने गई थी। लौटते समय जंगल में नजदीकी गांव के सात आरोपियों ने घेर लिया। विरोध करने पर छेड़छोड़ की। लड़कियों ने घर में अपने माता-पिता से शिकायत करने की बात कही। ऐसे में आरोपी भड़क गए। इसके बाद दोनों बहनों को खींच कर खाई में ले गए। वहां बारी-बारी से सात आरोपियों ने गैंगरेप किया। धमकी दी कि घर में मुंह खोल तो



### घटना का वीडियो बनाकर किया वायरल

जिंदा खत्म कर दूंगा। डरी सहमी बच्चियां गैंगरेप की घटना भूल गई। वे घर में किसी को आप बीती नहीं बताई। पर आरोपियों में से ही एक रेपिस्ट ने वीडियो सोशल मीडिया में शेयर कर दिया। ऐसे में रविवार की रात से वीडियो हनुमना क्षेत्र में जमकर वायरल होने लगा। पुलिस ने आरोयिा

**ये है मामला:** तत्संबंध में एएसपी मऊगंज विवेक कुमार लाल ने बताया कि 6 अगस्त की रात गैंगरेप का वीडियो हनुमना पुलिस के हाथ लगा था। पड़ताल में पता चला कि 25 दिन पहले 14 वर्षीय किशोरी अपनी 16 वर्षीय चचेरी बड़ी बहन के साथ पिपराही जंगल में तीन किलोमीटर अंदर बरौता की भाजी लेने गई थी। जंगल से भाजी तोड़ने के बाद अपने-अपने घर लौट रही थी। तभी वारदात की शिकार हो गई है।

#### 7 आरोपियों ने मिलकर की वारदात, 5 गिरफ्तार


हनुमना थाना प्रभारी उपनिरीक्षक चेतन मर्सकोले का कहना है कि महिला सब इंस्पेक्टर प्रज्ञा पटेल ने दोनों बच्चियों से बयान ली है। इसके बाद रविवार की देर रात सामूहिक दुष्कर्म की धाराओं 327,294,323,506 ता. हि का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गयाका प्रकरण कायम किया गया। इसके बाद सोमवार को मेडिकल चेकअप कराया गया। देर शाम तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं दो आरोपी अभी भी फरार है।

इस कार्यवाही में उप निरी. चेतन मर्सकोले थाना प्रभारी हनुमना, प्रज्ञा पटेल, आर. अमन सोलंकी, नितिन शुक्ला, शिव दुबे, दिवाकर सिहं, शुभम दूबे, विकास सिह, कन्हैया सिह, रितुराज सिह, बृजेश अहिरवार, धीरेन्द्र द्विवेदी, मआर 885 अल्का सिह की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## एर्दोगन कैबिनेट में अनाज सौदे, पुतिन की प्रस्तावित यात्रा पर चर्चा

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन सोमवार को मंत्रिमंडल के साथ अनाज सौदे और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तुर्की की प्रस्तावित यात्रा पर चर्चा करेंगे। तुर्की के अखबार 'स्टार' ने सूत्रों के हवाले से कहा कि श्री एर्दोगन की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक सोमवार को होगी जिसमें अनाज पहल पर चर्चा होगी तथा तुर्की और रूसी राष्ट्रपतियों के बीच नवीनतम बातचीत के साथ-साथ विदेशी निवेश पर केंद्रित एक आर्थिक योजना पर चर्चा की जाएगी। बैठक में श्री पुतिन की संभावित तुर्की यात्रा पर भी चर्चा की जाएगी।

# चीन का फिलीपीन से पंगा, समुद्र में वॉटर कैनन के इस्तेमाल पर निंदा, अन्य देश भी समर्थन में चीन का फिलीपीन से पंगा




**मनीला।** फिलीपीन की सेना ने रविवार को विवादित दक्षिण चीन सागर में फिलीपीन के कब्जे वाले तट पर नए सैनिकों और रसद की आपूर्ति करने वाली उसकी एक नौका को रोकने के लिए चीन के एक तटरक्षक जहाज से पानी की बौछार करने की निंदा की। दोनों देशों के बीच शनिवार को यह तनाव दूसरे थॉमस शोल पर हुआ। यह चीन, फिलीपीन, वियतनाम, मलेशिया, ताइवान और ब्रुनेई के बीच सीमा विवाद को लेकर नवीनतम संघर्ष है। दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों में से एक दक्षिण चीन सागर में जारी विवाद के कारण यह क्षेत्र लंबे समय से अमेरिका और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता के केंद्र के अलावा एशिया में टकराव का बिंदु माना जाता है।

दक्षिण चीन सागर में बीजिंग के विशाल क्षेत्रीय दावों को अमान्य करने वाले अंतरराष्ट्रीय फैसलों के बावजूद चीन लगभग पूरे रणनीतिक जलमार्ग पर स्वामित्व का दावा करता है। फिलीपीन की सेना और तटरक्षक बल के अधिकारियों ने बताया कि फिलीपीन की नौसेना के नाविक दो विशेष आपूर्ति नौकाओं पर सवार थे और द्वितीय थॉमस शोल की ओर जा रहे थे, जिनकी सुरक्षा फिलीपीन तटरक्षक बल की नौकाएं कर रहीं थी, तभी चीन के तटरक्षक बल की नौका वहां पर पहुंची और शक्तिशाली पानी की बौछारों से फिलीपीन को शोल तक पहुंचने से रोकने की कोशिश की। उक्त शोल पर चीन भी अपना दावा करता है।

फिलीपीन के शस्त्र बल ने कहा कि चीन के पोत से की गई कार्रवाई ने नौका पर सवार लोगों की सुरक्षा को नजरंदाज किया और 1982 के संयुक्त राष्ट्र समुद्री संधि सहित अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन किया। हालांकि, उसने यह नहीं बताया कि इस घटना में कोई नाविक घायल हुआ है या नहीं। फिलीपीन की सेना ने एक बयान में कहा कि तट के पास फिलीपीनी जहाजों के खिलाफ अत्यधिक और आक्रामक कार्रवाइयों ने दो नौकाओं में से एक को सैनिकों के लिए आवश्यक रसद की आपूर्ति करने से रोक दिया। इसने चीनी तटरक्षक और चीन के केंद्रीय सैन्य आयोग से विवेक के साथ कार्य करने और लोगों के जीवन को खतरे में डालने वाली दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर जिम्मेदार होने का आह्वान किया है। दुनिया के कई देशों ने चीनी जहाज की इस हरकत पर चिंता जताई है। अमेरिका ने भी फिलीपीन के मामले में समर्थन करते हुए चेतावनी दी है कि अगर फिलीपीन के पोत पर हमला किया गया तो वह दक्षिण चीन सागर सहित सभी स्थानों पर फिलीपीन की रक्षा करने संबंधी समझौते का अनुपालन करेगा।

अमेरिका के विदेश विभाग ने एक बयान में कहा कि चीन की ओर से पानी की बौछार करके और असुरक्षित तरीके से रास्ते को रोक कर फिलीपीन के समुद्र में नौवहन के कानूनी अधिकार का उल्लंघन किया गया है और फिलीपीन की नौका और चालक दल की सुरक्षा को खतरे में डाला गया है। ऑस्ट्रेलिया ने चीनी तटरक्षक जहाज की हरकतों को खतरनाक और अस्थिर करने वाला बताते हुए अपनी चिंता व्यक्त की है।

जापान ने कहा कि वह फिलीपीन का समर्थन करता है, और नौवहन सुरक्षा को खतरे में डालने वाली एवं समुद्र की वैध गतिविधियों का उल्लंघन करने वाली उत्पीड़क कार्रवाई उसे पूरी तरह अस्वीकार्य है।

## आज का इतिहास

1509- विजय नगर सम्राज्य के सम्राट के रूप में महाराज कृष्णदेव राय की ताजपोशी।

1549- फ्रांस ने इंग्लैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।

1609- वेनिस की सीनेट ने गैलिलियो द्वारा तैयार दूरबीन का निरीक्षण किया।

1700- डेनमार्क और स्वीडन के बीच शांति संधि पर हस्ताक्षर।

1771- इंग्लैंड में हॉर्शम में पहला रिकॉर्ड शहर क्रिकेट मैच खेला गया।

1786- अमरीकी कांग्रेस ने चांदी के डॉलर और मुद्रा के लिए दसमलव प्रणाली को स्वीकार किया।

1839- बीटा थिता पिई ऑक्सफ़ोर्ड, ओहियो में स्थापित की गयी।

1864- जेनेवा में रेड क्रॉस की स्थापना हुई।

1887- अंतोनियो गज़्मैन ब्लैंको वेनेजुएला ने फ्रांस के राष्टपति के रूप में अपनी अवधि पूरा किया।

## सुडोकू 6280

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 8 | 6 | | | | | |
| | | 9 | 2 | 1 | | | 6 | |
| 2 | | | | | 8 | | 4 | |
| | | | 9 | | | 8 | | 6 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | 4 | | | 2 | | | |
| | 7 | | 8 | | | | | 3 |
| | 3 | | | 7 | 5 | 9 | | |
| | | | | | 3 | 6 | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## बाइडेन की अक्षमता के कारण ताइवान के आसपास की स्थिति खराब हुईः ट्रंप

वाशिंगटन। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ताइवान के आसपास की स्थिति इसलिए खराब हुई है क्योंकि चीन को लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अक्षम हैं। श्री ट्रंप ने शनिवार को दक्षिण कैरोलिना की एक रैली में कहा, 'चीन अंदर नहीं जाएगा, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ताइवान नहीं जाएंगे और वह वहां जाने के बहुत करीब हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि हमारे राष्ट्रपति बाइडेन अक्षम हैं।' ट्रंक ने दावा किया है कि चीनी नेता के मन में अब अमेरिका के लिए कोई सम्मान नहीं है जबकि मेरे कार्यकाल के दौरान वह हमारे देश का बहुत सम्मान करते थे।'

## बंगाल गवर्नर ने अब 'पीस ट्रेन' शुरू करने को लेकर रेल विभाग से की बात

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने इंट्रा-स्टेट 'पीस ट्रेन' शुरू करने के लिए रेलवे विभाग के साथ बातचीत शुरू कर दी है। पिछले दिनों पश्चिम बंगाल में हिंसा और खून-खराबे की शिकायतों के समाधान के लिए राज्यपाल ने राजभवन परिसर में 'पीस रूम' खोलने की पहल की थी। राजभवन के सूत्रों ने कहा कि राज्यपाल ने इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी अनुरोध किया है। सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल के प्रस्ताव में कहा गया है कि 'पीस ट्रेन' कोलकाता के सियालदह स्टेशन से दार्जिलिंग जिले के न्यू जलपाईगुड़ी के बीच दक्षिण बंगाल और उत्तर बंगाल दोनों को कवर करते हुए शांति का संदेश देगी। हाल ही में, राज्यपाल ने मीडियाकर्मियों से कहा कि 'भ्रष्टाचार' और 'हिंसा' पश्चिम बंगाल के लोगों के लिए दो सबसे बड़े दुश्मन हैं। राज्यपाल ने हाल ही में राज्य में विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा प्रणाली में भ्रष्टाचार पर जनता की शिकायतों के समाधान के लिए राजभवन परिसर में एक 'भ्रष्टाचार विरोधी कक्ष' खोलने की पहल की है।

## अगली तेलंगाना विधानसभा का सदस्य नहीं बनूंगाः राजा सिंह

**हैदराबाद।** निलंबित भाजपा विधायक राजा सिंह ने रविवार को कहा कि वह अगली तेलंगाना विधानसभा में सदस्य नहीं होंगे। विधायक ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि अगली विधानसभा में कौन होगा और कौन नहीं। उन्होंने विधानसभा में कहा, 'मुझे विश्वास है कि मैं वहां नहीं रहूंगा।' विवादास्पद विधायक ने यह भी टिप्पणी की कि 'घर वाले' और 'बाहर वाले' दोनों उन्हें अगली विधानसभा में नहीं चाहते हैं। हालांकि, उन्होंने विस्तार से नहीं बताया। राजा सिंह ने मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव से अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों का ख्याल रखने का अनुरोध किया। रविवार को विधानसभा के मानसून सत्र का आखिरी दिन था, जो साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले आखिरी सत्र होने की संभावना है।

## पूर्व माओवादी विचारक गीतकार गदर का निधन

**हैदराबाद।** पूर्व माओवादी विचारक और क्रांतिकारी गीतकार गदर का संक्षिप्त बीमारी के बाद रविवार को यहां निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। उन्होंने एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली, जहां उन्हें 10 दिन पहले दिल का दौरा पड़ने के बाद भर्ती कराया गया था। उनके परिवार में पत्नी विमला और एक बेटा तथा एक बेटी हैं। उनके दूसरे बेटे चंद्रुडु का 2003 में निधन हो गया था। मेडक जिले के तूपरान में 1949 में एक दलित परिवार में जन्मे गदर का मूल नाम गुम्मदी विठ्ठल राव था, लेकिन वह अपने मंच नाम गदर से लोकप्रिय हो गए। वह उस्मानिया यूनिवर्सिटी इंजीनियरिंग कॉलेज के दिनों से ही एक क्रांतिकारी गायक और नक्सलवाद के प्रति सहानुभूति रखने वाले थे।

## नहीं रहे क्रांतिकारी गीतकार एवं पूर्व नक्सली नेता गद्दार

**हैदराबाद, (एजेंसियां)।** क्रांतिकारी गीतकार एवं पूर्व नक्सली समर्थक गुम्मदी विट्ठल राव (जिन्हें 'गद्दार' के नाम से जाना जाता है) का रविवार को यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 75 साल के थे। श्री राव ने देश की स्वतंत्रता पूर्व की गदर पार्टी को श्रद्धांजलि देने के लिए गद्दार नाम अपनाया।

श्री गद्दार 1969-70 के दशक में तेलंगाना आंदोलन के दौरान उस्मानिया यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग कॉलेज में एक क्रांतिकारी गायक एवं नक्सलवाद के प्रति सहानुभूति रखने वाले व्यक्ति माने जाते थे। वह 1980 के दशक में भूमिगत हो गए और जन यात्रा नाट्य मंडली की स्थापना की। सरल गीतों के साथ भावपूर्ण, मधुर लोक गीतों के लिए जाने जाने वाले गद्दार ने लोगों, विशेषकर युवाओं को माओवादी विचारधारा की ओर आकर्षित किया। यह समूह बाद में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (सीपीआई-एमएल) पीपुल्स वॉर की सांस्कृतिक शाखा से जुड़ गए, जिसका 2004 में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) बनाने के लिए माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर (एमसीसी) में विलय हो गया। गद्दार को 1997 में मारने का प्रयास किया गया था।

उस समय अज्ञात लोगों ने उन्हें हैदराबाद के बाहरी इलाके में उनके आवास पर गोली मार दी थी। इस हमले में वह बाल-बाल गये। साल 2004 में तत्कालीन आंध्र प्रदेश सरकार और पीपुल्स वॉर के बीच पहली सीधी बातचीत में क्रांतिकारी लेखकों और कवियों वरवरा राव और कल्याण राव के साथ श्री गद्दार भी माओवादियों के प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हुए थे।

माओवादी पार्टी के साथ अपने कार्यकाल के दौरान श्री गद्दार ने चुनावी राजनीति के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया और चुनावों के बहिष्कार का आह्वान किया। साल 2017 में उन्होंने माओवाद छोड़ दिया और खुद को अंबेडकरवादी घोषित कर दिया।

## इमरान की गिरफ्तारी पाकिस्तान का आंतरिक मामला: अमेरिकी विदेश विभाग

**वाशिंगटन, (एजेंसियां)।** अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि पीटीआई प्रमुख इमरान खान की गिरफ्तारी पाकिस्तान का आंतरिक मामला है। डॉन ने अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता के हवाले से कहा, 'पाकिस्तान में इमरान खान और अन्य राजनेताओं के खिलाफ मामले एक आंतरिक मामला है।' प्रवक्ता ने कहा, 'हम पाकिस्तान में लोकतांत्रिक सिद्धांतों और कानून के शासन के सम्मान का आह्वान करते हैं, जैसा कि हम दुनिया भर में करते हैं। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री को तोशाखाना मामले में गिरफ्तार किया गया है। स्वतंत्र पर्यवेक्षकों की राय है कि इससे राजनीतिक संकट और बिगड़ जाएगा। वाशिंगटन के विल्सन सेंटर में दक्षिण एशियाई मामलों के विद्वान माइकल कुगेलमैन ने ट्विटर पर पोस्ट किया, 'अभी कुछ समय पहले, पाकिस्तान का राजनीतिक संकट थोड़ा कम होता



दिख रहा था, सरकार ने पद छोड़ने और चुनाव की तैयारी को एक कार्यवाहक के लिए रास्ता बनाने का वादा किया था।' उत्तरी अमेरिका में मौजूद पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के सदस्य मोहसिन डावर ने पोस्ट किया, 'एक प्रधानमंत्री को इकामा पर दोषी ठहराया गया और अब दूसरे को कलाई घड़ी बेचने का दोषी ठहराया गया। ऐसी छोटी-छोटी बातों पर राजनेता बदनाम हो जाते हैं।

## इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पंजाब में धारा 144 लागू

इस्लामाबाद। पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के विभिन्न जिलों में सात दिनों के लिए धारा 144 लगा दी गई है, जबकि कई पीटीआई समर्थकों को हिरासत में लिया गया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार- कसूर, झेलम, मियांवाली, मंडी बहाउद्दीन और रावलपिंडी जिलों में 7 दिनों के लिए सभाओं, सार्वजनिक बैठकों, प्रदर्शनों, धरना और रैलियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिला एवं सत्र अदालत द्वारा तोशाखाना मामले में तीन साल की जेल की सजा सुनाए जाने के बाद पीटीआई प्रमुख को शनिवार को उनके ज़मान पार्क आवास से गिरफ्तार किया गया था। डॉन रिपोर्ट के अनुसार, इमरान खान की गिरफ़्तारी के बाद पीटीआई ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।


## बंगलादेश में पिकनिक नाव पलटने से आठ की मौत

ढाका, 6 अगस्त (एजेंसियां)। बंगलादेश की राजधानी ढाका से लगभग 30 किलोमीटर दूर मुंशीगंज जिले में शनिवार रात पद्मा नदी की सहायक नदी में एक पिकनिक नाव के पलट जाने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा मुख्यालय के एक ड्यूटी अधिकारी रफी अल फारुक ने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से अब तक तीन महिलाओं, तीन बच्चों और दो पुरुषों के शव निकाले गए हैं। अधिकारी के मुताबिक, करीब 46 लोगों को ले जा रही



नाव स्थानीय समयानुसार शनिवार को रात करीब आठ बजे रेत से भरे एक जहाज से टक्कर के बाद पलट नदी में गई जब पीड़ित जहाज पर दिन भर की पिकनिक मनाने के बाद घर लौट रहे थे। अधिकारी ने कहा कि घटना के बाद अधिकांश यात्री तैरकर किनारे आने में सक्षम थे क्योंकि नाव नदी के किनारे डूब गई थी और इस दुखद घटना से कम से कम चार लोगों को जीवित बचाया गया है।

## वर्ग पहेली 6280



**बायें से दायें:-**

१. अनुपस्थिति, गैरहाजिरी
४. नामुमकिन
६. रक्तपान करने वाला
७. जिसके नेत्र लाल रंग के हों
८. रूपवती, कोमलांगी (उर्दू)
१०. पराजित होना
११. प्रशासन, राजा, हुकूमत
१३. एक खट्टे-मीठे स्वाद वाला फल
१४. आदेश, हुक्म
१५. किसी आकृति तल के ठीक ऊपरी भाग में एक कोण
१७. अनाथ (उर्दू)
१९. ऊपर उठना, उन्नति, युद्ध, सेना
२१. मशविरा, राय (उर्दू)
२२. केसर (उर्दू)
२४. लकड़ियां काटकर जीवनयापन करने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. प्रेमी, आसक्त, संतुष्ट, लाल
२. अप्रत्यक्ष कर
३. कत्लेआम
४. स्वीकार करना, अपना बनाना
५. बहन
९. शहर में प्रवेश करना
११. खुशी के साथ, प्रसन्नतापूर्वक
१२. वजह
१३. वहन, श्रम, शंका
१४. नि:शस्त्र, जिसके हाथ में कुछ न हो
१५. सिर के बल खड़े होने का आसन
१६. शोरगुल
१८. तृतीय
१९. वीरान, जनशून्य
२०. दृश्य (उर्दू)
२३. पर्वत

## वर्ग पहेली-6279



युसूफ क़ुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

**ढाका,** (एजेंसियां)। बंगलादेश में पिछले 24 घंटों में डेंगू से 10 और लोगों की मौत हो जाने के बाद मृतकों की संख्या 300 के पार कर गयी जबकि इस बीमारी के 2,495 मामले सामने आए हैं। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत देश के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) की ओर से बताए गए आंकड़ों के



अनुसार इस साल अब तक देश में कुल पुष्टि किए गए संक्रमणों की संख्या 63,968 हो गई है जबकि जनवरी से मृतकों की संख्या 303 पहुंच गयी है। डीजीएचएस ने कहा कि दक्षिण एशियाई देश में पिछले महीने डेंगू के मामलों में सबसे ज्यादा वृद्धि देखी गई जिसमें 43,854 नए संक्रमण और 204 मौतें हुईं। जून-सितंबर की मानसून अवधि बंगलादेश में डेंगू बुखार का मौसम है, जिसे मच्छर जनित बीमारियों के लिए उच्च जोखिम वाला देश माना जाता है।

**श्रद्धांजलि** *कुलगाम में ऑपरेशन हलान में आतंकवादियों के साथ गोलीबारी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था*

## 'ऑपरेशन हालान': सेना ने अपने वीर जांबाजों को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर, (एजेंसियां)। सेना ने रविवार को दिवंगत हवलदार बाबूलाल हरितवाल, दिवंगत सिग्नलमैन वाला महिपालसिंह प्रवीणसिंह, राइफलमैन वसीम सरवर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने 5 अगस्त को कुलगाम में ऑपरेशन हलान में आतंकवादियों के साथ गोलीबारी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था। बीबी कैंट स्थित चिनार युद्ध स्मारक के पास हुए एक भव्य समारोह में चिनार कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई और सभी रैंकों ने गौरवान्वित राष्ट्र की ओर से वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।**

दिवंगत हवलदार बाबूलाल हरितवाल उनतीस साल के थे और 2002 में सेना में शामिल हुए थे। वह राजस्थान के गांव हनुतपुरा, पोस्ट खुरालादखानी, तहसील, शाहपुरा, जिला जयपुर के रहने वाले थे। इस बहादुर जवान के परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं।

दिवंगत सिग्नलमैन वाला महिपालसिंह प्रवीणसिंह सत्ताइस साल के थे और 2016 में सेना में शामिल हुए थे। वह गुजरात में ग्राम विराटनगर, पोस्ट ओधव, तहसील अहमदाबाद, जिला अहमदाबाद के रहने वाले थे।

दिवंगत राइफलमैन वसीम सरवर उनतीस साल के थे और 2014 में सेना में शामिल हुए थे। वह जम्मू-कश्मीर के ग्राम दाचीगाम बांदीपोरा, पोस्ट बांदीपोरा, तहसील बांदीपोरा,




जिला बांदीपोरा के रहने वाले थे।

दिवंगत हवलदार बाबूलाल हरितवाल, दिवंगत सिग्नलमैन वाला महिपालसिंह प्रवीणसिंह, राइफलमैन वसीम सरवर के शवों को अंतिम संस्कार के लिए उनके मूल स्थानों पर ले जाया गया है, जहां पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि की जाएगी। सेना ने कहा, 'दुख की इस घड़ी में सेना शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता से खड़ी है और उनकी गरिमा और भलाई के लिए प्रतिबद्ध है।'

# खेल जगत

## पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता बने इंज़माम



**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंज़माम-उल-हक़ को दूसरी बार मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को एक ट्वीट के ज़रिये इसकी पुष्टि की। यह पद पिछले महीने हारून रशीद के इस्तीफा देने के बाद से खाली पड़ा था। इंज़माम इससे पहले 2016 से 2019 के बीच भी पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता रह चुके हैं। दूसरे कार्यकाल में उनकी पहली ज़िम्मेदारी अफगानिस्तान के खिलाफ 22 अगस्त से होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के लिये टीम चुनना होगा। अफगानिस्तान का सामना करने के बाद पाकिस्तान सितंबर में एशिया कप खेलेगी, जिसके फौरन बाद टीम पांच अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिये भारत आयेगी। इंज़माम 10 अगस्त को एक संवाददाता सम्मेलन में अफगानिस्तान श्रृंखला और एशिया कप के लिये स्क्वाड की घोषणा करेंगे।

# दूसरे टी20 की हार के बाद बल्लेबाजी से निराश पांड्या

**गयाना।** भारत के कप्तान हार्दिक पांड्या ने दूसरे टी20 में वेस्ट इंडीज के हाथों मिली दो विकेट की करीबी हार के बाद खराब बल्लेबाजी की समस्या को स्वीकार किया।

प्रोविडेंस स्टेडियम पर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत 20 ओवर में 152 रन ही बना सका। मेहमान टीम की ओर से तिलक वर्मा (41 गेंद, 51 रन) ने अर्द्धशतक जड़ा जबकि कोई अन्य बल्लेबाज प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सका। वेस्ट इंडीज ने 153 रन का लक्ष्य सात गेंद रहते हुए हासिल कर लिया।

पांड्या ने मैच के बाद कहा, हमारा बल्लेबाजी प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। विकेट लगातार गिरते रहे और पिच भी धीमी थी। हमने इतनी अच्छी बल्लेबाजी नहीं की कि 160 रन से ज्यादा बना सकें। पांड्या ने कहा, वह (तिलक वर्मा) जिस तरह बल्लेबाजी कर रहा है, उस पर हम ध्यान दे रहे हैं। नंबर चार पर एक बाएं हाथ के बल्लेबाज के होने से हमें दाएं और बाएं का संयोजन मिल जाता है। हमारे युवा खिलाड़ी आत्मविश्वास और निर्भयता के साथ आ रहे हैं। भारत ने 152 रन का बचाव करते हुए पहले ओवर में वेस्ट इंडीज के दो विकेट गिरा भी दिये, लेकिन निकोलस पूरन ने 40 गेंद पर 67 रन की आतिशी पारी खेलकर वेस्ट इंडीज को जीत के करीब पहुंचा दिया। मेज़बान टीम को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले कुछ झटके लगे लेकिन वह दो विकेट की जीत हासिल करने में सफल रही।

पांड्या ने पूरन की बल्लेबाजी पर कहा, वह (पूरन) जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं उससे स्पिनरों को लगाना मुश्किल हो जाता है। दो रन पर दो विकेट गिरने के बाद उन्होंने जिस तरह बल्लेबाजी की वह कमाल था।

इस बीच, तिलक ने भी भारतीय टीम का स्कोर कम होने पर पांड्या की बात से



सहमति ज़ाहिर की, हालांकि उन्होंने धीमे विकेट पर बल्लेबाजों के प्रदर्शन की सराहना की। तिलक ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, विकेट धीमा था। हमने सोचा कि 150-160 एक अच्छा स्कोर होगा। हो सकता है कि हम 10 रन पीछे रह गये, लेकिन यह एक अच्छा प्रदर्शन था (हमारे बल्लेबाजों द्वारा)।

उन्होंने कहा, पूरन ने जिस तरह बल्लेबाजी की उसके लिये उनको श्रेय जाता है। उन्होंने गेंदबाजों पर दबाव डाला। हम जानते थे कि अगर हम एक विकेट हासिल कर सकते हैं, तो हम मैच बचा सकते हैं क्योंकि विकेट धीमा था। ऐसा नहीं था बल्लेबाजी करना आसान है। यह एक गेंदबाज की पिच थी। दुर्भाग्य से, यह इतना मजेदार खेल है कि यह कभी भी पलट सकता है।

## पूरन के दम पर विंडीज ने जीता दूसरा टी20

**गयाना।** वामहस्त बल्लेबाज निकोलस पूरन (40 गेंद, 67 रन) के आतिशी अर्द्धशतक की बदौलत वेस्ट इंडीज ने रोमांच से भरे दूसरे टी20 मैच में रविवार को भारत पर दो विकेट की जीत दर्ज कर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली। भारत ने विंडीज के सामने 153 रन का लक्ष्य रखा, जिसे वेस्ट इंडीज ने 18.5 ओवर में हासिल कर लिया। भारत की ओर से एक बार फिर तिलक वर्मा (41 गेंद, 51 रन) ने अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्द्धशतक जड़ा, जबकि उनके अलावा कोई बल्लेबाज सराहनीय प्रदर्शन नहीं कर सका। दूसरी पारी में पूरन की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के कारण एक समय ऐसा लग रहा था कि वेस्ट इंडीज आसानी से यह लक्ष्य प्राप्त कर लेगी, लेकिन उनके आउट होने के बाद युज़वेंद्र चहल ने 16वें ओवर में तीन विकेट चटकाते हुए मैच का रुख पलट दिया। आठ विकेट गंवा चुकी वेस्ट इंडीज को तीन ओवर में 21 रन की दरकार थी, हालांकि इसके बाद चहल को गेंद नहीं मिली और वेस्ट इंडीज ने सात गेंद रहते मैच जीत लिया। भारत के लिये गेंदबाज़ी की शुरुआत करने उतरे हार्दिक पांड्या ने पहले ओवर में मात्र दो रन देते हुए ब्रैंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स को पवेलियन लौटा दिया। भारत की शुरुआत अच्छी रही लेकिन अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से पूरन मैच को भारत की पकड़ से दूर ले जाते रहे। वेस्ट इंडीज ने पावरप्ले में 61 रन बनाये जिसमें काइल मेयर्स ने भी सात गेंद पर 15 रन का योगदान दिया। इसके अलावा पूरन ने रोवमैन पॉवेल (19 गेंद, 21 रन) के साथ भी तीसरे विकेट के लिये 57 रन की साझेदारी की। पूरन ने 40 गेंद पर छह चौकों और चार छक्कों के साथ 67 रन बनाये लेकिन वेस्ट इंडीज को जीत तक ले जाने से पहले वह मुकेश कुमार का शिकार हो गये। वेस्ट इंडीज 14 ओवर में 127 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य की ओर अग्रसर थी लेकिन भारतीय स्पिनरों के कारण मैच में एक और मोड़ देखने को मिला। रवि बिश्नोई ने 15वें ओवर में मात्र एक रन दिया, जबकि चहल ने अगले ओवर में दो रन देते हुए रोमारियो शेफर्ड, जेसन होल्डर और शिमरन हेटमायर को आउट कर दिया। मुकेश द्वारा फेंके गये 17वें ओवर में मात्र तीन रन जाने के बाद भारत के जीत के आसार थे, हालांकि कप्तान पांड्या ने मैच पलटने वाले चहल को गेंद न देने का फैसला किया। वेस्ट इंडीज के लिये क्रीज पर खड़े अल्ज़ारी जोसेफ़ और अकील हुसैन ने अर्शदीप सिंह के 18वें ओवर में नौ रन जोड़े, जबकि मुकेश के 19वें ओवर की पांच गेंदों में ही 14 रन जोड़कर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। जोसेफ़ ने आठ गेंद पर 10 रन बनाये, जबकि वेस्ट इंडीज के लिये विजयी चौका जड़ने वाले हुसैन 10 गेंद पर 16 रन बनाकर नाबाद रहे।

# भारतीय टीम में नहीं दिख रहा जीत का जज्बा : वेंकटेश प्रसाद

**टीम इंडिया का प्रदर्शन बहुत औसतन रहा है। इसे नजरअंदाज करने का कोई मतलब नहीं है। 2007 टी20 विश्व कप के बाद, आईपीएल शुरू हुआ और हमने तब से 7 प्रयासों में टी20 विश्व कप नहीं जीता है। महज 1 बार फाइनल में जगह बनाई, क्योंकि टीम में अब जीतने की भूख और जज्बा नजर नहीं आता। हार्दिक पाण्डया की कप्तानी में भी कोई धार नहीं दिखाई दी उनके कई फैसले समझ से परेश थे : वेंकटेश प्रसाद**



**नई दिल्ली।** पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में टीम इंडिया के खराब प्रदर्शन पर निराशा व्यक्त की। साथ ही हार्दिक पांड्या की कप्तानी पर भी सवाल उठाए हैं। दरअसल, वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट और वनडे सीरीज पर कब्जा जमाने वाली टीम इंडिया अपनी गलतियों के कारण पांच मैच की टी-20 सीरीज में 0-2 से पीछे है।

टीम के इस लचर प्रदर्शन के बाद पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने टीम के प्रयास को बहुत सामान्य बताया और कहा कि टीम में जीत की भूख नजर नहीं आती। वेंकटेश प्रसाद ने ट्वीट किया, टीम इंडिया का प्रदर्शन बहुत औसतन रहा है। इसे नजरअंदाज करने का कोई मतलब नहीं है। 2007 टी20 विश्व कप के बाद, आईपीएल शुरू हुआ और हमने तब से 7 प्रयासों में टी20 विश्व कप नहीं जीता है। महज 1 बार फाइनल में जगह बनाई, क्योंकि टीम में अब जीतने की भूख और जज्बा नजर नहीं आता। इतना ही नहीं प्रसाद ने दूसरे मैच में युजवेंद्र चहल को अपने कोटे का अंतिम ओवर नहीं देने पर भारतीय कप्तान की रणनीति पर भी सवाल उठाए।

इस ट्वीट में उन्होंने आगे मैच की बात करते हुए कहा, युजी ने 16वें ओवर में 2 विकेट लिए और भारत को खेल में वापस ला दिया। तब वेस्टइंडीज ने 8 विकेट खो दिए थे। इसके बाद उन्हें 9वें और 10वें बल्लेबाज के सामने अपना आखिरी ओवर करने का मौका नहीं मिला। इसके बाद वींडिज बल्लेबाजों ने तेज गेंदबाजों का आसानी से सामना किया और मैच अपने नाम किया। आपको ऐसे समय किताबी ज्ञान नहीं बल्कि दिमाग से चलना चाहिए। हार्दिक के फैसले पर सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं क्योंकि वेस्टइंडीज को 24 गेंद में 24 रन की दरकार थी। 16वें ओवर में चहल ने टीम इंडिया की मैच में दमदार वापसी कराई। चहल की गेंद काफी घूम रही थी और उनका एक ओवर बाकी था। लेकिन पांड्या ने उनसे 18वां ओवर नहीं कराया और तेज गेंदबाजों पर भरोसा जताया। पांड्या का यह फैसला गलत साबित हुआ, जिसके बाद क्रिकेट फैंस ने सोशल मीडिया पर उन्हें काफी ट्रोल किया।

# विटोरी बने सनराइजर्स के नए कोच




हैदराबाद। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की 2016 की चैंपियन फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद ने डेनियल विटोरी को नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को इसकी घोषणा की। न्यूज़ीलैंड के पूर्व कप्तान विटोरी 2014 से 2018 के बीच रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के मुख्य कोच रह चुके हैं और इस समय ऑस्ट्रेलियाई टीम के सहायक कोच की भूमिका निभा रहे हैं। वह सनराइजर्स में बतौर मुख्य कोच ब्रायन लारा की जगह लेंगे।

सनराइजर्स ने पिछले छह सीज़नों में चौथी बार नया कोच नियुक्त किया है। लारा (2023) के एक वर्षीय कार्यकाल से पहले टॉम मूडी (2019, 2022) और ट्रेवर बेलिस (2020-21) भी दो-दो साल फ्रेंचाइजी के साथ बिता चुके हैं। फिलहाल विटोरी द हंड्रेड में बर्मिंघम फीनिक्स पुरुष टीम के मुख्य कोच हैं। वह इससे पहले कैरिबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) में बारबाडोस रॉयल्स, बिग बैश लीग में ब्रिस्बेन हीट और वाइटैलिटी ब्लास्ट में मिडलसेक्स के साथ भी मुख्य कोच के रूप में काम कर चुके हैं। हाल के वर्षों में खराब प्रदर्शन करने वाली सनराइजर्स ने आईपीएल 2021 के बाद से केवल 13 मैच जीते हैं जबकि 29 में उसे हार मिली है। साल 2016 में चैंपियन बनने के बाद से 2020 तक यह फ्रेंचाइजी हर सीज़न में प्लेऑफ़ में पहुंची, लेकिन दूसरा खिताब जीतने में असफल रही। पिछले तीन सीज़न से सनराइजर्स प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच सकी है और अब कोच विटोरी एवं कप्तान एडेन मार्करम के संयोजन से शीर्ष चार से बाहर रहने के तीन सीज़न के सिलसिले को ख़त्म करना चाहेगी।

# जापान पर जोरदार जीत से मलयेशिया सेमीफाइनल में

■ **सत्येन्द्र पाल सिंह**

**चेन्नै।** नजमी जजलान, अशरान हमसानी ,शैलो सिल्वारियूज के एक एक गोल की बदौलत मलयेशिया की पुरुष हॉकी टीम ने जापान को यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में सोमवार को से हरा चार मैचों में तीन जीत के साथ कुल नौ अंक लेकर सेमीफाइनल में स्थान बना लिया। मलयेशिया ने मेजबान भारत के हाथों रविवार को 0-5 से बड़ी हार से उबर कर सोमवार को प्रभावी जीत दर्ज की। जापान के चार मैचों में दो हार और दो ड्रॉ से मात्र दो अंक हैं लेकिन उसके चौथी टीम के रूप में सेमीफाइनल पहुंचने की हल्की उम्मीद बाकी है।

राजी रहीम , फित्री सारी अशरान हमसानी की अगुआई में मलयेशिया का जापान के गोल से



शुरु से हमले बोलना काम आया। नजमी जजलान ने पहला क्वॉर्टर खत्म होने से दो मिनट पूर्व पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर मलयेशिया का खाता खोला। फित्री सारी के तीसरे क्वॉर्टर के सातवें मिनट में बढिया पास पर अशरान हमसानी ने गोल कर मलयेशिया की बढ़त 2-0 कर दी। शैलो सिल्वारियूज ने खेल खत्म होने से मिनट भर पहले अशरान हमसानी के पास पर गोल कर मलयेशिया को 3-0 से आगे कर दिया। अगले ही जापान के जेंकी जेतानी के पास पर ताकूमा नीवा ने गोल कर स्कोर 1-3 कर दिया। जापान को लगातार दो ड्रॉ के बाद दूसरी हार का सामना करना पड़ा। पूर्व चैंपियन पाकिस्तान के खिलाफ 3-3 से और मेजबान भारत के खिलाफ 1-1 से ड्रा पर रहा। उन्होंने प्रतियोगिता की शुरुआत एक अन्य पूर्व चैंपियन कोरिया गणराज्य से 1-2 से हार के साथ की थी। जापान, जिसके चार मैचों में केवल दो अंक हैं, नॉकआउट चरण में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गया है। छह टीमों की लीग में मलेशिया का एक और मैच बाकी है, जिसमें वो 9 अगस्त को अपने पांचवें मैच में कोरिया से भिड़ेगा।

# ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप टीम में लाबुशेन को नहीं मिली जगह

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने दाएं हाथ के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिये चयनित 18-सदस्यीय स्क्वाड में जगह नहीं दी है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने हालांकि सोमवार को घोषित टीम में लेग-स्पिनर तनवीर संघा और हरफनमौला आरोन हार्डी को जगह दी। संघा और हार्डी ने अभी तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण नहीं किया है। लाबुशेन को टीम में जगह न मिलना आश्चर्य की बात है क्योंकि उन्होंने 2020 में पदार्पण करने के बाद से वह सिर्फ आठ एकदिवसीय मैचों में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा नहीं रहे हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के पिछले नौ वनडे मैचों में भी टीम का हिस्सा रहे थे। एकदिवसीय विश्व कप के लिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों का पालन करते




हुए सीए इस 18-सदस्यीय स्क्वाड को 28 सितंबर तक घटाकर 15-सदस्यीय टीम में बदल देगा। उससे पहले यह ऑस्ट्रेलियाई टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच वनडे मैच (सात-17 सितंबर) और भारत के खिलाफ तीन वनडे (22-27 सितंबर) खेलेगी।

कप्तान पैट कमिंस विश्व कप में कंगारुओं की अगुवाई करेंगे, हालांकि दक्षिण अफ्रीका और भारत के खिलाफ उनका खेलना संशय में है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गयी हालिया एशेज़ टेस्ट श्रृंखला के दौरान कमिंस की कलाई में फ्रैक्चर हुआ था जिसके कारण उन्हें छह हफ्ते के लिये आराम करने की सलाह दी गयी है।

मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने खुलासा किया कि कमिंस के बायीं त्रिज्या में एक अव्यवस्थित फ्रैक्चर है जिसके लिये छह सप्ताह के रिहैब की आवश्यकता है, लेकिन उनका मानना है कि टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले आराम करने से उन्हें फायदा होगा। बेली ने कहा, हम इस महत्वपूर्ण विश्व कप अभियान से पहले पैट के लिये लागू आराम की अवधि को सकारात्मक मानते हैं। विश्व कप से पहले वह अभी भी कई मैच खेल सकते हैं जो उनकी मजबूत तैयारी के लिये पर्याप्त हैं।

विश्व कप से पहले नियोजित आठ एकदिवसीय मैचों में संघा और हार्डी को मौका मिलना तय है। संघा इससे पहले कई टी20 दौरों पर ऑस्ट्रेलिया का हिस्सा रह चुके हैं लेकिन उन्हें अभी तक अपने देश के लिये मैदान पर उतरने का मौका नहीं मिला है।

# सैमसन के फ्लॉप शो को लेकर पार्थिव पटेल ने दी तीखी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने संजू सैमसन के लगातार खराब परफॉर्मेंस को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, जब भी उन्हें मौके मिले वो फ्लॉप रहे। उन्होंने कहा, संजू सैमसन। ये नाम भारतीय टीम के उस खिलाड़ी का है, जिसके बारे में हमेशा टीम में जगह नहीं मिलने के कारण काफी बातें होती हैं। लेकिन जब भी उन्हें मौका मिला वो उस मौके को भुनाने में सफल नहीं हुए।

भारत के वेस्टइंडीज दौरे पर संजू सैमसन को टीम में जगह मिली। उनके पास एक बड़ा मौका था अपनी छाप छोड़ने का, लेकिन वो इसमें अब तक नाकाम रहे हैं। हालांकि वनडे में



उन्होंने एक अर्धशतक जरुर बनाया। मगर टी20 सीरीज में उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा है, क्योंकि उन्होंने अब तक दो मैचों में महज 19 रन ही बनाए। भारत को रविवार को दूसरे टी20 मैच में दो विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिसमें सैमसन केवल 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

## सार संक्षेप

### ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

**ब्रिस्बेन।** इंग्लैंड ने फीफा महिला विश्व कप के सांस रोक देने वाले प्री-क्वार्टरफाइनल में सोमवार को नाइजीरिया को शूटआउट में 4-2 (फुल टाइम 0-0) में हराकर शीर्ष-आठ में प्रवेश कर लिया। सिडनी के स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया पर खेले गये दिन के एक अन्य मुकाबले में, ऑस्ट्रेलिया ने डेनमार्क को 2-0 से मात दी। केटलीन फूर्ड (29वां मिनट) और हेली रूसो (70वां मिनट) ने विजेता टीम के गोल किये। क्वार्टरफाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना फ्रांस या मोरक्को में से किसी एक से होगा। दूसरी ओर, इंग्लैंड और नाइजीरिया के बीच मुकाबला अतिरिक्त समय के बाद भी गोलरहित रहने के कारण विजेता का फैसला शूटआउट से हुआ। नाइजीरिया के पास नौ विश्व कप आयोजनों में पहली बार एक नॉकआउट मैच जीतने का मौका था लेकिन इंग्लैंड ने उसके दो गोलों की तुलना में चार गोल जमाकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली।

### महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए ये खिलाड़ी हुई नॉमिनेट

**दुबई।** दो ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एलिसे पेरी और एश्ले गार्डनर के साथ-साथ इंग्लैंड की स्टार ऑलराउंडर नेट साइवर-ब्रंट को जुलाई के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। महिला प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए तीन खिलाड़ियों को नॉमिनेट किया गया है। पहला नाम एलिसे पेरी है, जिन्होंने पूरे महीने सभी प्रारूपों में लगातार शानदार प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, एश्ले गार्डनर को प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए लगातार दूसरी बार नॉमिनेट किया गया है। द्धष्ट महिला टी20 रैंकिंग में नंबर 1 ऑलराउंडर का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन रहा। साइवर-ब्रंट, जो महिला एशेज के एकदिवसीय चरण में प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ थीं।

### अनुबंध विवाद के बीच एम्बाप्पे पीएसजी की मुख्य टीम के साथ प्रैक्टिस नहीं करेंगे

नई दिल्ली। किलियन एम्बाप्पे पेरिस सेंट-जर्मेन की पहली टीम के साथ प्रशिक्षण नहीं लेंगे, क्योंकि क्लब के साथ उनका अनुबंध विवाद अब भी जारी है।

# बीएआई ने विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए टीम की घोषणा की

नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने संयुक्त राज्य अमेरिका के स्पोकेन में होने वाली आगामी बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के लिए 16 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। 26 से 29 जुलाई तक नई दिल्ली में आयोजित एक खास परीक्षण प्रक्रिया के बाद टीम का चयन किया गया। बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, ट्रायल बेहद प्रतिस्पर्धी था और जब से हमने ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए ट्रायल अनिवार्य किया है तब से हम कई नए चेहरे देख रहे हैं। हमें उन नामों पर बेहद गर्व है जिनका चयन किया गया है और हमें विश्वास है कि ये युवा शटलर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और देश को गौरवान्वित करेंगे।

# संजय सेन ने इगोर स्टिमक के अनुरोध का समर्थन किया

**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की पुरुष फुटबॉल टीम के क्रोएशियाई मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने सभी स्टेक होल्डर, खासकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लबों से खिलाड़ियों को समय पर रिलीज करने का अनुरोध किया है। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने एक खास अपील की है, जिसका समर्थन अब संजय सेन ने भी किया है। इगोर स्टिमक ने क्लबों से खिलाड़ियों को समय पर रिलीज करने का अनुरोध किया है। जिससे ब्लू टाइगर्स के पास, एएफसी एशियाई कप 2023 और 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर की तैयारी के लिए ज्यादा समय मिले। संजय सेन ने स्टिमक के प्रस्ताव को सही समय पर सही बात करार देते हुए उनकी बात पर सबको गौर देने की राय दी है। 2019-20 और 2020-21 में टीम के सहायक कोच बनने से पहले, सेन 2018-19 में आईएसएल क्लब एटीके के तकनीकी निदेशक थे। वर्तमान में, सेन मोहन बागान के युवा विकास के प्रमुख हैं।




उन्होंने कहा, देखिए, सवाल यह नहीं है कि क्या यह वैध अनुरोध है। ऐसा लगता है कि स्टिमक ने यह अनुरोध दो दृष्टिकोणों से किया है - पहला, हाल के दिनों में टीम के प्रभावशाली प्रदर्शन को देखते हुए। हालांकि भारत ने कई उच्च रैंकिंग वाली टीमों को नहीं हराया है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय टीमों की भागीदारी के साथ तीन टूर्नामेंट जीतना भारत की सफलता को दर्शाता है। दूसरी बात, एक नया प्रबंधन सत्ता में आया है। इन सभी फैक्टर को ध्यान में रखते हुए, स्टिमक ने क्लबों से यह अनुरोध किया है। यह पहली बार नहीं है कि किसी कोच ने ऐसा अनुरोध किया है, पहले भी ऐसे अनुरोध किए गए थे। अब यह फ्रेंचाइजी और क्लब मालिकों पर निर्भर है... हमें देखना होगा कि वे राष्ट्रीय टीम के लिए कितना सोचते हैं।

सेन ने कहा, स्टिमक ने अपना अनुरोध पेश करने के लिए सही समय चुना है। वास्तव में, अगर मैं कोच होता, तो यही मांग करता।

सेन को नहीं पता कि क्लब मुख्य कोच के अनुरोध पर कैसे प्रतिक्रिया देंगे और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्लबों के उदाहरणों का हवाला भी दिया, जिन्होंने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय ड्यूटी के लिए खिलाड़ियों को जल्दी फ्री करने पर ज्यादा ध्यान दिया। हालांकि, जैसा कि मैंने कहा है, क्लब अपने हितों को भी देखेंगे। हाल ही में, मैंने मीडिया रिपोर्ट में देखा है कि क्लबों ने खिलाड़ियों को रिलीज करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई है। लेकिन ये मीडिया रिपोर्ट हैं और मुझे नहीं पता कि ये कितने सच हैं।

## सुडोकू 6280 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 | 2 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 2 | 1 | 4 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 1 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 9 |
| 5 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 8 | 3 | 6 |
| 1 | 6 | 3 | 5 | 8 | 7 | 2 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 | 1 | 5 |
| 9 | 7 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 |
| 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 |


| SENSEX | BSE | 65953.48 ▲ 232.23 | NSE | 19597.30 ▲ 80.30 | MCX | Gold 59497 ▼ 30 | silver 72230 ▼ 248 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## शुरुआती कारोबार में रुपया 10 पैसे बढ़ा

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच सोमवार को शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे बढ़कर 82.71 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा के कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की लगातार बिकवाली और विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती के कारण निवेशक सतर्क हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.73 पर खुला और फिर बढ़त के साथ 82.71 के स्तर पर पहुंच गया। यह पिछले बंद भाव की तुलना में 10 पैसे की बढ़त है। रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले 82.81 के भाव पर बंद हुआ था।





## संजय कुमार अग्रवाल ने सीबीआईसी चेयरमैन पद का कार्यभार संभाला

**नयी दिल्ली।** भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी संजय कुमार अग्रवाल ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चयरमैन पद का कार्यभार संभाल लिया है। सीबीआईसी ने ट्विटर पर लिखा है,1988 बैच के सी एंड आईटी (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर समूह) अधिकारी संजय कुमार अग्रवाल ने पांच अगस्त 2023 को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर व सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन पद का कार्यभार संभाला। अग्रवाल ने विवेक जोहरी की जगह ली है, जो 31 मई को सीबीआईसी प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हुए। वित्त मंत्रालय ने पांच अगस्त को अग्रवाल की नियुक्ति का आदेश जारी किया था। इससे पहले, वह बतौर सीबीआईसी सदस्य (अनुपालन प्रबंधन) के रूप में कार्य कर रहे थे। सीबीआईसी में चेयरमैन के साथ छह सदस्य होते हैं। बोर्ड को प्रधान मुख्य आयुक्त/मुख्य आयुक्त और प्रधान महानिदेशक/महानिदेशक कामकाज में सहायता प्रदान करते हैं।

## महंगे टमाटर की मार शाकाहारियों पर, जुलाई में 34 प्रतिशत महंगी हुई वेज थाली

***नई दिल्ली।** शाकाहारी भोजन करने वालों की इन दिनों जेब कट रही है. खासतौर से जब से टमाटर समेत दूसरी साग-सब्जियों की कीमतों में उछाल आया है तब से उनके सुबह शाम के भोजन की थाली पर महंगाई की मार पड़ रही है. जुलाई 2023 में जून के मुकाबले शाकाहरी भोजन की थाली 34 फीसदी महंगी हो चुकी है. जबकि नॉन-वेज थाली की महंगाई 13 फीसदी महंगी हुई है.*



**टमाटर के चलते महंगी हुई थाली** - फूड प्लेस कॉस्ट पर रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के मंथली इंडीकेटर के मुताबिक जुलाई महीने में लगातार तीसरे महीने शाकाहारी थाली की कीमत में उछाल देखने को मिला है. टमाटर की कीमतों में तेज उछाल के चलते जून के मुकाबले जुलाई में वेजिटेरियन थाली 34 फीसदी महंगी हो चुकी है जिसमें इस महंगाई में बढ़ोतरी में 25 फीसदी केवल टमाटर का योगदान है. जून में जहां टमाटर 3 रुपये प्रति किलो ग्राम में मिल रहा था वो जुलाई में 233 फीसदी की उछाल के साथ 110 रुपये प्रति किलो पर जा पहुंची है. अगस्त में टमाटर देश के कई इलाकों में 250 से 300 रुपये प्रति किलों में मिल रहा है. वहीं प्याज की कीमतों में 19 फीसदी और आलू की कीमतों में 9 फीसदी का उछाल देखने को मिला है. इस दौरान मिर्च की कीमतें 69 फीसदी और जीरा के दाम 16 फीसदी बढ़े हैं. क्रिसिल के मुताबिक इनका इस्तेमाल कम मात्रा में होता है इसलिए सब्जियों के मुकाबले थाली की महंगाई बढ़ाने में इनका योगदान कम है.

**ऐसा निकाला जाता है थाली का रेट** - क्रिसिल भारत वर्ष के सभी दिशाओं में खाने पीने की चीजों की कीमतों के आधार पर घर में एक थाली की औसतन कीमतों को कैकुलेट करती है. इससे आम आदमी के खर्च में आ रहे बदलाव का पता लगता है. इसके अलावा अनाज, दाल, सब्जी, मसाले, खाने के तेल, ब्रॉइलर यानि चिकेन और रसोई गैस के चलते थाली की कीमत में आ रहे बदलाव का पता भी इस डेटा के जरिए लगता है.

**महंगाई की मार वेज थाली पर** - इस डेटा का पता लगाने के लिए वेज थाली में, रोटी, सब्जी जिसमें टमाटर, आलू और प्लाज के अलावा चावल, दाल, दही, और सलाद को शामिल किया जाता है. नॉन-वेज थाली के लिए दाल की जगह चिकेन को शामिल किया जाता है. वेज थाली के मुकाबले नॉन-वेज थाली की महंगाई कम बढ़ी है. क्योंकि चिकेन जैसी ब्राइलर्स की कीमतें जिसका हिस्सा नॉन-वेज थाली में 50 फीसदी है उसकी कीमतें 3 से 5 फीसदी तक कम हुई है. क्रिसिल के इंडीकेटर के मुताबिक खाने के तेल की कीमतों में 2 फीसदी की कमी आई है उससे भी कुछ राहत मिली है.

## जोमैटो पर खाना खरीदना हुआ महंगा, अब देना होगा ज्यादा पैसा

***नई दिल्ली।** स्विगी के बाद उसके प्रतिद्वंदी जोमैटो से भी खाना महंगा हो जाएगा. फूड डिलीवरी ऐप जोमैटो ने प्लेटफॉर्म चार्ज के रूप में हर ऑर्डर पर 2 रुपये का शुल्क लगाने का फैसला किया है. यह अभी कुछ ही शहरों में ट्रायल के तौर पर शुरू किया गया है. अगर प्रयोग सफल होता है तो संभव है कि इस देशभर के उन सभी इलाकों में लागू कर दिया जाएगा जहां जोमैटो फूड डिलीवरी करता है.*

जोमैटो का यह शुल्क सभी ऑर्डर्स पर एकसमान ही लगेगा. ऑर्डर 5 रुपये का हो या 500 का, चार्ज 2 रुपये प्रति ऑर्डर ही देना होगा. ज्ञात हो कि इससे पहले जोमैटो के प्रतिद्वंदी स्विगी ने भी ठीक इसी तरह का शुल्क अपने ऑर्डर्स पर अप्रैल में लागू किया था. स्विगी भी प्रति ऑर्डर 2 रुपये अतिरिक्त चार्ज करता है. जोमैटो के एक प्रवक्ता ने इस शुल्क की पुष्टि करते हुए कहा है कि यह अभी प्रयोग किया जा रहा है और जरूरी नहीं है कि इसे पूरी तरह लागू ही कर दिया जाए.

**तिमाही नतीजों के बाद आया फैसला** - जोमैटो की यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब हाल ही में कंपनी के तिमाही नतीजे जारी हुए हैं जो काफी संतोषजनक हैं. कंपनी ने पहली बार तिमाही नतीजों में मुनाफा दर्ज किया है. हालांकि, यह मुनाफा केवल 2 करोड़ रुपये का है लेकिन लगातार घाटे से गुजर रही कंपनी के लिए ब्रेक ईवन करना और फिर मुनाफा बना देना एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा सकता है. जून तिमाही में कंपनी की आय में 64 फीसदी का इजाफा हुआ और यह 2,597 करोड़ रुपये पहुंच गई. बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में कंपनी को 186 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था जो इस बार 2 करोड़ रुपये के फायदे में बदल गया.




**शेयरों में उछाल** - तिमाही नतीजों का परिणाम रहा कि कंपनी के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिली. 7 अगस्त 2023 को कारोबार के दौरान जोमैटो के शेयर अपने 52 हफ्तों के शीर्ष स्तर 102.85 पर पहुंच गया. खबर लिखे जाने तक शेयर करीब 5 फीसदी से अधिक की बढ़त के साथ 100.30 रुपये पर ट्रेड कर रहा है. पिछले एक हफ्ते में शेयर ने 15 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि दर्ज की है. ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि जोमैटो अब आगे और मुनाफा दर्ज करेगा जिसका सीधा असर इसके शेयरों में बढ़त पर दिखाई देगा.

## सोना -चांदी के दाम घटे



**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 100 रुपये टूटकर 60,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी भी 200 रुपये की गिरावट के साथ 74,800 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी की कीमत गिरावट के साथ क्रमशः 1,938 डॉलर प्रति औंस और 23.50 डॉलर प्रति औंस रह गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि डॉलर सूचकांक में मजबूती के कारण सोने में गिरावट का रुख रहा और एफओएमसी के एक सदस्य की तीखी टिप्पणी से लगता है कि ब्याज दरों में अतिरिक्त वृद्धि संभव है।

## बढ़त के साथ बंद हुए शेयर बाजार

### सेंसेक्स 232 अंक चढ़ा, निफ्टी 19,600 के करीब

***मुंबई।** ग्लोबल मार्केट से मिले मिश्रित रुझानों के बीच हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन हरे निशान पर बंद हुए। आईटी और ऑटो शेयरों में ताजा खरीदारी दिखी।*

आज के कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 232 अंक मजबूत हुआ। एनएसई के निफ्टी में भी 81 अंकों की बढ़त दर्ज की गई। व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप में 0.3 फीसदी और स्मॉलकैप सूचकांक में 0.6 फीसदी का इजाफा हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 232.23 अंक यानी 0.35 फीसदी की बढ़त के साथ 65,953.48 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 66,067.90 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 65,748.25 तक आया।



वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 81.35 अंक यानी 0.42 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 19,598.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 19,620.45 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 19,524.80 तक आया।

**4.23 फीसदी तक चढ़े महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर** - आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 22 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, टीसीएस और इंफोसिस सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स रहे। सबसे ज्यादा मुनाफा महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 4.23 फीसदी तक चढ़े।

**0.94 फीसदी तक टूटा एसबीआई**- वहीं, दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में केवल 8 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। एसबीआई, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस और कोटक बैंक सेंसेक्स के टॉप 5 लूजर्स रहे। सबसे ज्यादा नुकसान एसबीआई के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 0.94 फीसदी तक गिर गए। इसके अलावा एचडीएफसी नेस्ले और टाटा स्टील घाटे में रहे।

## जून में भारत को मिला रूस से सबसे सस्ता तेल, साल भर पहले से डेढ़ गुना कम लगा भाव

***नई दिल्ली।** पूर्वी यूरोप में करीब डेढ़ साल से जंग छिड़ी हुई है और अब तक उसका कोई नतीजा सामने नहीं आया है. हालांकि रूस और यूक्रेन के बीच छिड़े युद्ध से कुछ देशों को फायदा हो रहा है, जिनमें भारत भी शामिल है. भारत को युद्ध शुरू होने के बाद से रियायती दर पर कच्चे तेल की सप्लाई मिल रही है. जून महीने के दौरान तो यह फायदा और बढ़ गया, जब रूस से मिल रहा कच्चा तेल डेढ़ साल में सबसे सस्ता हो गया.*

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, रूस से भारत आ रहे कच्चे तेल की औसत कीमत जून महीने के दौरान सबसे कम हो गई. यह कीमत महज 68.17 डॉलर प्रति बैरल रह गई, जिसमें ढुलाई की लागत भी शामिल है. रूस से आने वाले कच्चे तेल की औसत कीमत इससे पहले मई महीने के दौरान 70.17 डॉलर प्रति बैरल बैठ रही थी.



**इतना सस्ता मिला कच्चा तेल** - भारत को जून में रूस से कच्चा तेल कितना सस्ता पड़ा, उसे समझने के लिए कुछ आंकड़ों को देखना जरूरी है. जैसे जून महीने के दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल का भाव 80 डॉलर प्रति बैरल के आस-पास चल रहा था, जिसमें ढुलाई का खर्च शामिल नहीं है. इसका मतलब हुआ कि अंतरराष्ट्रीय बाजार के भाव की तुलना में भारत को हर बैरल पर 15 से 20 डॉलर की बचत हुई. वहीं साल भर पहले भारत को रूस से ही 100.48 डॉलर प्रति बैरल के भाव से कच्चा तेल मिल रहा था. इस तरह देखें तो साल भर में भारत को मिल रहे कच्चे तेल के भाव में डेढ़ गुने की गिरावट आई.

**पश्चिमी देशों ने लगाई कई पाबंदियां**- रूस ने पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर हमला बोल दिया था. उसके बाद से दोनों पूर्वी यूरोपीय देशों के बीच युद्ध जारी है. यूक्रेन को अमेरिका समेत तमाम पश्चिमी देश सपोर्ट कर रहे हैं. इसके चलते अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने रूस के ऊपर कई आर्थिक पाबंदियां लगा दी हैं. रूस के कच्चे तेल पर भी पाबंदी लगाई गई है. पश्चिमी देशों ने रूस के कच्चे तेल पर 60 डॉलर प्रति बैरल का कैप लगा दिया है. हालांकि कच्चे तेल की मात्रा पर कोई लिमिट नहीं है.

### एथनॉल का बढ़ा खरीद भाव, उत्पादकों को कुछ राहत मिलेगी

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने टूटे अनाज (डीएफजी) से उत्पादित एथनॉल की कीमत 4.75 रुपये प्रति लीटर और मक्के से बने एथनॉल की कीमत 6.01 रुपये प्रति लीटर बढ़ाने का फैसला किया है। नई दरें 2022-23 एथनॉल आपूर्ति वर्ष के शेष महीनों में लागू होंगी, जो अक्टूबर 2023 में समाप्त होगा। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा एथनॉल बनाने के लिए सस्ती दर पर चावल की आपूर्ति रोके जाने कारण उत्पादकों को हो रही दिक्कत को देखते हुए ओएमसी ने यह फैसला किया है।इससे अनाज से एथनॉल बनाने वाले उत्पादकों को कुछ राहत मिलेगी, जो एफसीआई द्वारा सस्ते चावल की आपूर्ति अचानक रोके जाने की वजह से संकट का सामना कर रहे थे। साथ ही एथनॉल बनाने वाली कंपनियां मक्के के इस्तेमाल से भी बच रही थीं, क्योंकि गन्ने से बनने वाले एथनॉल की तुलना में इसका खरीद मूल्य कम है। इससे क्षतिग्रस्त अनाज और मक्के की ज्यादा कीमत से पड़ने वाले असर से डिस्टिलरीज को बचने में भी मदद मिलेगी। एफसीआई के चावल की आपूर्ति रोके जाने के पहले ओएमसी 58.50 रुपये प्रति लीटर के भाव एथनॉल खरीदती थीं और उस समय चावल 20 रुपये किलो मिलता था। उद्योग के सूत्रों ने कहा कि मक्के की खरीद कीमत 22 रुपये प्रति किलो है, जबकि हाल की कीमत वृद्धि के पहले मक्के से बनने वाले एथनॉल की कीमत 56.35 रुपये प्रति लीटर थी। इसके बाद टूटे चावल या क्षतिग्रस्त अनाज (डीएफसी) का स्थान आता है। बाजार में यह 23-24 रुपये प्रति किलो के भाव उपलब्ध है, लेकिन इससे बनने वाले एथनॉल की कीमत सबसे कम 55.54 रुपये प्रति लीटर है। हाल की कीमत वृद्धि, जो अगले कुछ दिन में लागू होगी, के बाद क्षतिग्रस्त अनाज से बनने वाले एथनॉल की खरीद कीमत 60.29 रुपये प्रति लीटर होगी, जबकि पहले 55.54 रुपये लीटर थी।

## गैर बासमती चावल निर्यात बढ़ा, पाबंदी से आगे घटेगा!

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में भी विदेशी बाजारों में भारतीय कमोडिटी की मांग खूब देखी जा रही है। पहली तिमाही में फल-सब्जी, चावल, पोल्ट्री उत्पाद, मूंगफली आदि का भरपूर निर्यात हुआ है। हालांकि गेहूं निर्यात पर पाबंदी के कारण कुल निर्यात में जरूर कमी दिख रही है क्योंकि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में बड़ी मात्रा में गेहूं निर्यात हुआ था, जबकि इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में ना के बराबर गेहूं निर्यात हुआ है। अगर गेहूं निर्यात के आंकड़े कुल निर्यात में से निकाल दें तो कुल निर्यात में इजाफा हुआ है।



पहली तिमाही तक बासमती और गैर बासमती चावल का निर्यात बढ़ा है। लेकिन आगे गैर बासमती सफेद चावल पर लगाई गई पाबंदी का असर गैर बासमती चावल के निर्यात पर दिख सकता है। चावल निर्यात बढ़ा, आगे गैर बासमती चावल का निर्यात घट सकता है वर्ष 2022-23 की अप्रैल-जून अवधि में 10,673 करोड़ रुपये मूल्य का 11.72 लाख टन बासमती चावल का निर्यात हुआ, जो पिछली समान अवधि में 8,948 करोड़ रुपये मूल्य के 11.25 लाख टन बासमती चावल निर्यात से 19 फीसदी अधिक है। इस अवधि में गैर बासमती चावल के निर्यात में 3.54 फीसदी इजाफा हुआ है। इस साल अप्रैल-जून में 12,518 करोड़ रुपये मूल्य का 40.57 लाख टन गैर बासमती चावल निर्यात हुआ। पिछली समान अवधि में 12,090 करोड़ रुपये मूल्य का 43.48 लाख टन गैर बासमती चावल का निर्यात हुआ था। सरकार ने पिछले महीने सफेद गैर बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगा दी है। इसकी कुल गैर बासमती निर्यात में 25 फीसदी हिस्सेदारी है। पहली तिमाही में गैर बासमती चावल का निर्यात महज 3.54 फीसदी ही बढ़ा है। ऐसे में निर्यात पर रोक के कारण आगे अब कुल गैर बासमती चावल का निर्यात भी घटने की संभावना है।

## जुलाई में गाड़ियों की खुदरा बिक्री में हुई 10 फीसद की बढ़ोतरी

***नई दिल्ली।** देश में वाहनों की बिक्री की दर में इजाफा हुआ है। यात्री वाहन के साथ ही दो पहिया वाहन, कमर्शियल वाहन सहित सभी सेगमेंट में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। फाडा के मुताबिक जुलाई 2023 के दौरान ऑटोमोबाइल बिक्री में 10 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई।*

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन की ओर से जुलाई महीने में कुल वाहनों की बिक्री बढ़त के बाद 17,70181 यूनिट्स वाहनों की बिक्री हुई। इसमें यात्री वाहन, तिपहिया वाहन, दो पहिया वाहन शामिल हैं। ईयर ऑन ईयर बेसिस पर आंकड़ों के मुताबिक जुलाई 2022 के दौरान देशभर में कुल 16,09217 यूनिट्स की बिक्री हुई थी।

किस सेगमेंट में कितनी हुई बिक्री फाडा की रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई 2023 के दौरान यात्री वाहन सेगमेंट में 2,84,064 यूनिट्स की बिक्री हुई। जबकि जुलाई 2022 के दौरान यह संख्या 2,73,055 थी। दो पहिया वाहन सेगमेंट में अगस्त 2023 के दौरान मोटरसाइकिल, स्कूटर और मोपेड की कुल बिक्री 12,28,139 यूनिट्स की रही। वहीं तिपहिया वाहनों की बिक्री का कुल योगदान 94,148 यूनिट्स का रहा। जुलाई में 90765 यूनिट्स ट्रैक्टर और 73065 यूनिट्स कमर्शियल वाहनों की बिक्री हुई।

**कितनी हुई बढ़ोतरी**- फाडा की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक जुलाई 2023



के दौरान यात्री वाहन सेगमेंट में करीब चार फीसदी की ग्रोथ रही। दो पहिया वाहनों की बिक्री में करीब आठ फीसदी से ज्यादा की बढ़त पिछले साल के मुकाबले देखने को मिली और तिपहिया वाहनों की बिक्री जुलाई महीने में करीब 74 फीसदी से ज्यादा रही। देश भर में जुलाई 2023 में साल 2022 के मुकाबले 10 फीसदी से ज्यादा बिक्री हुई और कमर्शियल वाहनों के सेगमेंट में करीब दो फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82. 74 |
| एक यूरो | 90. 99 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 105. 70 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 43 |
| एक जापानी येन | 00. 58 |

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338
प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एक्स्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।
चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60600 चांदी टंच- 73050
चांदी रिफाइन -74400

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60600 चांदी टंच- 73050
चांदी रिफाइन -74400

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 94 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 96 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-100 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 58 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा


रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# सावन की झड़ी पर अभी 15 अगस्त तक रहेगा ब्रेक

## बारिश का आंकड़ा करीब 38 इंच पर थमा, नर्मदा के घाटों पर जलस्तर घटा



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर और आस-पास अब सावन की झड़ी वाली की संभावना कम हो गई है। इससे फिलहाल लोगों को राहत है। अब तक बारिश का आंकड़ा लगभग 38 इंच दर्ज की गई है। यह शहर वासियों के लिये अच्छी खबर हो सकती है। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि जबलपुर में औसतन बारिश 50 से 55 इंच दर्ज की जाती है।

सावन के मौसम में पिछले दिनों पांच दिनों से ज्यादा समय तक बारिश की झड़ी लगी थी। इससे सभी जगह पानी-पानी हो गया था। निचाई वाले स्थानों पर जल भराव हो गया था। कई कालोनियों में आठ से दस फीट तक पानी बढ़ गया था। घरों में लीकेज शुरू हो गये थे। कपड़े नही सूख रहे थे। धूप गायब हो गई थी। आसमान में बादल छाने से इस तरह की स्थिति बन गई थी। अब फिर से मौसम का मिजाज बदला है।

सोमवार को दिन भर केवल बादल छाये रहे, लेकिन बारिश की झड़ी नही लगी। मौसम विभाग के अनुसार 15 अगस्त के बाद पुन: मानसून के बादल अपना प्रभाव दिखाने लगेंगे और शहर में झमाझम बारिश हो सकती है। वैसे भी बारिश पर ब्रेक लग जाने से किसानों को भी राहत मिलेगी, उन्हें खेती से संबंधी काम करने में सहायता मिलेगी। इधर बरगी बांध में भी पानी कम हो रहा है, इसका सीधी असर नर्मदा नदी में देखा जा सकता है। यहां पर घाट से पानी उतरने लगा है।

गेट बंद हो गये हैं। मंडला और डिंडौरी में भी बारिश थम गई है, इससे नर्मदा की सहायक नदियों और नर्मदा में पानी की आवक घट गई है। हालाकि बरगी बांध प्रशासन अब भी लगातार स्थिति पर नजर जमाकर रखे हुए हैं। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटे में जिले में कहीं-कहीं पर गरज-चमक के साथ वज्रपात की संभावना जताई है। 7 अगस्त को अधिकतम तापमान 29.6 और न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अभी 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से हवाएं चल रही हैं।

# अधिवक्ता कल्याणकारी योजनाओं के लिये 9 करोड़ की राशि मंजूर

## भोपाल में हुई न्यासी समिति की बैठक में निर्णय

**जबलपुर, देशबन्धु।** भोपाल में आयोजित हुई न्यासी समिति की बैठक में अधिवक्ताओं की कल्याण कारी योजनाओं के लिये 9 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

उक्त बैठक विधि मंत्री नरोत्तम मिश्रा की अध्यक्षता में सपन्न हुई थी। जिसमें एसबीसी की ओर से अन्य बिंदुओं पर ध्यान आकर्षिक कराया। जिसमें नवागत अधिवक्ताओं की राशि 12 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये किये जाने पर बल दिया गया।

मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिवक्ताओं के कल्याण कारी योजनाओं के लिये 9 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है।

सर्वप्रथम शासन द्वारा मृतक अधिवक्ताओं के परिजनों को मृत्यु दावा राशि का भुगतान किया जाना है, ताकि मृतक अधिवक्ताओं के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि तत्काल प्राप्त हो सके।

उसके उपरांत शासन द्वारा अन्य कल्याणकारी योजनाओं की राशि भी परिषद खाते में स्थानातंरित करने मंजूरी दे दी गई है। मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण स्कीम 2012 के अंतगर्त बैठक में निम्नामंकित बिन्दुओं पर भी ध्यान आकर्षित करवाया गया है। जिसके तहत नवनामांकित अधिवक्ताओं को दिये जाने वाली अनुदान राशि 12 हजार की राशि से बढ़ाकर 25 हजार रुपये एवं मृत्युदावा राशि शासन द्वारा देय 1 लाख से बढ़ाकर 2 लाख 50 हजार किये जाने पर बल दिया गया है। इसके साथ ही अधिवक्ता कल्याण निधि टिकट को ऑन लाईन विक्रय किये जाने हेतु प्रस्ताव रखा गया है। जिस पर समिति द्वारा उपरोक्त बिन्दुओं पर नियम में आवश्यक संशोधन किये जाने के संबंध में सहमति प्रदान की गई है ।

मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद की मांग पर अधिवक्ताओं के 467 मृत्युदावा प्रकरणों की राशि स्वीकृत 4 करोड़ 67 लाख स्वीकृत की गई तथा साथ ही एक करोड़ की राशि आर्थिक चिकित्सा सहायता हेतु एवं प्रदेश के समस्त मान्यता प्राप्त जिला एवं तहसील अधिवक्ता संघों में लाईब्रेरी हेतु राशि 62 लाख 50 हजार दिये जाने की सहमति प्रदाय की गई है। बीसीआई की 15 वीं परीक्षा के उत्तीर्ण 1118 नव नामांकित अधिवक्ताओं की राशि 1 करोड़ 34 लाख 18 हजार स्वीकृत की गई है। उक्त बैठक में विधि मंत्री नरोत्तम मिश्रा, बी के द्विवेदी प्रमुख सचिव विधि विभाग, सतीश चन्द्र शर्मा, सचिव विधि, विकास भटेले अतिरिक्त सचिव विधि, ओपी गुप्ता उप सचिव वित्त विभाग, अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद प्रेम सिंह भदौरिया एवं कार्यकारी सचिव गीता शुक्ला भी बैठक में उपस्थित रही ।

# ट्रांसफॉर्मर जलने के सात दिन बाद भी अंधेरे में गांव, ग्रामीण परेशान

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल के दियापीपर गांव की अनोखी तस्वीर सामने आई है। जहां बिजली गुल है। ट्रांसफॉर्मर जलने के कारण सात दिन से गांव अंधेरे में है। और अभी तक गांव में बिजली नहीं आयी है। जिसके बाद ग्रामीणों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार शहडोल के एक नजदीकी गांव दियापीपर में ट्रांसफार्मर जले सात दिन हो चुके हैं। लेकिन विद्युत विभाग ने अभी तक इसकी सुध नहीं ली। जिससे सात दिन बीत जाने के बाद भी गांव में बिजली नहीं आयी है। इसके चलते ग्रामवासियों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

संभागीय मुख्यालय से महज बारह किलोमीटर दूर स्थित दियापीपर गांव की अनोखी तस्वीर सामने आई है। जिसने विकास पर्व के दावों को खोखला कर दिया है। इस गांव के कई घरों मे पिछले एक सप्ताह से अंधकार छाया हुआ है। सम्बंधित विद्युत मण्डल कार्यालय गोहपारु में शिकायत करने के बाद भी इस समस्या को लेकर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे ग्रामवासी अंधेरे में जीने को मजबूर हैं।

लोगों ने बताया कि पिछली 31 जुलाई को अचानक बिजली गुल हो गई थी। तब लगा कि शायद कुछ देर बाद बिजली आ जाएगी। लेकिन रात भर अंधकार छाया रहा। अगली सुबह पता चला कि ट्रांसफॉर्मर जल गया है। इसको लेकर लोगों द्वारा इसकी जानकारी गोहपारू स्थित विद्युत मण्डल कार्यालय को दी गई। तब ग्रामवासियों को लगा कि शीघ्र ही बिजली आ जाएगी, लेकिन गांव में अंधकार छाया रहा।

कई दिन बीत जाने के बाद भी जब लाइट नहीं आई, तो ग्रामवासियों ने विरोध शुरू किया तो जिसके चलते एक कम वॉट का छोटा ट्रांसफॉर्मर बीते 5 अगस्त को लगाया गया। लेकिन वो लोड नहीं सह पाया और मात्र 15 मिनट बाद ही खराब हो गया।

इस तरह पिछले एक सप्ताह से दियापीपर गांव के कई घरों मे अंधकार छाया हुआ है। इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। इस अंधकार के कारण जहां एक ओर बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है, वहीं दूसरी ओर लगातार बारिश के कारण अन्धकार मे सांप समेत अन्य जहरीले जीवों का भी खतरा बना हुआ है।

# मवेशी चराने गए वृद्ध पर बाघ ने किया हमला, जान बचाने डंडे से किया मुकाबला



**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल जिले के ग्राम बडखेरा के जंगल में बुजुर्ग पर बाघ ने हमला कर दिया है। बाघ से बचने के लिए वृद्ध ने डंडे से मुकाबला किया और बाघ को भगा दिया।

जानकारी के अनुसार शहडोल के जंगल में मवेशी चराने गए वृद्ध पर बाघ ने हमला कर दिया। वृद्ध ने अपनी जान बचाने के लिए मवेशियों को भगाने के लिए रखे डंडे से बाघ पर खुद हमला कर दिया और अपनी जान बचा ली। इस घटना में वृद्ध को चोट पहुंची है। बाघ के हमले की वजह से वह घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि घटना शहडोल जिले के ग्राम बडखेरा के जंगल की है। यहां खेतौली निवासी काशी राम बैगा (58) मवेशी लेकर बरखेड़ा के जंगल गया था। झाड़ियों से निकलकर बाघ ने पीछे से हमला कर दिया। इस दौरान काशीराम ने शोर मचाते हुए अपने बचाव में बाघ पर डंडे से हमला किया। इसके बाद बाघ छोड़कर भाग गया। बाघ के हमले से चरवाहे की जान तो बच गई, लेकिन गंभीर चोटें आने की वजह से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस मामले में वन विभाग के वनपाल नितिन खटीक ने बताया कि बडखेरा में चार दिनों पहले बाघ ने एक भैंस का शिकार किया था। उसके बाद गांव में मुनादी कराई गई थी। ग्रामीणों को मवेशी लेकर जंगल में नहीं जाने की सलाह दी थी।

# उत्तर प्रदेश का कुख्यात गैंगस्टर उमरिया के मानपुर में गिरफ्तार



**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में उत्तर प्रदेश के गैंगस्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी उमरिया के मानपुर में छुपा हुआ था।

उमरिया में मानपुर विधानसभा मुख्यालय जैसा शांत क्षेत्र कहीं नहीं है जिसका फायदा उठाते हुए बाहरी लोग मानपुर क्षेत्र को अपना नया और सुरक्षित ठिकाना बनाते हुए चंद पट्टे की भूमि खरीद कर उससे लगे आसपास की शासकीय भूमि को अवैध रूप से हथिया कर अपना ठिकाना बना रहे हैं।

इतना ही नहीं, उनके इस अवैध और अनैतिक कृत्यों में कुछ स्थानीय लोगों ने भी जमकर साथ दिया। नतीजन मानपुर क्षेत्र के किसी भी कोने में देखा जाए तो कोई न कोई बाहरी व्यक्ति शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर घर निर्माण कर निवासरत मिल ही जाएगा। ऐसा ही एक उदाहरण हाल ही घटित हो गया। मानपुर के खुटार मोहल्ला में यूपी से आए एक पूंजीपति ने अपने आप को यूपी का मंत्री बताकर जमीन खरीदा और फिर अगल-बगल पड़ी शासकीय भूमि को मूल निवासियों से अपने पैसों के दाम पर जबरदस्ती स्थानीय लोगों की मदद से छीन लिया। चारो तरफ ऊंची-ऊंची बाउंड्री बनवाकर इस शांत प्रिय वातावरण वाले क्षेत्र को अपना पनाहगार बना लिए। इसी दरमियान वह कथित यूपी का मंत्री बीच-बीच में उत्तर प्रदेश जाता रहा और कोई न कोई घोटाला कर वहां से फरार होकर मानपुर स्थित फार्म हाउस में छुप जाता।

देखते ही देखते कई लोगों से नौकरी दिलवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी कर गया। बाद में जब पता चला तो संबंधित व्यक्ति उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर का गैंगस्टर निकला, जिसकी तलाश यूपी पुलिस द्वारा सरगर्मी से की जा रही थी। जिसका पीछा करते हुए उत्तर प्रदेश की पुलिस मध्यप्रदेश के उमरिया जिला स्थित मानपुर आ पहुंची और सोमवार सुबह गैंगस्टर व कथित मंत्री नामक पूंजीपति को उसके ही फार्म हाउस में धर दबोचा है।

# घुघरा फॉल में डूबे दो भाइयों का कई घंटे बीतने के बाद भी नहीं मिला शव

**कटनी, देशबन्धु।** कटनी जिले के बिलहरी चौकी अंतर्गत घुघरा वॉटरफॉल में डूबे दो भाइयों के शव का 24 घंटे से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी कोई सुराग हाथ नहीं लगा पाया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने बताया कि बारिश आते ही ग्रामीणों को उफनाते हुए नदी नाले से दूर रहने की समझाइश दी गई थी। बावजूद कुछ लोग जाते है उन्हीं में से दो युवक घुघरा वाटरफॉल में नहाने गए थे, जिनकी डूबने से मौत हो गई। बिलहरी पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम शनिवार शाम से सर्चिंग ऑपरेशन चला रही है, लेकिन दोनों ही शव का अब तक पता नहीं चल सका है।

बता दें, बड़ागांव निवासी सुदामा यादव और अनिल यादव रिश्ते में भाई थे, जो नहाने के लिए घुघरा डैम गए थे तभी पानी के तेज होने के कारण वो डूब गए। जानकारों की माने तो नदी में बारिश का पानी आने के कारण बहाव तेज था, सर्चिंग टीम आशंका जताते हुए नदी के किनारे-किनारे कई किमी दूर तक जाकर कांटे के माध्यम से शव को ढूंढने की कोशिश कर रही है। एसडीईआरएफ के अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया की शनिवार शाम 4 बजे दो लोगों के डूबने की जानकारी के बाद टीम गई लेकिन रात होते ही टीम लौट आई।

# शहडोल में दो पक्षों में जमीन विवाद सुलझाने गये पुलिसकर्मी को पीटा




**शहडोल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के शहडोल में पुलिसकर्मी से मारपीट का मामला सामने आया है। जमीन विवाद की सूचना पर मिलने पर पुलिसकर्मी पहुंचा था। घटना के बाद आरक्षक ने मामले की खबर चौकी केशवाही को दी। चौकी प्रभारी अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरक्षक को बचाया। जानकारी के अनुसार घटना जिले के केशवाही चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरगंवा में घटित हुई।

बताया गया कि बीते रात्रि ग्राम बरगंवा में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद हो गया था। इसकी सूचना केशवाही डायल 100 को दी गई। लेकिन वहां का वाहन खराब होने के कारण घटना का पॉइंट फिर धनपुरी थाना के डायल 100 तक पहुंचा। जिसके बाद धनपुरी थाना से डायल 100 वाहन घटना स्थल पर पहुंचा। उस समय उसमें आरक्षक अंकित तिवारी ड्यूटी पर था। उसने देखा कि खेत में जुताई को लेकर दोनों पक्ष आपस मे झगड़ा कर रहे हैं। इसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी ने दोनों पक्षों को समझाइश देते हुए ट्रैक्टर की चाबी लेकर ट्रेक्टर चौकी ले जाने की बात कही और सुबह थाने में मामले में सुलह करने के लिए समझाश दी।

इसी बीच नत्थू प्रजापति एवं उसका पुत्र ट्रैक्टर कि चाबी देने को तैयार नहीं हुए। जिसके बाद नत्थू और उसके पुत्र तथा पत्नी ने आरक्षक अंकित तिवारी के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरक्षक ने मामले की खबर चौकी केशवाही को दी। सूचना लगते ही चौकी प्रभारी अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरक्षक को आरोपियों से बचाया। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस ने नत्थू प्रजापति, प्रेम प्रकाश प्रजापति, सविता प्रजापति पर शासकीय कार्य में बाधा डालने और गाली-गलौज सहित अन्य धाराओं पर मामला दर्ज किया है।

# रहवासी क्षेत्र में कोल शेडिंग सेंटर को चुनौती

## अनावेदकों से मांगा जवाब



**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने शहडोल जिले के अमलाई रहवासी क्षेत्र में कोल शेडिंग सेंटर संचालन को चुनौती देने वाले मामले को संजीदगी से लिया। मुख्य न्यायधीश रवि विजय कुमार मलिमठ व न्यायधीश विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने मामले में अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 19 सितंबर को नियत की है।

याचिकाकर्ता सुमन लाल राय की ओर से अधिवक्ता रामनारायण तिवारी ने पक्ष रखा। जिन्होनें दलील दी कि रेलवे द्वारा कोल की रैंक लोडिंग व अनलोडिंग के लिए अमलाई में कोल शेडिंग सेंटर बनाया गया है। कोल शेडिंग सेंटर रेलवे की जमीन पर तो बना है, लेकिन उसके आसपास का पूरा क्षेत्र रहवासी है। कोल की लोडिंग व अनलोडिंग के कारण क्षेत्र का पर्यावरण दूषित हो रहा है और रहवासी क्षेत्र में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है।

याचिका में मांग की गयी है रहवासी क्षेत्र से लगे हुए कोल शेडिंग सेंटर को तत्काल बंद किया जाये। याचिका में राज्य सरकार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दक्षिण-पूर्व सेंटर रेलवे सहित अन्य को अनावेदक बनाया गया है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

# वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में 40 प्रतिशत यात्री ही सफर कर रहे

**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे के भोपाल मंडल द्वारा दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को संचालित किया जा रहा है। एक ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन से जबलपुर एवं एक भोपाल से इंदौर की ओर संचालित हो रही है। यह ट्रेनों में केवल 50 से 55 प्रतिशत ही सीटें भरी रहती है।

कुछ दिनों से तो मात्र 35 प्रतिशत यात्री ही इन ट्रेनों को मिल पा रहे हैं। रेलवे सूत्रों की माने तो इन ट्रेनों को चलाने से विभाग को घाटा ही लग रहा है।

यह बात ट्रेन में सफर कर रहे यात्री भी कहते नजर आ रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि यह स्थिति अधिक किराये के कारण निर्मित हुई है। रेलवे द्वारा किराये को कम कराए जाने के लिए सर्वे भी कराया था। जबलपुर व भोपाल मंडल ने सर्वे किया था इस सर्वे के बावजूद भी किराए में कम होने का किसी भी प्रकार का आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। रेलवे बोर्ड दिल्ली ने ही किराये में 25 से 30 प्रतिशत कम किये जाने की बात कही थी।

**27 जून को शुरु हुई थी दोनों ट्रेने**- कमलापति से जबलपुर और इंदौर के लिए 27 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस ट्रेन के पूर्व एक वंदे भारत हजरतनिजामउददीन के लिए अप्रैल में रवाना की गई थी।

**रेलवे बोर्ड का कथन** - चेयर कार श्रेणी की जिन ट्रेनों में एक माह कुल बर्थ संख्या 50 प्रतिशत तक या उससे कम यात्री सफर करते हैं उनका किराया 25 प्रतिशत तक कम किया जाएगा। दोनों वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में यह स्थिति बनी हुई है।

**दोनों ट्रेनों का विस्तार भी अटका**- उल्लेखित ट्रेने एक से दूसरे शहर में पहुंचने के बाद इनका रैक पूरे दिन खड़ा रहता है, इन ट्रेनों के विस्तार का मामला भी अटका हुआ है। अभी तक इनको विस्तार किये जाने पर केवल पत्राचार ही हो रहा है ।

**बोर्ड में अटकी किराया कम करने का फाइल** - पमरे के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक किराया कम किये जाने से संबंधित प्रकरण बनाकर मुख्यालय दिल्ली भेजे गए हैं परंतु इस संबंध में आज तक किसी भी प्रकार का कोई निर्णय नहीं हुआ है।

यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि किसी भी यात्री ट्रेन को संचालित किए जाने के पूर्व वाणिज्य शाखा के अधिकारियों की सहमति लिया जाना चाहिये परंतु इन ट्रेनों को पटरी पर दौड़ाने के लिए किसी से भी नहीं ली गई और न ही कोई सर्वे कराया गया। इस कारण ही यह स्थिति निर्मित हुई है।


**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 90

मीडियम ब्रॉयलर - रु. 92

छोटा ब्रॉयलर - रु. 96

मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 100

मुर्गा मीडियम - रु. 96

मुर्गा बड़ा - रु. 94


मुर्गा जम्बो - रु. 94

मो.-9039925000, 9425800409

**आसान किस्तों में उपलब्ध** **मिश्रा इन्टरप्राइजेज**

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।



एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड
पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

